गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

अजय

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, बुधवार 4 नवम्बर 2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

दीपावली पर 1.89 करोड़ परिवारों को मिली उज्ज्वला की सौगात

रसोई कनेक्शन के लिए कांग्रेस के राजमें देनी पड़ती थी रिश्वत-योगी

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में तेजी से विकास हुआ। विश्व बैंक की हाल की एक रिपोर्ट बताती है कि देश के 155 करोड़ में से 40 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। आज उत्तर प्रदेश में उज्ज्वला योजना के तहत 1500 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है कि दीपावली का पर्व खुशी से मनाएं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने भारत की संस्कृति और पर्वों का विशेष से उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी तब गैस कनेक्शन के लिए रिश्वत देनी पडती थी। इतना ही नहीं, टू जी घोटाला, कोयला घोटाला, कामनवेल्थ गेम्स समेत न जाने कितने घोटालों की खबरें आए दिन आती थीं लेकिन जब 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं। इन्हीं में वर्ष 2016 में उज्जला योजना शुरू की। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक होकर बोले थे कि मां- बेटियां लकड़ी से खाना बनाने से कई प्रकार की बीमारियों से परेशान हैं, लेकिन निःशुल्क सिलेंडर कनेक्शन मिलने से उन्हें स्वस्थ रहने व जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने इस योजना में निशुल्क गैस कनेक्शन दिए हैं । एक सिलेंडर की रिफलिंग के लिए 938 रुपये 45 पैसे देने होते हैं और इसमें केंद्र सरकार 333 रुपये सब्सिडी देती है।



विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, सीधे सीएम पद की लेंगे शपथ-अखिलेश

वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को वाराणसी से 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह खुद विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि सीधे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बोले, हम तब मुख्यमंत्री बनते हैं, जब चुनाव नहीं लड़ते। पिछली बार सांसद रहते मुख्यमंत्री बना था, इस बार भी वहीं से आकर शपथ लूंगा। सीर गोवर्धन में सपा के दिवंगत जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव के परिजनों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला। सरकार बनने पर काशी में मेट्रो चलाने का काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रही है और चुनाव में गड़बड़ी के जरिए सत्ता हासिल करना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खिलाफ है। पार्टी का रुख चुनावी जीत-हार पर निर्भर नहीं करता। सपा सभी सीटें जीत भी जाए, तब भी ईवीएम के खिलाफ रहेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता के मताधिकार की सुरक्षा बेहद जरूरी है।अखिलेश ने दालमंडी के उजाड़े गए व्यापारियों और मणिकर्णिका घाट की विरासत का मुद्दा उठाते हुए इसे विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दा बताया। दावा किया कि भाजपा 2027 में अपने 200 विधायकों के टिकट काटने जा रही है। उन्होंने योगी सरकार पर प्रशासन के जरिए सपा प्रत्याशी को हराने की कोशिश का आरोप भी लगाया। प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि मां गंगा ने जिसे बुलाया था, उन्होंने ही मां गंगा को भुला दिया। बोले, भाजपा जाएगी तो बनारस मुस्कुराएगा।



पूर्व मुख्यमंत्रीने कहा-भाजपा को एमएलसी चुनाव में मिली डबल हार , काशी को देंगे मेट्रो की सौगात

खुली बहस को लेकर राहुल ने फिर मोदी को घेरा

नयी दिल्ली (आससे)। राहुल गांधी ने मंगलवार को एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को बहस का चैलेंज दिया है। करीब 1.50 मिनट के वीडियो में राहुल कह रहे हैं-24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पे आप जगह चुनिए, डिबेट कीजिए मेरे साथ। देशद्रोही कौन है? विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है? और किस प्रकार का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत। दोनों मिलेंगे, मीडिया होगी, देश के युवा होंगे, टेबल होगी, एक साइड आप बैठोगे, एक साइड मैं बैठूंगा। जिसको आप जज बनाना चाहते हो, बना दो। मोहन भागवत जी को बिठा दो, चलो। और फिर डिबेट करते हैं। सवाल उठेंगे फाइनेंशियल सिस्टम पर, फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर, रफाल डील कैसे हुई, क्यों हुई, इतनी जल्दी क्यों हुई, सिर्फ आपने क्यों की, कैबिनेट को क्यों नहीं बताया, अडानी का केस बंद क्यों हुआ, एपस्टीन-ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिसपे खुलकर डिस्कशन होगा। आ जाइए, डरिए मत। दूध का दूध, पानी का पानी कीजिए। आप एलिगेशन लगाते हैं ना मेरे ऊपर, आ जाइए, सब साफ हो जाएगा। वीडियो में राहुल कह रहे हैं- बाकी चीजों पे आपने डिफेमेशन केस लगा रखा है, शायद 45 डिफेमेशन केस मेरे ऊपर हैं। मगर इस डिबेट मामले पर, फॉरेन कनेक्शन पर आप डिफमेशन नहीं लगा रहे हो। लगाइए ना, वहां भी डिस्कस करेंगे, खुल के। ये सब डिस्कस करते हैं, आइए। हैप्पी दिवाली, मोदी जी। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया ङ्क पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा कि नरेंद्र मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और उन्हीं की मदद से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। वहीं, भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। इसी कड़ी में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कोलकाता में रैली की। यहां उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें देश में अस्थिरता लाना चाहती हैं। इसके लिए राहुल गांधी का इस्तेमाल किया जा रहा है।



जगह और जज आप चुनिये, हो जायेगा दूध का दूध, पानीका पानी

विरोध स्थल पर कब्जा नहीं कर सकते : सीजेआई

नयी दिल्ली। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों पर पुलिस की कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. याचिकाओं में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या संगठन किसी विरोध स्थल पर स्थायी रूप से कब्जा नहीं कर सकता. चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि किसानों, पत्रकारों समेत हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन इसके लिए समय सीमा तय होनी चाहिए. एक समूह सिर्फ इसलिए किसी सार्वजनिक जगह पर दूसरों की आवाजाही नहीं रोक सकता, क्योंकि वहां उसका प्रदर्शन चल रहा है। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान ने यह टिप्पणी की. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि जंतर-मंतर एक सार्वजनिक सड़क है, प्रदर्शन स्थल नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की अनुमति सिर्फ एक दिन के लिए दी गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी 17 दिनों तक वहां जमे रहे. उन्होंने यह भी कहा कि प्रदर्शनकारियों ने संसद की तरफ मार्च किया था. बिना अनुमति किसी को संसद या सुप्रीम कोर्ट के पास जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि प्रदर्शन की अनुमति देने या खारिज करने वाले आदेश में इसकी वजह साफ बताई जानी चाहिए. वहीं, वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट से अगले दो महीने तक धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाने की अपील की. उन्होंने कहा, हमारे लोग खून बहा रहे हैं. इस पर वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि करीब 7,000 लोगों को हिरासत में लिया गया था. उन्होंने सवाल किया, क्या लोकतंत्र के तौर पर हमारा खून नहीं बह रहा है? तुषार मेहता ने जवाब दिया कि लोगों को हिरासत में नहीं लिया गया, बल्कि प्रदर्शन स्थल से हटाया गया था. सुनवाई के दौरान वकील प्रशांत भूषण ने प्रदर्शन स्थलों पर हो रही निगरानी और इसके कानूनी आधार की जानकारी मांगी. इस पर तुषार मेहता ने सवाल किया कि सार्वजनिक जगह पर किसी व्यक्ति को निजता का अधिकार कैसे हो सकता है। जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि सार्वजनिक जगह पर किसी का चेहरा कैमरे में रिकॉर्ड हो जाना अपने आप में निजता का उल्लंघन नहीं है. उन्होंने सवाल किया कि सार्वजनिक जगह पर खड़े व्यक्ति को निजता की कितनी उम्मीद हो सकती है. तुषार मेहता ने कहा कि राज्य का वैध हित निजता के अधिकार का अपवाद है। सुनवाई में दिल्ली के व्यापारिक संगठनों की तरफ से मुकुल रोहतगी ने कहा कि जंतर-मंतर और रामलीला मैदान जैसे स्थल करीब 80 साल से दिल्ली के प्रदर्शन स्थलों का हिस्सा रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि प्रभावित इलाकों में करीब 50 लाख लोग रहते हैं और प्रदर्शन के कारण कनॉट प्लेस की दुकानें बंद हैं. इससे त्योहारों के समय कारोबार प्रभावित हो रहा है. उन्होंने प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए अलग व्यवस्था बनाने की मांग की। सीजेआई ने कहा कि प्रदर्शन आयोजित करने वाले सभी संगठनों को मामले में पक्षकार बनाया जाए, ताकि कोर्ट उनका पक्ष भी सुन सके । यह सुनवाई दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान सामूहिक हिरासत, पुलिस की कथित ज्यादती, मेट्रो स्टेशन बंद करने और इंटरनेट बंद करने जैसे आरोपों से जुड़ी याचिकाओं पर हो रही है।



जंतर-मंतर पर सुनवायी के दौरान बोले सूर्यकांत

राहुल सत्ता के लिए देश जलाने को तैयार : भाटिया

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी ऐसे नेता बन गए हैं, जो लोकतंत्र का गला घोंटकर अराजकता लाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी की राजनीति हिंसक विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा देने वाली है। भाटिया ने कहा कि भारत और भारतीय अराजकता तथा हिंसक प्रदर्शनों को पसंद नहीं करते। देश के लोगों का संविधान में विश्वास है और वे अराजकता को कुचल देते हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं ने राहुल गांधी की राजनीति को देखा है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी सोमवार को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ मार्च में हिस्सा लिया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मार्च निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भाटिया ने कहा कि इन मार्चों का उद्देश्य देश में लोकतंत्र और सांविधानिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करना है। उन्होंने कहा कि हिंसक प्रदर्शन भारतीयों की प्रकृति और उनके मूल्यों का हिस्सा नहीं हैं। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए एक लोकप्रिय वेब सीरीज के किरदार का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस किरदार की तरह राहुल गांधी भी सत्ता के प्रति जुनूनी हैं। भाटिया ने सीरीज के किरदार के संवाद का हवाला देते हुए कहा कि वह सत्ता पाने के लिए पूरा देश जलाने तक को तैयार है और राख का राजा बनकर भी शासन करना चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज नेता प्रतिपक्ष की सोच भी ऐसी ही है। भाटिया ने कहा कि उन्हें राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष कहने में भी शर्म आती है।

बोले- हिंसक प्रदर्शन भारतीयों के स्वभाव में नहीं

आजम खां के बाद अब परिजन पर कसेगा ईडी का शिकंजा

आगरा। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में सपा नेता आजम खां की गिरफ्तारी के बाद अब ईडी जौहर ट्रस्ट से जुड़े अन्य सदस्यों की कुंडली खंगालने में लगी है। ट्रस्ट में सपा नेता आजम खां की पत्नी, दोनों बेटे और बहन भी शामिल हैं। ऐसे में ईडी की कार्रवाई आगे बढ़ने पर आजम परिवार की मुसीबत और बढ़ सकती है। ईडी की ओर से 13 अक्तूबर को अजीम नगर थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में जौहर ट्रस्ट को शामिल किया गया है जिसके माध्यम से यूनिवर्सिटी का निर्माण कराया गया है। निजी विश्वविद्यालय में सरकारी धन का उपयोग हो या फर्जी फर्मों से चंदा लेने की बात, सब कुछ इसी ट्रस्ट के जरिये किया गया है।



नया हमला हुआ तो पहले से घातक होगा जवाब

नयी दिल्ली। ईरान ने केशम आईलैंड पर हमले के बाद अमेरिका को नये हमले के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है। ईरानी सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अकरमिनिया ने कहा है कि अगर अमेरिका ने फिर हमला किया तो ईरान पहले से ज्यादा ताकतवर और घातक जवाब देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगली जंग सिर्फ पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि क्षेत्र के बाहर भी फैल सकती है. अकरमिनिया के मुताबिक, ईरान की सेना अपनी टारगेट लिस्ट अपडेट कर रही है। उन्होंने कहा कि ईरान की पहुंच में आने वाले किसी भी इलाके में मौजूद अमेरिकी ठिकानों, सैन्य उपकरणों, सैनिकों और हितों को निशाना बनाया जा सकता है। अमेरिका पर इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में सरकार विरोधी और अलगाववादी गुटों को हथियार देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका इन गुटों के जरिए ईरान के खिलाफ जमीनी मोर्चा खोलना चाहता था। ईरानी सेना की तैनाती और पहले से किए गए सैन्य अभियानों की वजह से यह योजना नाकाम हो गई। वहीं, एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच किसी समझौते की संभावना अभी दूर है। तेहरान अमेरिका की अनुचित मांगों को स्वीकार नहीं करेगा।

ईरान की अमेरिका को चेतावनी

पुणे को मिली मेट्रो की नयी सौगात

पीएम मोदी बोले- पुरानी सरकार रहती तो कई दशक और करना पड़ता इंतजार

पुणे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुणे मेट्रो की बहुप्रतीक्षित लाइन-3 का उद्घाटन किया। मान-हिंजवडी से शिवाजीनगर तक जाने वाली इस मेट्रो लाइन से पुणे के आईटी हब, प्रमुख व्यावसायिक और प्रशासनिक इलाकों के बीच आवाजाही आसान होने की उम्मीद है। हालांकि, यात्रियों के लिए मेट्रो सेवाएं चार नवंबर को सुबह छह बजे से शुरू होंगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कई बड़ी बातें कहीं। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में जब देश ने एनडीए को सेवा का मौका दिया, तो हम एक संकल्प लेकर चले। यह संकल्प था, शहर में रहने वाले मिडिल क्लास की ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ ट्रांसपोर्टेशन। और इसका नतीजा आज हम देख रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज, किसी शहर को दो मुख्य पैमानों पर परखा जाता है, पहला वह शहर कितना प्रतिस्पर्धी है? दूसरा, उसका ईज ऑफ़ लिविंग इंडेक्स (जीवन सुगमता सूचकांक) कितना ऊंचा है? मेट्रो परियोजनाएं इन दोनों पैमानों में योगदान देती हैं, जिससे शहर अधिक कार्यकुशल, सुलभ और रहने के लिए बेहतर बनता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज का दिन प्रो पीपल, प्रो एक्टिव गुड गवर्नेंस का भी उदाहरण है। हमारे देश में पहली मेट्रो 1984 में चली थी। उसके बाद के 30 साल में सिर्फ 248 किमी मेट्रो लाइन बनी। 2014 तक देश में सिर्फ पांच शहरों में मेट्रो चल रही थी। अगर वही पुरानी सोच चलती, पुरानी सरकार रहती, पुरानी कार्य संस्कृति रहती, तो पुणे में मेट्रो पहुंचने में कई और दशक लग जाते। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे शहर केवल रहने की जगह नहीं हैं। ये देश की आर्थिक गतिविधि के बड़े केंद्र भी हैं। हमें देश के सैकड़ों छोटे शहरों को ग्रोथ हब भी बनाना है। इसी विजन के साथ इस साल फरवरी में अर्बन चैलेंज फंड की स्वीकृति दी गई थी। इस फंड के लिए एक लाख करोड़ रुपये की मदद केंद्र सरकार दे रही है। इससे आने वाले वर्षों में देश के शहरों में लाखों करोड़ रुपये का निवेश जुटने का लक्ष्य है। मैं स्थानीय निकायों और प्राइवेट सेक्टर के साथियों से आगे आने का आग्रह करता हूं। हम सभी को मिशन मोड पर जुटना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पुणे शहर हमेशा से ऐसे विचारों का केंद्र रहा है, जिनसे राष्ट्र और समाज को नई दिशा मिली है। आज पुणे विकसित भारत की नई ऊर्जा को भी दिशा दे रहा है। आईटी, ऑटोमोबाइल, फार्मा, स्टार्टअप... इनोवेशन से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक, पुणे देश के युवाओं के लिए सपनों और संकल्प का स्थान है। ऐसे में यहां की मजबूत होती मेट्रो कनेक्टिविटी यहां के विकास को नई गति देने जा रही है।



क्षेत्रीय हथियार नियंत्रण प्रस्ताव के खिलाफ भारत-इस्त्राइल का मतदान

न्यूयॉर्क । संयुक्त राष्ट्र में क्षेत्रीय स्तर पर पारंपरिक हथियारों पर नियंत्रण से जुड़े पाकिस्तान और बेलारूस के प्रस्ताव के खिलाफ भारत और इस्त्राइल ने मतदान किया है। भारत ने कहा कि किसी भी देश की सुरक्षा संबंधी चिंताएं केवल उसकी क्षेत्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं होती हैं। क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय स्तर पर पारंपरिक हथियारों पर नियंत्रण शीर्षक वाले इस प्रस्ताव को सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम समिति में मंजूरी मिली। इसके पक्ष में 180 देशों ने मतदान किया, जबकि भारत और इस्त्राइल ने इसके विरोध में वोट दिया। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र में भारत और इस्त्राइल ही ऐसे देश थे, जिन्होंने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव अनमोल शेर बेदी ने भारत के मतदान की वजह बताते हुए कहा कि पारंपरिक हथियारों पर नियंत्रण एक वैश्विक मुद्दा है।

भूटान के राजा ने पीएम मोदी को समर्पित किया बौद्ध स्तूप

नयी दिल्ली। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पवित्र बौद्ध स्तूप समर्पित किया है. यह स्तूप भारत और भूटान के बीच दोस्ती और संबंधों को मजबूत करने में मोदी के योगदान के सम्मान में समर्पित किया गया है. केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे भारत के लिए बड़े सम्मान की बात बताया। दरअसल, यह समारोह भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में आयोजित किया गया था। इस दौरान 108 बौद्ध स्तूपों का निर्माण और अभिषेक किया गया. इनमें से 76वां स्तूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित किया गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर इसकी जानकारी की. उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि भारत के लिए यह बहुत सम्मान की बात है. उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और भारत-भूटान दोस्ती के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के सम्मान में यह पवित्र स्तूप उन्हें समर्पित किया गया है. केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने बताया कि 1 नवंबर को 40 हजार से ज्यादा स्वयंसेवकों, बौद्ध भिक्षुओं और कारीगरों ने मिलकर छह घंटे में 108 स्तूप बनाए. इस काम की शुरुआत आधी रात के बाद हुई थी. समारोह के दौरान स्तूपों को स्थापित करने और उनका अभिषेक करने के समय पारंपरिक दुंगचेन वाद्ययंत्र भी बजाए गए. यह आयोजन बौद्ध पर्व ल्हाबाब दुचेन के मौके पर हुआ. यह पर्व भगवान बुद्ध के स्वर्ग से धरती पर वापस आने की स्मृति में मनाया जाता है. केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि किसी व्यक्ति को पवित्र स्तूप समर्पित करना सामान्य बात नहीं है. बौद्ध धर्म में स्तूप केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि बुद्ध के ज्ञान और चेतना का भौतिक प्रतीक माना जाता है. उन्होंने भूटान के राजा का आभार जताया. रिजिजू ने बताया कि समारोह में भूटान के राजा, ग्यालत्सुएन, प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और वहां के लोगों की मौजूदगी में उन्होंने प्रार्थना की और सम्मान व्यक्त किया। रिजिजू ने गेलेफू में भूटान के राजा से मुलाकात भी की. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई. उन्होंने कहा कि 108 स्तूपों का निर्माण और 76वें स्तूप का प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित किया जाना भारत और भूटान के बीच लंबे समय से चले आ रहे दोस्ताना संबंधों को दिखाता है।



भारत के लिए बड़ा सम्मान : रिजिजू



कांग्रेस ने बनाया वोट चोरी का रिकार्ड : जे पी नड्डा





लोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओ' पदयात्रा में विपक्ष पर गरजे भाजपाई

बरेली (आज समाचार सेवा)। भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र द्वारा आज 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में वोट चोरी के आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा नेताओं ने कांग्रेस, सपा और इण्डी गठबंधन के घटक दलों पर तीखे हमले किए। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने वोट चोरी का रिकॉर्ड बनाया है। देश को घुसपैठिये नहीं सिर्फ भारत के नागरिक और देशभक्त चलाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र, संविधान और जनता के जनादेश पर भरोसा करती है। राजेंद्र नगर स्थित स्वयंवर बारात घर पर एकत्रीकरण के बाद शुरू हुई पदयात्रा बांके बिहारी मंदिर होते हुए शिवाजी चौक पहुँची यहां से शहीद पंकज अरोड़ा स्मारक पर पहुँच कर समाप्त हुई। पदयात्रा से पूर्व आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि विपक्ष चुनाव में हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ता है। हारने के बाद चुनाव आयोग को बेईमान बताते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वोट चोरी का रिकॉर्ड बनाया है। कांग्रेसी बांग्लादेशियों के वोट बनाकर चुनाव जीतते रहे, अब इन्हें हटाया जा रहा है तो चिल्ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर का नाम बोलकर राहुल गांधी ने मधुमक्खी के छत्ते में हाथ डाल दिया है। घुसपैठिये देश को नहीं चलाएंगे, ये वो समझ लें। कांग्रेस को जनता धिक्कार रही है। इस बार भी यही होगा। जो थके-हारे हैं और लोगों को बरगला रहे हैं, उन्हें करारा जवाब देना जरूरी है। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि विपक्ष को किसानों की समस्याओं और उनकी जरूरतों की जानकारी तक नहीं है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने कभी किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याएं उठाने का काम नहीं किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2027 में कांग्रेस का कोई अता-पता नहीं है, लेकिन कांग्रेस की बैसाखी बनी सपा की साइकिल को पंचर करके सैफई भेजने का काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुंडागर्दी और माफियाराज को दोबारा नहीं लौटने देना है। पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद धर्मपाल सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना क्षेत्रीय संगठक अभय गिरी, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, अरुण सागर, राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार, प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, के बृज बहादुर, राजेश यादव, प्रदेश मंत्री यतेंद्र शर्मा, सुभाषिनी जायसवाल एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कुंवर महाराज सिंह विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा डॉक्टर एमपी आर्य, संजीव अग्रवाल, डॉ राघवेंद्र शर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, विष्णु अग्रवाल, बंटी ठाकुर, डॉ विमल भारद्वाज डॉक्टर विनोद पागरानी आदि उपस्थित रहे।

विभिन्न मांगों को लेकर धरना

बरेली (आज समाचार सेवा)। विभिन्न मांगों को लेकर स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ की शाखा बरेली ने जिला अध्यक्ष आशीष कुमार वाल्मीकि और सोनू ठाकुर के नेतृत्व में नगर निगम परिसर में धरना दिया। धरने को सपा नेता मयंक शुक्ला उर्फ ने भी समर्थन दिया। कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र सौंपा।संघ की प्रमुख मांगों में वर्षों से संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों का नियमितीकरण, सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन और भत्ते देने तथा संविदा, ठेका और डोर-टू-डोर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना शामिल है। इसके अलावा प्रत्येक कर्मचारी को 20 लाख रुपये का जीवन बीमा देने और वर्ष 2013 से 2026 तक का लंबित पीएफ भुगतान कराने की मांग उठाई गई।

निर्वाचन साक्षरता क्लबों में 20 नवम्बर तक आयोजित होंगी निबंध वं क्विज प्रतियोगिताएं

बरेली (आज समाचार सेवा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संचालित निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से आगामी 20 नवम्बर तक निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को शुद्ध मतदाता सूची के महत्व, मतदान के अधिकार तथा निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना है। इसके अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता में दो विषय निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 'शुद्ध मतदाता सूची का महत्व' एवं 'मतदान का महत्व' शामिल हैं। स्कूल स्तर पर निबंध की शब्द सीमा 500 से 800 शब्द तथा कॉलेज स्तर पर 800 से 1200 शब्द निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जा सकता है। इसी क्रम में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया, ईवीएम एवं वीवीपैट, मतदान प्रक्रिया तथा मतगणना से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे। प्रतियोगिता के लिए आयोग द्वारा 50 प्रश्न उत्तर सहित उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रश्नों की गोपनीयता ,गुणवत्ता एवं उपयुक्तता का विशेष ध्यान रखा जाएगा उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में लोकायुक्त प्रशासन का लगा अस्थायी शिविर

बरेली (आज समाचार सेवा)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अंतर्गत भ्रष्टाचार एवं कुप्रशासन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के प्रचार-प्रसार हेतु मंगलवार को कलेक्ट्रेट में लोकायुक्त प्रशासन की ओर से अस्थायी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता लोकायुक्त प्रशासन के संयुक्त सचिव राजेश कुमार एवं समीक्षा अधिकारी अश्विनी पाठक ने की। इस अवसर पर संयुक्त सचिव राजेश कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकना केवल प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ही दायित्व नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकायुक्त संस्था की स्थापना लोक प्रशासन में पारदर्शिता, शुचिता, उत्तरदायित्व एवं जनविश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। लोकायुक्त अधिनियम, 1975 के अंतर्गत स्थापित यह संस्था विगत पांच दशकों से अधिक समय से लोक सेवकों के विरुद्ध भ्रष्टाचार, कदाचार तथा पद के दुरुपयोग से संबंधित शिकायतों के परीक्षण एवं जांच के माध्यम से सुशासन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि लगभग 25 वर्ष पूर्व प्रकाशित सूचना पुस्तिका की प्रस्तावना में भी इस बात पर बल दिया गया था कि लोकायुक्त प्रशासन की कार्यप्रणाली एवं उसकी उपयोगिता के संबंध में आमजन को सरल भाषा में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसी उद्देश्य से लोकायुक्त संस्था के कार्यों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जनमानस को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों के लिए आमजन सीधे लोकायुक्त कार्यालय, टी.सी.-46 वी-1, गोमती नगर, लखनऊ में संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त लोकायुक्त प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति केवल कागजों तक सीमित रहने अथवा नारा बनकर सफल नहीं हो सकती। इसका वास्तविक उद्देश्य प्रशासनिक तंत्र में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना है। इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों को भी भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक एवं सक्रिय रहना होगा। शिविर के माध्यम से उपस्थित लोगों को लोकायुक्त संस्था की कार्यप्रणाली, अधिकारों तथा भ्रष्टाचार एवं कुप्रशासन के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

घर में घुसकर महिला से बलात्कार,रिपोर्ट दर्ज

शीशगढ़ (आज ब्यूरो)। क्षेत्र के एक गांव से महिला सुरक्षा को तार-तार करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ एक विवाहिता ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले युवक पर घर में घुसकर जबरदस्ती बलात्कार करने, अश्लील वीडियो बनाने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का बेहद गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पीड़िता द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, उसके पति दिल्ली में मजदूरी का काम करते हैं और बीते जुलाई महीने से काम के सिलसिले में दिल्ली गए हुए थे। घटना वाले दिन 16 सितंबर 2026 को पीड़िता के सास-ससुर और परिवार के अन्य सदस्य एक शादी समारोह में गए हुए थे, जिसके कारण महिला घर पर अपने बच्चों के साथ अकेली थी।पीड़िता ने बताया कि 16 सितंबर की रात करीब 10:00 बजे पड़ोसी तौसीफ (पुत्र तौफीक), निवासी ग्राम मानपुर, थाना शीशगढ़, दीवार फांदकर जबरन उसके घर में घुस आया। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे तमंचा दिखाकर डराया और शोर मचाने पर उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने महिला की सहमति के बिना उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार (दुष्कर्म) किया।

दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन के दबाव बनाने का आरोप

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के भमोरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने दूसरे समुदाय के 55 वर्षीय वृद्ध पर बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाने, दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। किशोरी ने बताया कि आरोपी उसे घर में जमीन बिक्री के लिए रखे पांच लाख रुपये और सोने-चांदी के जेवरात के साथ लेकर गया था। पीड़िता ने सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की दोबारा निष्पक्ष जांच कराने और न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

रैली आखिर किसके खिलाफ थी:शुभलेश यादव

बरेली(आज समाचार सेवा)।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा करना और अराजकता पर नियंत्रण रखना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। सवाल यह है कि लोकतंत्र और अराजकता के नाम पर निकाली गई रैली आखिर किसके खिलाफ थी ? जब केंद्र से लेकर प्रदेश तक सरकार की जिम्मेदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने की है,तो यूपी की रैली अपनी सरकार के खिलाफ तो इशारा नहीं है उन्होंने कहा कि



मुख्यमंत्री का दावा रहा है कि प्रदेश में अपराधी या तो जेल में हैं या प्रदेश छोड़ चुके हैं। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि जिस रैली में नेताओं और कार्यकर्ताओं के मोबाइल फोन और पर्स गायब होने की शिकायतें सामने आईं, वहां सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी थी।

तीन साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़

बरेली(आज समाचार सेव)। थाना बहेड़ी पुलिस क्षेत्र में दिनांक एक नबम्बर को को वादिनी द्वारा विपक्षीघर में घुसकर उसकी 3 वर्षीय पुत्री के साथ गलत नीयत से अश्लील हरकत करने तथा घर में रखे 5,000 रुपये चोरी करने के संबंध में थाना बहेड़ी पर पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया था।अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी बहेड़ी के पर्यवेक्षण प्रभारी निरीक्षक थाना बहेड़ी के नेतृत्व में उनि अमीचन्द शर्मा मय हमराह रि कांस्टेबल अर्जुन कुमारं द्वारा कार्यवाही की गयी।

गुरुजनों के सुझावों का आदर करना सीखें:पंडित बृजेश पाठक

बरेली(आज समाचार सेवा)-रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में आयोजित नवदिवसीय श्री राम कथा के आठवें दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि जब हमारे गुरुजन हमें कुछ सुझाव देते हैं तो उसके पीछे उनका जिंदगी भर का अनुभव और हमारा हित भाव होता है ,वह सोचते हैं कि हमें जो अपने जीवन में हानि उठानी पड़ी वह हमारे बालकों को ना उठाना पड़े !पर अहंकार के कारण लोग अपने माता-पिता गुरु आदि के सुझावों का आदर नहीं करते परिणाम स्वरुप हानी उठाते हैं! रामायण में वर्णन आता है जब नारद जी ने काम पर विजय प्राप्त कर ली और अहंकार पूर्वक शंकर जी के समक्ष चर्चा की तो उन्होंने समझाया कि यह अहंकार उचित नहीं है !आप यह चर्चा भगवान नारायण के सामने ना करें क्योंकि वह जानते थे भगवान सब कुछ सह सकते हैं लेकिन अपने भक्त के हृदय में अभिमान नहीं सह सकते! पर नारद जी तो अपनी विजय का प्रचार प्रसार चाहते थे अत: उन्होंने शंकर जी के आदेश की अवहेलना करके भगवान नारायण को अहंकार पूर्वक अपनी विजय के बारे में बताया तो भगवान समझ गए इनके हृदय में अहंकार का उदय हो गया है और तब उस अहंकार को दूर करने के लिए भगवान नारायण नारद जी को काम ही नहीं अन्य सभी विकारों से हरवा दिया !नारद जी को इसलिए नीचा देखना पड़ा क्योंकि उन्होंने भगवान शंकर के द्वारा उनके हित में दिए गए सुझाव का निरादर किया .!रावण ने भी अपने नाना मालयवत तो सहित सभी बड़ों के सुझाव का निरादर किया परिणाम स्वरुप सब कुछ नष्ट हो गया जबकि श्री राम ने अपने वनवास काल में ऋषि मुनियों से मिलकर उनके सुझाव दिए और उसके अनुसार राक्षसों को प्राप्त कर सुरेश प्राप्त किया इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे साथ ही मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि कथा का कल समापन होगा 5 नवंबर से मणिशंकर त्रिपाठी भ दोई से आयेंगे सभी से आने का अनुरोध किया ।

सोहेल देव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत के जिलाध्यक्ष रबिन्द्र गंगवार साथियों के साथ सपा मे शामिल


बहेडी(आज ब्यूरो)। नगर के जाफरी चौराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोहेल देव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत के जिला अध्यक्ष रविन्द्र गंगवार ने अपने तमाम साथियों साथ प्रदेश महासचिव,बहेड़ी विधायक,पूर्व मंत्री,अता उर रहमान के समक्ष सोहेल देव भारतीय समाज पार्टी छोड़ कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए प्रोग्राम में बोलते रविन्द्र गंगवार ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की कल्याणकारी नीतियों से प्रेरित होकर यह कदम उठाया है और अब पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ पार्टी के लिए काम करेंगे और 2027 में पी डी ए की सरकार बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने में सहयोग करेंगे ।

चोरी की बाइक सहित अफीम तस्कर दबोचा

बहेडी(आज ब्यूरो)।मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने नगर के ट्रक यूनियन के समीप से एक युवक को 250 ग्राम अफीम और एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस ने पकडे गये युवक को जेल भेज दिया है।थाना पुलिस के दरोगा तेजपाल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि नगर के ट्रक यूनियन के समीप एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था मे खड़ा है। सूचना मिलते ही दरोगा तेजपाल सिह, हेड कास्टेबल विकास पंवार और हेड कास्टेबल राजीव कुमार को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताई गई जगह पर पहुँचे, और उसकी घेराबन्दी करके उसे दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 250 ग्राम अफीम बरामद हुई। युवक के पास जो बाइक मिली है वह भी युवक के द्वारा चोरी की गई थी। पकडे गए युवक ने अपना नाम करन खत्री पुत्र सोनू खत्री निवासी बंडिया पुलभट्टा कस्बा व थाना किच्छा बताया । पुलिस ने पकड़े गए तस्कर को जेल भेज दिया है।

वरिष्ठ पत्रकार शंकर दास सम्मानित,विभिन्न संगठनों ने दी बधाई


बरेली (आज समाचार सेवो)। दीर्घकालीन पत्रकारिता सेवाओं,समाज के प्रति प्रतिबद्धता और सकारात्मक सोच और सीएआरआई में वैज्ञानिक गतिविधियों के प्रति सकारात्मक योगदान के लिए शहर के वरिष्ठ पत्रकार शंकर दास ' दादा ' को सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान के लिए मिले इस प्रतिष्ठित



सम्मान पर विभिन्न पत्रकार एवं सामाजिक संगठनों, व्यापारी नेताओं आदि ने दादा को बधाई दी है। बीते दिवस 'केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के 48वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विराट कुक्कुट मेला एवं कुक्कुट कृषक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। दादा ने वर्ष 1965 में एम.एससी. की उपाधि प्राप्त की और वर्ष 1970 में पत्रकारिता के क्षेत्र में पदार्पण किया। विगत लगभग 56 वर्षों से लगातार पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए उन्होंने निष्पक्षता, निर्भीकता, विश्वसनीयता एवं जनहित के प्रति समर्पण की विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने जनसत्ता , विश्वमानव, स्वतंत्र भारत, पायनियर, वर्कर्स हैरल्ड, राष्ट्रीय सहारा, जनमोर्चा एवं दैनिक आज जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गठित मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) में सात बार मीडिया प्रतिनिधि के रूप में सदस्य मनोनीत होना उनकी प्रतिष्ठा एवं विश्वसनीयता का परिचायक है। यही नहीं पत्रकारों के अधिकारों के संरक्षण, उनकी समस्याओं के समाधान तथा पत्रकारिता जगत में एकता एवं संगठनात्मक मजबूती स्थापित करने के लिए दादा का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वर्तमान में दादा नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बरेली में पत्रकारों को संगठित करने एवं उनके हितों के संरक्षण के उद्देश्य से दादा लम्बे अर्से तक उपजा में सक्रिय रहे हैं वर्तमान में उपज, जाप और बरेली मीडिया में मुख्य संरक्षक हैं। इन संगठनों के माध्यम से दादा पत्रकारों की अनेक समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों के संरक्षण की दिशा में सदैव तत्पर रहते हैं।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बरेली(आज समाचार सेवा)पं. दीना नाथ मिश्रा इण्टर कॉलेज, बरेली में ' सुरक्षित बचपन अभियान' यौन अपराधों से सुरक्षा अधिनियम 2012 पर आधारित विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ ए डी जे स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट श्री हेमेंद्र कुमार सिंह ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि पॉक्सो एक्ट बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। क्रूर से क्रूरतम समाज भी बच्चों को सुरक्षा देता है। उन्होंने बताया कि इस एक्ट के अंतर्गत अपराधी को न्यूनतम तीन साल की सजा का प्रावधान है। शारीरिक शोषण के मामले में दस से बीस साल की सजा दी जाती है, जबकि दुष्कर्म जैसे मामलों में अधिकतम सजा मृत्यु दण्ड तक दी जाती है उन्होंने डॉ. हैनरी कैंप केस का भी उल्लेख किया और बताया कि अट्ठारह साल से कम आयु के पीड़ित की सहमति भी अमान्य है। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट श्री हेमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे मामलों में कोई भी व्यक्ति पुलिस में रिपोर्ट कर सकता है। प्रत्येक जिले में डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट कार्यरत है, बाल कल्याण समिति भी है। पीड़ित की पहचान भी गोपनीय रखी जाती है। जज महोदय ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ित को नि:शुल्क कानूनी सहायता दिलवाई जाती है। उन्होंने बताया कि निर्भया कांड के बाद 2012 में पॉक्सो एक्ट लाया गया। उन्होंने कहा कि तकनीक ने पॉक्सो केसेज बढ़ाये हैं। छात्र - छात्राओं को परामर्श देते हुए समझाया कि मोबाइल एक आभासीय दुनिया है और मोबाइल का प्रयोग बहुत सावधानी पूर्वक करें। फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर किसी अपरिचित व्यक्ति से बातें नहीं करें।



। कार्यक्रम का शुभारंभ होने से पूर्व कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. बिनीता प्रकाश ने मुख्य अतिथि का परिचय करवाया जबकि वरिष्ठ प्रवक्ता श्री अभिषेक सिंह ने तुलसी का पौधा भेंट कर माननीय अपर जिला एवं सत्र न्याडुडुयाधीश श्री हेमेंद्र कुमार सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती मनप्रीत कौर ने किया जबकि सभी के प्रति आभार श्रीमती पुष्प लता सिंह द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता भारती एवं श्री अनुज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल वीरेन्द्र कुमार सहित सहित पैरा लीगल वॉलिंटियर सुधीर उपाध्याय भी उपस्थित रहे। व्यवस्था में मुकेश, दीपक एवं राम बेटी का पूर्ण सहयोग रहा।

सूचना
मेरा हाईस्कूल परीक्षा सन् 1995 अनुक्रमांक 0396057 का प्रमाण पत्र व अंक पत्र वास्तव में कही खो गया है। प्रियंका जौहरी पुत्री श्री हरीओम जौहरी निवासी 05-ए, रेलवे कॉलोनी देशपुर चौक,हरिद्वार। पीसीनं. 8793

सूचना
मैने अपने पुत्र राहुल कुमार व उसकी पत्नी डौली के दुर्व्यवहार व हरकतों से परेशान होकर, इन दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अपने अच्छे बुरे कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। राम आसरे पुत्र शिव चरन नि0 मो0 इन्द्रानगर कस्बा व तहसील नवाबगंज जिला बरेली । पीसीनं. 8791

सूचना
मेरा पैन कार्ड में नाम भगवान दास वर्मा(Bhagwan Das Verma) है क्योंकि पहले भगवान दास वर्मा के नाम से जाना जाता था और भगवान दास(Bhagvan Das) भी मेरा ही नाम है दोनों नाम से जाना पहचाना जाए।भगवान दास वर्मा पुत्र उमराय प्रसाद (mray prasad) निवासी ग्राम गौटिया किशनपुर तहसील व थाना आंवला जिला बरेली। पीसीनं.8792

बरेली सिनेमा जगत में
ता 30 से रोजाना 3 शो
रेट 40 60
जेलर-2
पात्र- रजनी कांत

न्यूज अपडेट

किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा कर बंधक बनाने का आरोप, आठ पर रिपोर्ट दर्ज

आंवला(आज ब्यूरो)। आँवला थाना क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने और उसे बंधक बनाकर रखने का आरोप लगा है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार 03 नंबर को साज़िश रचने और अपहरण करने के आरोप में आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस को दी गई तहरीर में आंवला के एक मोहल्ला निवासी पीडित ने बताया कि बीती 18 अगस्त 2026 को वह अपने पूरे परिवार के साथ एक रिश्तेदारी में गए हुए थे। शाम को देर हो जाने के कारण परिवार घर वापस नहीं लौट सका और रात में उनकी पुत्री घर पर अकेली थी।अगले दिन 19 अगस्त को जब वह अपने परिवार के साथ घर लौटे, तो उनकी बेटी गायब थी। काफी खोजबीन करने पर पड़ोसियों ने बताया कि मोहल्ले के ही युवक उसे बहला-फुसलाकर और लालच देकर अपने साथ ले गए हैं।पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि इस पूरी घटना के पीछे एक गहरा षड्यंत्र है। आरोप है कि थाना इज्जतनगर और बदायूँ के कोतवाली थाना क्षेत्र और एक अन्य आरोपी ने मिलकर साजिश रची। इन सभी ने किशोरी को घर से निकलवाया और अब उसे किसी अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर रखा हुआ है।पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (स्स्क्ष्) से गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें डर है कि आरोपी उनकी बेटी के साथ कोई गंभीर या अनहोनी वारदात कर सकते हैं।

आईजीआरएस में मीरगंज तहसील ने मारी बाजी

मीरगंज (आज ब्यूरो)। स्थानीय तहसील ने आईजीआरएस निस्तारण में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है एसडीएम निधि शुक्ला की अगुवाई में स्थानीय तहसील को यह प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। स्थानीय तहसील की उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला की अगुवाई में मीरगंज तहसील ने जिले में 100 में से 91 प्रतिशत अंक पाकर 40 वीं रैंक हासिल की है। जबकि बरेली तहसील ने 100 में से 76 अंक हासिल किए हैं। इसी तरह नवाबगंज तहसील ने भी 100 में से 76 अंक हासिल किए हैं। तहसील बहेड़ी ने 100 में से 71 अंक हासिल किए हैं। तहसील फरीदपुर ने 69 और तहसील आंवला ने भी 69 प्रतिशत 100 में से अंक प्राप्त किए हैं।

राम जन्म से ताड़का वध तक की लीला ने मोहा मन

मीरगंज (आज ब्यूरो)। थाना शाही क्षेत्र के गांव जुन्हाई में सोमवार को पांच दिवसीय रामलीला मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने फीता काटकर मेले का शुभारम्भ किया। पहले दिन कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर ताड़का वध तक की लीलाओं का सजीव मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला देखने के लिए देर रात तक ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही।मंचन में दिखाया गया कि राजा दशरथ संतान न होने के कारण चिंतित रहते हैं। गुरु वशिष्ठ के सुझाव पर श्रृंगी ऋषि द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ कराया जाता है। यज्ञ के प्रभाव से रानी कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा के गर्भ से भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म होता है। चारों राजकुमारों के जन्म से अयोध्या में खुशियां छा जाती हैं। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ से राक्षसों के संहार और यज्ञ की रक्षा के लिए राम-लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की मांग करते हैं। गुरु वशिष्ठ के समझाने पर राजा दशरथ दोनों राजकुमारों को उनके साथ भेज देते हैं। वन में ऋषियों के यज्ञ में विघ्न डालने वाली राक्षसी ताड़का का भगवान राम वध कर देते हैं। इस दृश्य पर पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।इस दौरान व्यास जी ने भगवान राम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनका जीवन त्याग, सत्य, संयम और कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है। उन्होंने पिता के वचन की मर्यादा रखने के लिए राजगद्दी तक त्याग दी। भगवान राम का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी मर्यादा बनाए रखने और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। राम जैसा पुत्र, भाई और राजा समाज के लिए सदैव आदर्श रहेंगे।

लक्ष्मण ने किया मेघनाथ का वध,पुतला दहन

शीशगढ (आज ब्यूरो)। कस्बे के रामलीला मेले में चल रही राम लीला में मंगलवार को शक्ति लगने से मूरछित हुए लक्ष्मण की हनुमान द्वारा लाई संजीवनी बूँटी से मूरछा टूटने के बाद दोबारा लक्ष्मण मेघनाथ के युद्ध का मंचन हुआ।लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध में लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध कर दिया।मेघनाथ वध के बाद मेला प्रांगण में मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया।मंगलवार की लीला में लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध का मंचन हुआ।जिसमें मेघनाथ की शक्ति लगने से लक्ष्मण मूरछित हो गए।लक्ष्मण के मूरछित होने पर रामा दल में ख़ामोशी छा गईं।तब विभीषण के कहने पर हनुमान लंका से सुशेन वैध को महल समेत उठाकर लाए और लक्ष्मण की मूरछा को तोड़ने के लिए रातों रात संजीवनी बूँटी लाने को कहइस मौके पर मेला कमेटी के सदस्य राम औतार मौर्य,प्रमोद देवल,संजीव रस्तोगी,शनि गंगवार,दीपक रस्तोगी,लालता प्रसाद राठौर,सभासद त्रिमल सिंह राठौर,ठाकुर शिव कुमार सिंह,जसवंत राठौर,रमेश राजपूत,अंकित राठौर,अमित राठौर,अरुण राठौर,शिव कुमार राठौर आदि मोजूद रहे।

अजय प्रताप सिंह बने मीरगंज के थाना प्रभारी, कार्यभार संभाला

मीरगंज (आज ब्यूरो)। स्थानीय कोतवाली में इंस्पेक्टर (क्राइम) अजय प्रताप सिंह ने थाना प्रभारी पद से जुड़ा कार्यभार अतिरिक्त प्रभार के रूप में ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वे रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात थे। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कोतवाली स्टाफ के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर अंकुश लगाना और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्य भार संभालने के बाद नवागत थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने सीओ मीरगंज अजय कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट की। स्थानीय कोतवाली में एसएचओ रवि कुमार सिंह के इसी पद पर सीबीगंज चले जाने से आज ही रिक्त हुआ। नवगत इंस्पेक्टर (क्राइम) अजय प्रताप सिंह अपने पद के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार के रूप में थाना प्रभारी पद से जुड़ा कार्य भी संपादित करेंगे।

सूरज का हुआ अंतिम संस्कार, नम आंखों से ग्रामीणों ने दी विदाई

मीरगंज (आज ब्यूरो)। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले छात्र सूरज मौर्य का मंगलवार दोपहर गांव सिंधौली स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। सूरज की चिता को मुखाग्नि उसके पिता हरिओम ने दी।इस दौरान पूरे गांव में मातम छाया रहा। जैसे ही अर्थी घर से उठी, मां और बहनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र और रिश्तेदार श्मशान घाट पहुंचे और नम आंखों से सूरज को अंतिम विदाई दी।बता दें कि सोमवार सुबह करीब 9 बजे शाहबाद-रामपुर रोड पर हादसा हुआ था। 20 वर्षीय सूरज मौर्य पुत्र हरिओम अपने दो दोस्तों आशीष और आकाश के साथ एक ही बाइक से शाहबाद स्थित जीटीआई कॉलेज जा रहा था, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में सूरज की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उसके दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था।

महादेव पुल पर मांझे की चपेट में आया स्कूटी सवार

बरेली(आज समाचार सेवा)। शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। तमाम इंतजामों और सड़क किनारे रेलिंग लगाए जाने के बावजूद मांझे से हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर स्थित महादेव पुल का है, जहां स्कूटी सवार राजीव रस्तोगी मांझे की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो गए। एमबी इंटर कॉलेज, चाणक्यपुरी कॉलोनी निवासी राजीव रस्तोगी ने बताया कि वह अपने घर से महादेव पुल के रास्ते फोटो की लैब जा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी नाक पर मांझा आकर लग गया। उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन मांझा नाक पर लगने से वह घबरा गए और हाथ से मांझा हटाने लगे।इसी बीच उन्होंने स्कूटी की रफ्तार धीमी की, तभी पीछे से आ रही एक कार से उनकी टक्कर हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद राहगीरों ने उन्हें उठाया और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए।

भाजपा की पदयात्रा में जेबकतरों की चांदी , चार की जेबें कटीं

बरेली (आज समाचार सेवा)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में जेबकतरों ने जमकर हाथ साफ किया। पदयात्रा में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात होने के बावजूद जेबकतरों ने चार लोगों की जेबें काटकर नकदी, मोबाइल और जरूरी दस्तावेज पार कर दिए। पीड़ितों ने संबंधित पुलिस चौकियों और थानों में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, थाना प्रेमनगर क्षेत्र के राजेंद्र नगर निवासी अमनदीप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह पदयात्रा में शामिल होने आए थे। इसी दौरान किसी जेबकतरे ने उनकी जेब काट ली। उनकी जेब में रखे 9,500 रुपये, मोटोरोला का टच स्क्रीन मोबाइल, कार्ड और जरूरी काम के कागजात गायब हो गए। अमनदीप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर नकदी और मोबाइल बरामद कराने की मांग की है। वहीं, थाना किला क्षेत्र के साहूकारा निवासी अमरजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय मालिक सिंह की जेब से 8,500 रुपये और जरूरी कागजात चोरी कर लिए गए। उन्होंने भी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसी तरह कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गार्डन निवासी राजीव भुवना की जेब से 5,000 रुपये, जरूरी कागजात और एटीएम कार्ड निकाल लिए गए। उन्होंने भी पुलिस से शिकायत कर सामान और नकदी बरामद कराने की गुहार लगाई है। इसके अलावा शाहजहांपुर जिले के सिटी पार्क, लोधीपुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र प्रवेश लाल भी जेबकतरों का शिकार हो गए। पदयात्रा के दौरान उनकी जेब से 18 हजार रुपये, पैन कार्ड, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस गायब हो गए। दिनेश कुमार ने शील चौराहा पुलिस चौकी पर तहरीर देकर नकदी और जरूरी दस्तावेज बरामद कराने की मांग की है। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद एक ही पदयात्रा में चार लोगों की जेब कटने की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नेपाल जा रही बस खड़े ट्रक में घुसी हादसे में एक की मौत, 25 घायल

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। मंगलवार तड़के सुबह करीब साढ़े तीन बजे धनेटा रेलवे फाटक के पास यात्रियों से भरी एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। भीषण टक्कर में एक यात्री की मौत और करीब 25 लोगों के घायल होने की सूचना है। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने घायलों को बस से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि बस हिमाचल प्रदेश से यात्रियों को लेकर नेपाल जा रही थी। धनेटा रेलवे फाटक के पास पहुंचते ही बस अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार यात्रियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हादसे में घायल लोगों को मीरगंज सीएचसी, खिरका सीएचसी और राजश्री मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सीओ देवेश सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर पुलिस और एनएचएआई की टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे में तीन लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी मिली है, जबकि अन्य को मामूली चोटें आई हैं। हालांकि, सीओ ने किसी की मौत होने की सूचना से इनकार किया है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।



जिला अस्पताल के एक्स-रे टेक्नीशियन की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

बरेली (आज समाचार सेवा)। जिला अस्पताल में संविदा पर तैनात एक्स-रे टेक्नीशियन जसवंत सिंह उर्फ जसवंत की मुश्किलें गंभीर आरोपों के चलते काफी बढ़ गई हैं, क्योंकि अपर सेशन जज-सप्तम कुलदीप कुमार ने उसकी अग्रिम जमानत अर्जी को सिरे से खारिज कर दिया है। थाना कोतवाली क्षेत्र से जुड़े इस सनसनीखेज मामले में एक पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने करीब आठ साल पहले उसका एक्स-रे के बहाने मोबाइल नंबर हासिल किया था और सरकारी नौकरी का झांसा देकर उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद से आरोपी लगातार शारीरिक शोषण करता रहा, जबरन कई बार गर्भपात कराया और डरा-धमकाकर लाखों रुपये व सोने के आभूषण ऐंठ लिए। हद तो तब पार हो गई जब आरोपी ने पीड़िता को अस्पताल परिसर स्थित अपने आवास पर बुलाकर अपने एक मित्र के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया, और विरोध करने पर बेरहमी से पिटाई कर उसका मंगलसूत्र तक छीन लिया। वर्तमान में आरोपी एक लाख रुपये की रंगदारी न देने पर पीड़िता का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश्वरी गंगवार ने कोर्ट में दलील दी कि पीड़िता ने अपने बयानों में इन सभी घटनाओं की पुष्टि की है, और इस स्टेज पर जमानत मिलने से वह गवाहों व सबूतों को प्रभावित कर सकता है। कोर्ट द्वारा राहत याचिका खारिज किए जाने के बाद अब पुलिस के लिए आरोपी पर शिकंजा कसने का पूरी तरह रास्ता साफ हो गया है।



मामा के घर रह रही युवती संदिग्ध परिस्थितियों में गायब

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। मामा के घर रहकर पढ़ाई कर रही एक नाबालिक युवती संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घर से गायब हो गई। आरोप है कि एक युवक उसकी भांजी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित मामा ने थाना सीबीगंज में तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। थाना सीबीगंज के एक गांव के रहने वाले पीड़ित मामा के अनुसार उसकी 16 वर्षीय भांजी बचपन से ही उसके घर पर रह रही है और वर्तमान में वह एएनए कॉलेज में पढ़ती है। रविवार की रात वह और अन्य परिजन खाना खाकर सोने चले गए। अगली सुबह जब उनकी आंख खुली तो भांजी अपने बिस्तर पर नहीं थी। काफी तलाश करने के बाद उसे जानकारी मिली कि जिला हरदोई का रहने वाला आरोपी युवक शिवा उसकी भांजी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। उसकी भांजी के साथ कोई भी अप्रिय घटना ना घटे इसलिए वह थाना सीबीगंज पहुंचा और पुलिस को लिखित तहरीर सौंपते हुए आरोपी युवक पर नामजद मुकदमा दर्ज कराया। वहीं पीड़ित ने पुलिस से भांजी को जल्द से जल्द बरामद करने की गुहार लगाई है।

बरेली कॉलेज की विभिन्न खेलों की टीमों का चयन

बरेली (आज समाचार सेवा)। एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालयी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न कॉलेजो में किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में बरेली कॉलेज, बरेली की टीमें भी भाग लेगी। भाग लेने हेतु कॉलेज टीमों का चयन निम्न तिथियें में किया जायेगा। टेबल टेनिस (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 05.11.2026 को एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय कैम्पस में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बरेली कॉलेज, बरेली टीम का चयन दिनांक 04/11/2026 को बरेली कॉलेज, बरेली में प्रातः 11.00 बजे से किया जायेगा। टेबल टेनिस (महिला) प्रतियोगिता:- का आयोजन दिनांक 16.11.2026 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बरेली कॉलेज, बरेली टीम का चयन दिनांक 05/11/2026 को बरेली कॉलेज, बरेली में प्रातः 11.00 बजे से किया जायेगा। हैण्ड बाल (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता:- का आयोजन दिनांक 13.11.2026 केएसीएएम0टी0 द्वारा एम.जे.पी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय कैम्पस बरेली में किया जायेगा इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बरेली कॉलेज, बरेली टीमों का चयन दिनांक 05/11/2026 को बरेली कॉलेज, बरेली में प्रातः 11.00 बजे से किया जायेगा। क्रीड़ा सचिव विवेक डागर, के अनुसार सभी खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेना अनिवार्य है। उस के उपरान्त ही टीम में चयन किया जायेगा। सभी खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया के समय हाई स्कूल की मार्कशीट की छाया प्रति। इण्टर की मार्कशीट की छाया प्रति। अंतिम कक्षा की मार्कशीट की छाया प्रति। कॉलेज के आई0कार्ड0 व फीस रसीद का छाया प्रति। दो नवीन फोटो लाना अनिवार्य है।

पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार ने पद यात्रा को बताया फ्लॉप

बरेली (आज समाचार सेवा)। बरेली भाजपा की जे पी नड्डा, केशव प्रसाद मौर्य की बरेली की पदयात्रा पूरी तरह फ्लॉप रही बरेली में भाजपा को लोग नहीं जुटा मिले तो बदायूं, शिकोहाबाद, कासगंज के लोगों को बुलाया पिछले माह राजकीय इंटर कालेज के ऑडिटोरियम में भाजपा ने ओ.बी.सी.सम्मेलन बुलाया जिसमें 50 लोग भी नहीं जुटे लोकतंत्र राहुल गाँधी बचा रहे हैं, मणिपुर में अराजकता भाजपा फैला रही है । नफरत की राजनीति से जनता भाजपा से विमुख हो रही है।

भारतीय जनता पार्टी की पदयात्रा के लिए स्कूल बंद करने की घोर निंदा

बरेली (आज समाचार सेवा)। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दददा एडवोकेट ने भारतीय जनता पार्टी की पदयात्रा निकाले जाने के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को कड़ाई से बंद करने के निर्देश देने की घोर निंदा करते हुए कहा के अब सरकारी मशीनरी भी भारतीय जनता पार्टी की चाकरी में पूरी तरह से लग गई है और उसे जनहित या छात्र हित से कोई लेना-देना नहीं द्य उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के इस आयोजन से राजेंद्र नगर क्षेत्र की जनता को भी काफी मशक्कत उठानी पड़ी है और कार्यक्रम में पुलिस बल का अत्यधिक बेहजा इस्तेमाल किया गया था।



सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल मार्ग बरेली में आयोजित हुई शैक्षिक बैठक

बरेली (आज समाचार सेवा)। सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल मार्ग, बरेली में विद्या भारती शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक श्री हरवीर सिंह चाहर ने विद्यालय के आचार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आचार्य राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं।



उनके द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया संस्कारयुक्त शिक्षण ही उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करता है। उन्होंने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर शिक्षण कार्य किया जाना चाहिए। कक्षा में रोचक, सरल, प्रभावशाली एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई जाए, जिससे विद्यार्थी विषयों को सहजता से समझ सकें। उन्होंने विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिकता, स्वावलंबन, राष्ट्रभक्ति एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने पर विशेष बल दिया। श्री हरवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक आचार्य को अपनी शिक्षण शैली में निरंतर सुधार करना चाहिए तथा विद्यार्थियों की व्यक्तिगत क्षमताओं एवं रुचियों को पहचानकर उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। समय का सदुपयोग, नियमित तैयारी, शिक्षण सामग्री का प्रभावी प्रयोग और अभिभावकों से निरंतर संपर्क भी अच्छे शिक्षण के महत्वपूर्ण अंग हैं। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के मंत्री श्री दिनेश मलिक, बरेली जिला समन्वयक श्री सुनील कुमार सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजीव कुमार पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार ने सहभागिता की। विद्यालय व्यवस्थापक दिनेश मलिक एवं प्रधानाचार्य श्री संजीव कुमार पांडे ने प्रदेश निरीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को विद्यालय में प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया।

मोहम्मद फैजान का यूपीसीए अंपायरिंग पैनल में चयन

बरेली (आज समाचार सेवा)। मोहम्मद फैजान का उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंपायरिंग पैनल में चयन यह चयन फैजान के कौशल प्रशिक्षण और लिखित परीक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात जो परीक्षा पिछले दिनों कानपुर में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी इसमें मुख्य चयन करता पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी मनोज पुंडीर आदि के द्वारा चयन किया गया बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव कर्नल सीताराम सक्सेना ने बताया की बरेली के लिए यह मोहम्मद फैजान की बड़ी उपलब्धि है उन्होंने बताया कि मोहम्मद फैजान आगामी बोर्ड ट्रॉफी के मैचो में अंपायरिंग करते हुए देखा जाएगा मोहम्मद फैजान का चयन वरिष्ठ संयुक्त सचिव ओपी कोहली के मार्ग निर्देशन में यह उपलब्धि प्राप्त हुई इस चयन पर राजन मनोहर राहुल कपूर शहजाद अली मोहम्मद कमर चंचल उपाध्याय सोनवेंद्र श्रोत्रिय मोहम्मद यूसुफ मोहम्मद चमन क्रिकेट प्रशिक्षक नितेश भारद्वाज अनुज शर्मा नाजिम अली ने मोहम्मद फैजान एवं सभी संगठन के अधिकारियों ने उनके चयन पर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



आर्मी पब्लिक स्कूल में अतुल्य भारत प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। विद्यार्थियों को भारत की संस्कृति, प्रगति, विशेषताओं, उपलब्धियों व गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूक करने हेतु पांचाल नगरी बौद्धिक एवं सांस्कृतिक संगठन द्वारा गत दिवस आर्मी पब्लिक स्कूल में आयोजित अतुल्य भारत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ वर्ग में



कक्षा 12 के प्रज्वल गंगवार ने प्रथम, कक्षा 11 के शौर्य दुबे ने द्वितीय, कक्षा 10 के तेजस गौतम ने तृतीय स्थान और ऋषभ परिहार, तनुषिका दक्ष, ध्रुव श्रीवास्तव, साक्षी रावत, अभिनव बोरा, इशिता नायर, ऋषभ भंडारी ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 8 के अंशुमान निषाद ने प्रथम कक्षा 9 के आरुष दक्ष ने द्वितीय, कक्षा 8 के मेधांश सती ने तृतीय स्थान और उत्सव सरकार, प्रज्ञा सिंह, फातिमा सामी, अरिहंत जोशी, कृतिका दास, अरिहान सिंह, सृष्टि यादव ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। संगठन अध्यक्ष संजय नेगी ने विजेताओं को स्मृति-चिह्न और उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र एवम सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र ने लहराया परचम, जीते तीन पुरस्कार

बरेली (आज समाचार सेवा)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के अंतर्गत आयोजित जनपद स्तरीय युवा उत्सव में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पुरस्कार प्राप्त किए। विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग के लिए भेजे गए पांच प्रतिभागियों में से तीन विद्यार्थियों ने पुरस्कार जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के अंतर्गत स्वरचित कविता लेखन में विश्वविद्यालय की छात्रा सुनैना सक्सेना ने प्रथम स्थान तथा प्रणव पाठक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में रुचि ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और अभिव्यक्ति क्षमता ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय ने बताया कि जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के अंतर्गत किया गया। जनपद स्तर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा और तीन पुरस्कार प्राप्त करना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अब मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के साथ-साथ बरेली जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्हें विश्वास है कि विद्यार्थी मंडल स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। मंडल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को आगे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी महिमा चंद,परीक्षा नियंत्रक डॉ अनिल कुमार यादव, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ.ज्योति पाण्डेय सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही सांस्कृतिक समिति के सदस्यों, कल्चरल क्लब के सदस्यों एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभागियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।



दावत खाने गये युवक की बाइक चोरी

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। पड़ोस के गांव में दावत खाने गए एक युवक की बाइक को अज्ञात चोरों ने कब्जे में लेकर गायब कर दिया। आसपास काफी तलाश करने के बाद जब बाइक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो पीड़ित ने अज्ञात चोर के विरुद्ध थाना पर मुकदमा पंजीकृत कराया। थाना सीबीगंज के पस्तौर निवासी नरेंद्र पाल पुत्र बाबूराम के अनुसार 23 अक्टूबर को रात 9 बजे के करीब वह पड़ोस के गांव सरनिया में दावत खाने गया था। इस दौरान उसने अपनी डीलक्स बाइक को वहीं पर चल रही दावत के पास अन्य खड़ी बाइकों के पास लॉक लगाकर खड़ा कर दिया और पंडाल में चला गया। दावत खाकर वापस आया तो देखा की मौके पर उसकी बाइक नहीं थी। उसने आसपास बाइक को काफी तलाश किया लेकिन बाइक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बाइक के सारे कागजात भी उसी में रखे थे। पीड़ित ने थाना सीबीगंज पहुंचकर लिखित तहरीर सौंपते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

एसएसवी इंटर कॉलेज में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

बरेली (आज समाचार सेवा)। एस एस वी इंटर कॉलेज, सुरेश शर्मा नगर, बरेली में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नम्रता अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बरेली उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि श्रीमती नम्रता अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा एवं लैंगिक अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बीच अंतर समझाते हुए बताया कि यदि कभी किसी प्रकार की छेड़छाड़, दुर्व्यवहार अथवा असुरक्षित स्थिति का सामना करना पड़े, तो घबराने के बजाय तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें और आवश्यक सहायता प्राप्त करें। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 सहित महत्वपूर्ण सहायता नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता और समय पर उठाया गया सही कदम बच्चों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बालक-बालिकाओं दोनों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और स्वयं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष अंजलि शर्मा ने मुख्य अतिथि नम्रता अग्रवाल का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया कार्यक्रम में प्रबन्धक साकेत सुधांशु शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में अधिवक्ता अमित अवस्थी, अधिवक्ता मयंक दीक्षित, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पूजा सिंह सहित विद्यालय शिक्षकगण मौजूद रहे

मुख्य अतिथि श्रीमती नम्रता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक



अनूप सक्सेना बने कायस्थ महासभा के जिला महासचिव

बरेली (आज समाचार सेवा)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव श्री श्याम चंद्र श्रीवास्तव जी ने जिलाध्यक्ष अश्विनी कमठान जी की संस्तुति पर श्री अनूप सक्सेना को बरेली जिला का



महासचिव मनोनीत किया है । श्री श्रीवास्तव आज एक दिन के दौरे पर बरेली आए थे उन्होंने यहां जिला कार्यकारिणी की मीटिंग ली उन्होंने कायस्थ समाज से आगामी चुनाव में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार सक्सेना, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना कातिब, जिला अध्यक्ष अश्विनी कमठान, धर्मेंद्र सक्सेना चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ सुबोध अस्थाना, महानगर अध्यक्ष मुकेश सक्सेना, रवि सक्सेना, प्रशांत सक्सेना, शांतनु सक्सेना, आशीष सक्सेना, आशीष सिन्हा, शैलेन्द्र सक्सेना शैलू उपस्थित रहे।

दीपावली उत्सव में छूटी गीतों की फुलझड़ी, श्रुति गंगवार ने नीतू ,शोभा व दीप्ति को किया सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को दीपावली उत्सव एवं रंगारंग कार्यक्रम रोटरी भवन में मनाया गया। जिसमें क्लब के सदस्यों ने अपने-अपने सुंदर चटक गीतों की फुलझड़ी छोड़ी। जिससे वातावरण गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम का उदघाटन राज्यसभा सदस्य श्रीमती श्रुति गंगवार ने गणेश जी और माँ शारदे के पूजन से किया। मां शारदे की वंदना मधु वर्मा ने की। वंदेमातरम् शकुन सक्सेना, अरुणा सिन्हा और कल्पना सक्सेना ने किया। क्लब का आह्वान गीत प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने किया। सभी का स्वागत क्लब के अध्यक्ष ने किया। महासचिव सक्सेना ने क्लब के बारे क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के विजयी पुरस्कार बांटे गये। टण्डन को प्रथम, शोभा द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती श्रुति गंगवार, पूर्व प्रो.आर.पी.सिंह, बरेली कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य डा. अजय शर्मा, डा. विनोद पागरानी,रणजीत पाँचाले,सुरेश बाबू मिश्रा और क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने प्रदान किये।राज्यसभा सदस्य बनने पर श्रुति गंगवार का सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, मधु वर्मा,अरुणा सिन्हा और मुकेश सक्सेना ने नागरिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में इं. के.बी.अग्रवाल, सत्येन्द्र सक्सेना,प्रदीप माधवार सुनील शर्मा, शशि बाला वर्मा, इन्द्र देव त्रिवेदी, सुषमा रस्तोगी, सरोज शर्मा, विनीता महरोत्रा, पीयूष गुप्ता, साधना गुप्ता, मंजू लता, निर्भय सक्सेना, सरला चौधरी, बृजेश सक्सेना, प्रीति सक्सेना, विजय कुमार कपूर, उषा सक्सेना, अनिल गुप्ता, डा. शिफालिका, शोभा सक्सेना, अनूप जायसवाल, शशि बाला वर्मा, रवि मोहन दलेला, विष्णु अग्रवाल, गंगा राम पाल, राहुल शर्मा, शोभा शर्मा, कमल भाटिया, अनिल सक्सेना, महेश चन्द्र शर्मा, प्रियदर्शनी शर्मा, बेबी शर्मा, नरेन्द्र कोहली, कर्नल पंकज अग्रवाल,अभय भटनागर, नीरज टण्डन, अनीता मुकेश,अलका सक्सेना,विजय शर्मा आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।





राष्ट्रीय मार्गदर्शक का अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा ने किया स्वागत व अभिनंदन

बरेली (आज समाचार सेवा)। निष्पक्ष मीडिया फाउंडेशन के जय प्रकाश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय मार्गदर्शक के बरेली आगमन पर अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा, बरेली की ओर से अरुण कुमार भटनागर जी, प्रदेश महासचिव, उत्तर प्रदेश के निवास पर जिला कार्यकारिणी बरेली के पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वेद प्रकाश सक्सेनी, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश अरुण कुमार भटनागर, प्रदेश महासचिव डॉ. एस.पी. सक्सेना, प्रदेश राजनीतिक सलाहकार अशोक कुमार सक्सेना, प्रदेश कोषाध्यक्ष अक्षय कुमार बिसारिया, प्रांतीय संगठन मंत्री, पश्चिमांचल उत्तर प्रदेश दिनेश कुमार सक्सेना, मंडल उपाध्यक्ष, बरेली मंडल अनिल कुमार सक्सेना, मंडल उपाध्यक्ष, बरेली मंडल अमित कुमार सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष, बरेली उपस्थित रहे। इस अवसर पर महासभा के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्रीय मार्गदर्शक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा महासभा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा आज हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, पर्सासखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,गोरखपुर-बैंक रोड,प्रयागराज-3 लीडर रोड,कानपुर-बांस मण्डी,झांसी-झोंकन बाग, लखनऊ-1 जापलिंग रोड, आगरा-महात्मा गांधी रोड, पटना-फ्रेजर रोड, रांची-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, जमशेदपुर- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 पूर्ण संख्या-13281

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

नूरानपुर मुड़िया के शिव मंदिर में आयोजित रामकथा में पहुंचे योगी आदित्यनाथ, अमृत सरोवर का किया लोकार्पण

अयोध्या में प्रतिदिन एक लाख से अधिक श्रद्धालु कर रहे रामलला के दर्शन, 07 नवंबर को होगा भव्य दीपोत्सव



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत हनुमंत नाथ द्वारा आयोजित रामकथा का श्रवण किया। यहां उन्होंने अमृत सरोवर का लोकार्पण किया। उन्होंने अयोध्या में प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने और 07 नवंबर को भव्य दीपोत्सव आयोजन की जानकारी दी। इस दौरान सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

मंगलवार को पीलीभीत के ग्राम नूरानपुर मुड़िया स्थित शिव मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत शांतिनाथ जी की स्मृति में महंत हनुमंत नाथ द्वारा आयोजित रामकथा का श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ अमृत सरोवर का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं और जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच से ही समाज में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। नकारात्मकता से अशांति और अराजकता पनपती है, जबकि सकारात्मक दृष्टिकोण समाज को आगे बढ़ाने का काम करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श और प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज में सद्भाव, अनुशासन और सकारात्मक वातावरण बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज देश तुष्टिकरण के बजाय संतुष्टीकरण और सर्वसमावेशी विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। अयोध्या के विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या धाम का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। सड़क, रेलवे और अन्य आधुनिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है। आज प्रतिदिन एक लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 07 नवंबर को अयोध्या में भव्य और अलौकिक दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ धाम और मथुरा-वृंदावन का जिक्र करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास आस्था के साथ पर्यटन और रोजगार को भी नई दिशा दे रहा है। काशी में करोड़ों श्रद्धालु दर्शन और स्नान का लाभ ले रहे हैं, वहीं मथुरा-वृंदावन की भक्ति परंपरा विश्वभर में पहचान बना रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को बिना किसी भेदभाव के मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा, युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां और किसानों को सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।कार्यक्रम में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवकानंद, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 दलजीत कौर, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिलाधिकारी आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भारत की जनगणना 2027 के प्रचार-प्रसार हेतु डीएम ने बाइक रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारत की जनगणना 2027 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से सोमवार जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा विकास भवन परिसर से बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली विकास भवन से प्रारंभ होकर शहर के नेहरू पार्क, कलश चैराहा, छतरी चैराहा और सुनगढ़ी थाना से होते हुए गांधी स्टेडियम पर समापन हुआ। उक्त रैली में युवा कल्याण विभाग, माय भारत तथा विकासखंड मरौरी एवं ललौरीखेड़ा के रोजगार सेवकों और पंचायत सहायकों एवं पीआरडी के जवानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय विकास की योजनाओं और नीतियों के सटीक निर्माण का आधार है। इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, जिससे कोई भी परिवार या नागरिक छूटे नहीं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), डीसी मनरेगा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांगों की सहायतार्थ गांधी पार्क में आयोजित हुई द्वितीय दीपावली प्रदर्शनी एवं सेल



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। जाग्रत गृहणी तिनिश (रजि.) द्वारा दिव्यांगों की सहायतार्थ हेतु पूरनपुर के गांधी पार्क में द्वितीय दीपावली प्रदर्शनी एवं सेल का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 卐स्वदेशी अपनाओ, विकास बढ़ाओ卐 के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और दिव्यांगों की सहायता करना था। आयोजन के दौरान हस्त-निर्मित दीपावली सजावट, दीप ज्योति, सस्ते दाम पर अच्छा सामान और गृह उपयोगी वस्तुओं की सुंदर सामग्री प्रदर्शित की गई। प्रदर्शनी में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर, इस सामाजिक अभियान में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता,हर्ष प्रधान की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर आयोजक %जाग्रत परिवार% के सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वदेशी अपनाने की अपील की गई।

सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मृतक के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने के चलते घटना घटित होने का आरोप लगाया। जिस पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र में गत 23 अक्टूबर 2026 को शाम करीब साढ़े सात बजे अंग्रेजी शराब भट्टी के पास पैदल जा रहे छेदालाल को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधोटांडा ले जाया गया, जहाँ से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल पीलीभीत और बाद में एक निजी अस्पताल, बरेली रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान 1 नवंबर 2026 को उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के पुत्र लालमन की शिकायत पर माधोटांडा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106(1) के तहत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल, प्राथमिकी दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जैसे उपचार हेतु पीलीभीत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर जेसीबी चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के अंतर्गत बिजली कार्यालय के पास एक अनियंत्रित जेसीबी मशीन संख्या यूपी 27 एटी 5770 ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार मीना देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। शिकायतकर्ता सुरेन्द्र पाल अपनी पत्नी मीना देवी के साथ गत 26 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अपनी ससुराल जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। घायल महिला को इलाज हेतु पीलीभीत के डॉ0 प्रभाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस, 2023 की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर शुरू कर दी है।

कैंटीन संचालक पर हमला और जातिसूचक गालियां देने के मामलें में मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित एक कैंटीन पर पानी के पैसे मांगने को लेकर उपजे विवाद में मारपीट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का मामला सामने आया है।

पीड़ित राजेंद्र ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह अपनी कैंटीन पर बैठे थे, तभी आरोपी अमित गुप्ता अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां आया और पानी पीने के बाद पैसे मांगने पर विवाद करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उनका एक दांत टूट गया, सिर फट गया और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता और एससी/एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

अधूरी पड़ी पुलिया को लेकर सपा नेता ने उठाए सवाल



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। माधोटांडाङ्कपूरनपुर मार्ग पर ग्राम लोधीपुर के पास निर्माणाधीन पुलिया पिछले आठ महीनों से अधूरी पड़ी है, जिससे संपर्क मार्ग बंद होने के कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। इस समस्या का जायजा लेने पहुंचे समाजवादी पार्टी के नेता अशोक राजा ने निर्माण में हो रही देरी पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली और निजी जमीन से रास्ता बनाए जाने पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार के विकास दावों पर तंज कसते हुए कहा कि यह सबका साथ, सबका विकास नहीं बल्कि सबका विनाश आ रहा है। ग्रामीणों ने भी जल्द से जल्द निर्माण पूरा कराने की पुरजोर मांग की है।

पति ने तमंचे से गोली मारकर पत्नी को मौत के घाट उतारा क्षेत्र में फैली सनसनी

निगोही शाहजहांपुर। तीन बर्ष पूर्व प्रेम विवाह के बाद एक युवक ने अपनी पत्नी के तमंचे से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। मौके पर ही पत्नी की मौत हो गई।

गौरतलब है कि क्षेत्र के ग्राम चौढेरा चौढेरी के निवासी राजू पुत्र राम सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया तीन बर्ष पूर्व उसकी बहन रेशमा की शादी पास के गांव त्रिलोकपुर के शिवम् पुत्र शिशुपाल के साथ प्रेम विवाह किया था। अंतर जाति विवाह होने से परिजन नाराज़ थे। रेशमा के ससुराल वाले ससुर शिशुपाल सास मुन्नी देवी ननद निशा के साथ आये दिन मारपीट करने लगे । 20 दिन पूर्व रेशमा अपने मायके चौढेरा चौढेरी में आई थी। शिवम् उसको बुलाने आया था। और भविष्य में मारपीट की घटना नहीं होगी। 3 नवंबर को रेशमा को मायके से बुलाकर ले गया । मारपीट की और तमंचे से गोली मारकर रेशमा को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति शिवम् को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

बंडा रोड पर बाइक से गिरकर महिला गंभीर घायल हुई पुवायांअस्पताल के डॉक्टर ने मृत घोषित किया

पुवाया शाहजहांपुर।। आज 3 नवंबर को तीन बजे सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव सिसोरा (हाल निवासी पुत्तूलाल चौराहा थाना आरसी मिशन) निवासी अलमीर अपनी पत्नी 46 वर्षीय फिरदौस जहां को बाइक से लेकर पीलीभीत के थाना पूरनपुर क्षेत्र में अपनी पुत्री के घर जा रहे थे। साथ मे दूसरी बाइक से उनके साले इलियास और अनीस अहमद भी जा रहे थे। पुवायां थाना क्षेत्र में बंडा रोड पर तितुरा गांव के पास एक गड्ढे में बाइक का पहिया आ जाने के कारण फिरदौस जहां बाइक से गिर गई। गंभीर घायल फिरदौस को पुवायां सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से जानकारी पर मैं सीएचसी पर पहुंचा तो परिजनों में पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पंचायतनामा की कार्रवाई कर पुलिस नेशव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

बौद्धिक प्रतियोगिता में खुशी शुक्ला ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पाया तीसरा स्थान

पुवायां (शाहजहांपुर)। विद्या भारती की बौद्धिक प्रतियोगिता के कथा-कथन (भाषण) वर्ग में खुशी शुक्ला ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में तीसरा स्थान हासिल किया। इस क्षेत्र में मेरठ, ब्रज प्रांत और उत्तराखंड शामिल हैं।

खुशी पुवायां क्षेत्र के बेहटा सनवात गांव स्थित महावीर सरस्वती विद्या मॉदिर की छात्रा हैं। वह जन शिक्षा समिति से शाहजहांपुर जिले की यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली विद्यार्थी बनी हैं।

हाजी लाडले को एक बार फिर मिली समाजवादी पार्टी पूरनपुर नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी



पूरनपुर (पीलीभीत)। विपक्ष में रहने के बावजूद लगातार समाजवादी पार्टी नेतृत्व के दिशा निर्देश पर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी के सच्चे सिपाही के तौर पर हाजी लाडले कोई कोर कसर नही छोड़ी। इसी का परिणाम है कि पार्टी ने उनके प्रति भरोसा जताते हुये एक बार फिर उन्हें पूरनपुर नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। सपा जिला अध्यक्ष ने हाजी लाडले को मनोनयन पत्र देकर पूर्व की भांति पार्टी को मजबूत करने और सपा मुखिया को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की अपेक्षा की है। जिस पर हाजी लाडले में खरा उतरने का भरोसा दिलाया है।

समाजवादी पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देशों एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर जनपद भर में पार्टी का विस्तार करते हुयर महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पीलीभीत से जारी मनोनयन-पत्र के अनुसार पूरनपुर निवासी मुज़फ्फर खाँ उर्फ %हाजी लाडले% पुत्र सिद्दीक अहमद को उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा, लगन और समर्पण को देखते हुए एक बार फिर उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें %नगर अध्यक्ष, पूरनपुर% के पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति पत्र जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार द्वारा 29 अक्टूबर 2026 को जारी किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने नव मनोनीत नगर अध्यक्ष हाजी लाडले से उम्मीद जताई है कि मुज़फ्फर खाँ उर्फ हाजी लाडले के इस पद पर बने रहने से पूरनपुर क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को और मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य तेजी से किया जाएगा। इस मनोनयन की प्रतियां प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष के निजी सचिव को भी सूचनार्थ प्रेषित कर दी गई हैं। दोबारा हाजी लाडले को नगर अध्यक्ष बनाये जाने के बाद से ही उन्हें सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से बधाईयां मिलने का सिलसिला जारी है।

सीएम के दौरे के बीच गोवंश संरक्षण का मुद्दा गरमाया, 10 दिन का दिया गया अल्टीमेटम



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पीलीभीत दौरे के दिन गोवंश संरक्षण का मुद्दा गरमा गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने गोमती उद्गम स्थल की गोशाला में कथित अव्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम कलीनगर को सौंपा। संगठन ने गोशाला की व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि गोवंश को पर्याप्त चारा, भूसा और दाना नहीं मिल रहा है। बीमार पशुओं के उपचार की समुचित व्यवस्था नहीं होने से उनकी हालत बिगड़ रही है। कार्यकर्ताओं ने गोशाला में पानी, प्रकाश, सुरक्षा और सर्दी से बचाव के इंतजामों पर भी सवाल उठाए हैं। संगठन ने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम प्रधान और ठेकेदार की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में बजरंग दल गो-रक्षा प्रमुख विजय राजपूत, प्रखंड मंत्री राजवीर सिंह और विहिप जिला उपाध्यक्ष रूम सिंह यादव शामिल रहे।

शाहजहापुर में ट्रैक्टर की जानकारी नहीं देने पर हमला

पुवायां शाहजहापुर ।। पुवायां में ट्रैक्टर के विवाद को लेकर एक किसान से मारपीट की गई। पीड़ित ने अपने भाई समेत तीन लोगों पर तमंचा दिखाकर हमला करने और जानसे मारनेऔर धमकी देने का आरोप लगाया है पुवायां में ट्रैक्टर के विवाद को लेकर एक किसान से मारपीट की गई। पीड़ित ने अपने भाई समेत तीन लोगों पर तमंचा दिखाकर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

चुरहा गांव निवासी गिरीश कुमार के मुताबिक, 1 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह घर लौट रहे थे। गांव में खेत के पास पहुंचने पर तीन लोगों ने उन्हें रोक लिया।आरोप है कि ट्रैक्टर के बारे में जानकारी नहीं देने पर तीनों ने गिरीश के साथ मारपीट की। विरोध करने पर उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और सिर के पिछले दिप्पे पर वार कर घायल कर दिया।मारपीट की। विरोध करने पर उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और सिर के पिछले हिस्से पर वार कर घायल कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस घायल गिरीश को सरकारी अस्पताल ले गई। पीड़ित ने आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली प्रभारी आरके रावत ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम पंचायत सपहा नया

विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत

–निविदा–

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सपहा नया की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्त अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय सपहा नया पर दिनांक– 04.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 12.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 13.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सपहा नया पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्री जयदेई (प्रशासक) श्री बृजेश कुमार (सचिव)

सकारात्मक सोच से ही संभव है शांति और विकास- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद पीलीभीत के ग्राम नूरानपुर मुड़िया स्थित शिव मंदिर पहुंचकर आयोजित रामकथा का श्रवण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर का लोकार्पण किया एवं मंदिर में पूजा अर्चना की। यह कथा आयोजन पूज्य महंत शांतिनाथ की पावन स्मृति में महंत हनुमंत नाथ जी द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं जनसमुदाय को संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि जहां नकारात्मकता होती है, वहां महा-अशांति और अराजकता पनपती है, जबकि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने पर ही समाज और प्रदेश में शांति एवं सर्वांगीण विकास संभव होता है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम के कायाकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि आज अयोध्या में सड़क, रेलवे सहित सभी आधुनिक बुनियादी सुविधाओं का अभूतपूर्व विकास किया गया है। भव्य राम मंदिर का निर्माण पूर्ण होने के बाद अब प्रतिदिन लगभग एक लाख श्रद्धालु भगवान श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 07 नवंबर को अयोध्या में भव्य एवं अलौकिक दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश और देश की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत तुष्टिकरण के स्थान पर संतुष्टीकरण और सर्वसमावेशी विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम में आज करोड़ों श्रद्धालु एक साथ निर्विघ्न स्नान व दर्शन करते हैं, वहीं भक्ति की अनूठी अनुभूति के लिए मथुरा-वृंदावन का स्वरूप विश्वविख्यात है। जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बिना किसी भेद-भाव के प्रदेश के पात्र लाभार्थियों को मुफ्त राशन योजना, रू0 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा (आयुष्मान भारत), युवाओं को पारदर्शी नौकरी, और किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं से सीधे लाभान्वित किया जा रहा है। कथा कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी मिलें) उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार, जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, माननीय विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, माननीय विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिलाधिकारी आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव सहित समस्त सम्मानित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दीपावली और होली पर मिलेंगे दो नि:शुल्क गैस सिलेंडर



पीलीभीत। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत शासन द्वारा दीपावली और होली के अवसर पर लाभार्थियों को दो नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पीलीभीत के लाभार्थियों के खाते में 641.50 रुपये की सब्सिडी धनराशि अंतरित की जाएगी। योजना का उद्घाटन आज लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीलीभीत के गांधी सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया, जिसे उपस्थित अधिकारियों एवं लाभार्थियों ने देखा और सुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद ने की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, मुख्य विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला नोडल एलपीजी अधिकारी, आपूर्ति विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों, एलपीजी वितरकों तथा लाभार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान 10 लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक भी वितरित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि योजना के लाभार्थियों को पहले उपभोक्ता मूल्य पर गैस सिलेंडर रिफिल कराना होगा। इसके बाद कुछ दिनों के भीतर निर्धारित सब्सिडी की धनराशि उनके बैंक खातों में अंतरित कर दी जाएगी। योजना का उद्देश्य उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को त्योहारों के अवसर पर राहत प्रदान करना है।

दीपावली पर आदेश ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के प्रधानाचार्य ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रेस के पदाधिकारियों को किया सम्मानित



बीसलपुर। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर आदेश ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के प्रधानाचार्य प्रभात गंगवार ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रेस के पदाधिकारियों को मिठाई भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सभी पदाधिकारियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज की शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रभात गंगवार ने संगठन की एकता, सामाजिक सरोकारों और निष्पक्ष पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है। पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से जनहित के मुद्दों को उठाने के साथ-साथ शोषित, वंचित और पीड़ित लोगों की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। वहीं, इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रेस के पदाधिकारियों ने सम्मान एवं मिठाई भेंट करने के लिए प्रधानाचार्य प्रभात गंगवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पत्रकारों के हितों की रक्षा, संगठन की एकजुटता और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और एकता के साथ दीपावली मनाने का संदेश दिया।

दियोरिया मेले में रावण पुतला दहन होते ही जय श्री राम के उदघोष से गूंजा मेला मैदान

दियोरिया कला। कस्बा दियोरिया कलां में चल रहे मेला श्री रामलीला में रावण वध लीला का सुंदर मंचन किया गया। हजारों की संख्या में आसपास गांवों के लोग मेला मैदान में रावण पुतला दहन लीला मंचन देखने पहुंचे। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रावण का विशालकाय पुतला जलते ही मेला परिसर जय श्रीराम के उदघोष से गूंज उठा। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मेला में पुलिस तैनात रहा। दोपहर 4 बजे मेला मैदान में मंगलवार को लीला का शुभारम्भ किया गया। प्रथम दृश्य में अपने वंशजों के लगातार मारे जाने पर लंकापति रावण चिंतित हो जाता है।महाबलिशाली पाताल लोक के राजा अहिरावण के पास जाकर उन्हें राम से युद्ध करने को भेजता है। अहिरावण विभीषण का रूप धारण कर राम के शिविर में पहुंच जाता है। सभी वानरों को सम्मोहन मंत्र से बेहोश कर राम-लक्ष्मण को चुराकर पाताल लोक ले जाता है। अपनी यज्ञशाला में दोनों भाइयों की बलि चढ़ाने के लिये यज्ञ करता है। पवन पुत्र हनुमान पाताल लोक पहुंच जाते हैं। द्वार पर उनके ही अंश मकरध्वज उन्हें रोकने का प्रयास करते हैं। दोनों के बीच युद्ध होता है। युद्ध में हनुमान मकरध्वज को परास्त कर बंदी बना लेते है।बाद में अहिरावण की सारी शक्ति क्षीण कर और उसका वध कर राम, लक्ष्मण को सकुशल शिविर में वापस ले आते है। अहिरावण की मृत्यु का समाचार पाकर रावण गुस्से से क्रोधित जाता है। स्वयं ही रणभूमि में राम से युद्ध करने पहुंच जाता है। रावण आग्नेयास्त्रों से राम की वानर सेना को पछाड़कर भगाने लगता है। राम अपने बाणों से रावण के सिरों व भुजाओं को काटकर धरती पर गिरा देते है। कटी भुजाओं व सिरों की जगह नये सिर व भुजाएं पुनरू बन जाते है। जिसे देखकर राम चिन्चित हो उठते हैं। विभीषण से रहस्य हासिलकर राम एक साथ 31 बाण छोड़ते है जिससे रावण के दसों शीश, बीसों भुजाएं तथा 1 बाण उसके नाभि में लगता है। जिससे नाभि का अमृत सूख जाता है जिससे वह कटे वृक्ष की तरह वह धरती पर गिर पड़ता है। बाद में मेला ग्राउंड में खड़ा किया गया रावण का विशालकाय पुतला जलाया गया। रावण का पुतला जलते ही जय श्री राम के उदघोष से पूरा परिसर राम मय हो गया। मेला में सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा बंदोबस्त रहा पुलिस मेले में सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे चप्पे पर तैनात रही।

सम्बन्ध विच्छेद
मैं अवरार खॉ आयु करीब 53 वर्ष पुत्र श्री शहजादे खॉ निवासी ग्राम चन्दोई थाना कोतवाली तहसील व जिला पीलीभीत। मैनें अपने पुत्र मो0 इकरार पुत्र को गलत आचरण व्यवहार के चलते चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र से मेरे व मेरे परिवार का भविष्य में कोई भी वास्ता नहीं रहेगा। वह अपनी करनी के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जनगणना-2027, स्व-गणना प्रशिक्षण के लिए ब्लाक मास्टर ट्रेनर नामित करने के निर्देश

पीलीभीत। जनगणना निदेशालय, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 16 नवम्बर 2026 से 30 नवम्बर 2026 तक स्व-गणना की अवधि निर्धारित की गई है। इस दौरान ब्लाक एवं खण्ड स्तर पर स्व-गणना संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विकासखण्ड से दो ब्लाक मास्टर ट्रेनर नामित किए जाने हैं, जिन्हें जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला जनगणना अधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विकासखण्ड में विकास एवं शिक्षा विभाग की ओर से दो-दो ब्लाक मास्टर ट्रेनरों का नामांकन सुनिश्चित करें। नामित मास्टर ट्रेनरों की सूचना नाम, पदनाम एवं मोबाइल नम्बर सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि समयबद्ध तरीके से जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। जनगणना-2027 की स्व-गणना प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया है।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित कय्यूम गिरफ्तार, तमंचा और दो कारतूस बरामद

बीसलपुर। गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे कय्यूम उर्फ झब्बू को करेली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। करेली पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, सोमवार रात मुखबिर से आरोपी के संबंध में सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने मीरपुर हीरपुर के पास चकर मार्ग तिराहे पर कार्रवाई की। रात करीब 10:46 बजे कय्यूम उर्फ झब्बू को पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से तमंचा और कारतूस मिलने का दावा किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी मूल रूप से बरेली जिले के क्योलड़िया थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव का निवासी है। वर्तमान में वह बीसलपुर के मोहल्ला सराय में मस्जिद के पास रह रहा था। करेली थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में पुलिस को उसकी तलाश थी। पुलिस की ओर से जारी आपराधिक विवरण में आरोपी के खिलाफ बरेली और पीलीभीत के विभिन्न थानों में कुल 13 मुकदमे दर्ज होने का उल्लेख है। इनमें चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत अन्य धाराओं के मामले शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

थाना जहानाबाद पुलिस ने अभियुक्त को अवैध तमंचा एवं जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल

पीलीभीत। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जहानाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02 नवंबर 2026 को थाना जहानाबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सियावाड़ी पट्टी रेलवे क्रॉसिंग के निकट से इस्लाम पुत्र गुलाम साबिर उर्फ टुण्डा खां निवासी ग्राम परेवा वैश्या, थाना जहानाबाद, जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर तथा दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए। बरामदगी के आधार पर थाना जहानाबाद में मु0अ0सं0 375,2026 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमर कुमार, हेड कांस्टेबल रविकान्त तथा हेड कांस्टेबल सुरेश सिंह शामिल रहे।

गजरौला पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास, 19 हजार रुपये जुर्माना

पीलीभीत। नपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर अभियुक्तों को न्यायालय से सजा दिलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गजरौला पुलिस एवं मॉनीटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी से एक अभियुक्त को तीन वर्ष के कारावास और कुल 19 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। पुलिस के अनुसार, 23 जुलाई 2023 को प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गजरौला में मुकदमा अपराध संख्या 226ध्2023 के तहत धारा 323, 354बी, 457, 504 और 506 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की गहन विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों एवं सबूतों के आधार पर अभियुक्त सुरेश चन्द्र पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम मुड़ेसा खुर्द, थाना गजरौला, जनपद पीलीभीत के विरुद्ध एक सितंबर 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायालय पीलीभीत में न्यायाधीश श्री रविन्द्र कुमार के न्यायालय में हुई। विचारण के दौरान पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं सबूतों के आधार पर अभियुक्त को दोषसिद्ध पाया गया। तीन नवंबर 2026 को माननीय न्यायालय ने अभियुक्त सुरेश चन्द्र को संबंधित धाराओं में दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कारावास एवं कुल 19,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई में थाना गजरौला पुलिस, मॉनीटरिंग सेल तथा न्यायालय पैरोकार की प्रभावी पैरवी महत्वपूर्ण रही। जनपद पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय से सजा दिलाने के अभियान को जारी रखने की बात कही है। सजायाफ्ता अभियुक्त में सुरेश चन्द्र पुत्र कालीचरन, निवासी ग्राम मुड़ेसा खुर्द, थाना गजरौला, जनपद पीलीभीत।

बरखेड़ा में शुद्ध सरसों के तेल के नाम पर केमिकल बेचने का आरोप

बरखेड़ा (पीलीभीत)। दीपावली के त्योहार को देखते हुए बाजार में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और मिलावटखोरी को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। इसी बीच बरखेड़ा नगर की स्टेशन रोड स्थित अजय राठौर ट्रेडर्स पर शुद्ध सरसों के तेल के नाम पर कथित रूप से मिलावटी तेल और केमिकल बेचने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले में एक पत्रकार को धमकी दिए जाने का दावा भी सामने आया है, जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुकान पर नीले ड्रमों में कथित तौर पर केमिकल लाया जाता है। आरोप है कि इसे किसी भूमिगत स्थान पर फिल्टर करने के बाद तेल के रूप में नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बेचा जाता है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि खाद्य पदार्थों में मिलावट की जा रही है तो इससे आम उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने के मद्देनजर लोगों ने संबंधित विभाग से बाजार में बिकने वाले खाद्य तेलों की गुणवत्ता की जांच कराने और मिलावटखोरी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को लेकर एक पत्रकार द्वारा कथित गतिविधियों का वीडियो बनाए जाने की बात सामने आई है। आरोप है कि वीडियो बनाए जाने के बाद दुकानदार अजय राठौर ने पत्रकार को धमकी दी। कथित तौर पर उन्होंने कहा कि यदि उनके संबंध में कोई वीडियो वायरल किया गया तो वह पत्रकारों के खिलाफ 105 लाख रुपये खर्च कर देंगे। हालांकि, इस कथित धमकी की भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। प्रकरण सामने आने के बाद पत्रकारों की सुरक्षा और जनहित से जुड़े मामलों को उजागर करने वाले पत्रकारों के साथ व्यवहार को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। लोगों का कहना है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट जैसे गंभीर विषयों की शिकायतों पर संबंधित विभाग को तत्परता से कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर संबंधित प्रतिष्ठान की जांच कराने की मांग की है। साथ ही, कथित रूप से इस्तेमाल किए जा रहे ड्रमों में रखे पदार्थों, तेल के नमूनों और बताए जा रहे भूमिगत स्थान की जांच कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठाई है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इन आरोपों का संज्ञान लेकर जांच करता है या नहीं। दीपावली के त्योहार पर उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना तथा मिलावट की शिकायतों पर निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई करना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

राज्याभिषेक के प्रसंग के साथ कथा का समापन, श्रद्धालु मस्ती में झूमें फूलों की वर्षा कर मनाया उत्सव



बीसलपुर, पीलीभीत। बीसलपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम नूरनपुर मुड़िया में भगवान का नाम जपने मात्र से ही मानव के अंदर बसे राक्षस का नाश हो जाता है। जहां ज्ञान होता है, वहां अपराध पनपता ही नहीं है। यह बातें अंजनी शरण महाराज ने मंगलवार को नूरानपुर के गोरक्ष पीठ आश्रम परिसर में आयोजित नौ दिवसीय राम कथा के अंतिम दिन कथा व्यास ने मेघनाथ, कुम्भकर्ण, राम रावण युद्ध एवं वध और राम वन गमन के बाद अयोध्या वापस आने का और राम राज्याभिषेक का भाव पूर्ण वर्णन किया। श्रीराम अपनी वानर सेना और सुग्रीव, लक्ष्मण के साथ समुद्र तट पर पहुंचे। समुद्र पार करने के लिए नल और नील की देखरेख में समुद्र पर राम सेतु का निर्माण किया गया जिससे पूरी सेना लंका पहुंची थी। रावण के भाई विभीषण जब धर्म और सत्य का साथ देकर भगवान श्रीराम की शरण में आए, तो भगवान राम ने युद्ध से पहले ही उनका लंका के राजा के रूप में प्रतीकात्मक राज्याभिषेक किया था। श्रीराम-रावण और उनकी सेनाओं के बीच भयंकर युद्ध हुआ, जिसमें कुंभकर्ण, मेघनाद और अन्य बड़े योद्धाओं का वध हुआ। अंत में प्रभु श्रीराम ने दिव्य अस्त्र ब्रह्मास्त्र से लंकापति रावण का वध कर दिया। रावण के वध के बाद विभीषण को लंका का राजा बनाया गया। उसके बाद माता सीता की पवित्रता की परीक्षा लेने लिए अग्निपरीक्षा प्रसंग का संक्षिप्त से वर्णन किया। जिसमें असली मां सीता अग्नि से प्रकट होकर बाहर आई और भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण पुष्पक विमान पर सवार होकर अयोध्या की ओर आते है। चैदह वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद श्रीराम अयोध्या पहुंचे तो बहां नंदीग्राम में भरत से उनका अत्यंत भावुक मिलन हुआ था।

शुभ मुहूर्त में श्रीराम का भव्य राज्याभिषेक हुआ और वे अयोध्या के राजा बने। उनके राज्य में सुख, शांति और धर्म की स्थापना हुई, जिसे श्रामराज्यश् कहा गया था। अंजनी शरण महाराज ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि जहां प्रकाश होता है, वहीं भगवान का वास होता है। ज्ञान की पुंजि अगर हमारे पास है तो अंधकार अपने आप दूर हो जाता है। ज्ञान कथाओं और सत्संग से ही प्राप्त किया जा सकता है। प्रेम ही भक्ति का सार है। भगवान के दर्शनमात्र से भव बंधन कट जाएं ऐसा आवश्यक नहीं है।

लखीमपुर खीरी में सजा चिकित्सकों का महाकुंभ 'लिमाकॉन 2026'

नवीनतम चिकित्सा तकनीकों पर हुआ मंथन, वरिष्ठ चिकित्सक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी सम्मानित



लखीमपुर खीरी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लखीमपुर खीरी की ओर से 2 नवंबर 2026 को भव्य राज्यस्तरीय चिकित्सा महासम्मेलन 'लिमाकॉन 2026' का आयोजन किया गया। इस महाकुंभ में प्रदेश भर से जुटे ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों ने चिकित्सा विज्ञान के आधुनिक अनुसंधानों, रोबोटिक शल्यक्रिया और नवीन उपचार पद्धतियों पर गहन मंथन किया। इस अवसर पर 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ चिकित्सकों और जनस्वास्थ्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

आईएमए के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश वर्मा और सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. एन.के. वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस एकदिवसीय महासम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के सामान्य शल्यक्रिया विभागाध्यक्ष डॉ. ए. ए. सोनकर ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। जिले के समस्त प्रतिष्ठित चिकित्सक संगठन के बैनर तले एक मंच पर एकत्र हुए।

वैज्ञानिक सत्रों में विभिन्न गंभीर बीमारियों के आधुनिक उपचार पर व्यापक चर्चा हुई। डॉ. सिद्धार्थ सिंह ने सिर की गंभीर चोटों और उनके आधुनिक प्रबंधन पर व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. श्रेया गुप्ता ने निःसंतानता और परखनली शिशु (आईवीएफ) तकनीक के नवीनतम विकल्पों पर प्रकाश डाला। सौंदर्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. प्रभा सिंह ने बढ़ती उम्र के प्रभावों और उससे जुड़ी भ्रांतियों के समाधान बताए। वहीं, डॉ. आशीष ने यकृत प्रत्यारोपण (लिवर ट्रांसप्लांट) और यकृत रोगों के आधुनिक उपचार से अवगत कराया। अयोध्या से पधारे डॉ. वीरेन्द्र वर्मा एवं कैंसर शल्य चिकित्सक डॉ. विवेक मेहरोत्रा ने भी अपनी उपस्थिति से विमर्श को समृद्ध किया। मुख्य अतिथि डॉ. ए. ए. सोनकर ने आधुनिक रोबोटिक शल्यक्रिया की उपयोगिता और भविष्य की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया।

सत्र के दौरान संगठन की गतिविधियों और उपलब्धियों को दर्शाने वाली वार्षिक स्मारिका 'प्रवर' का विमोचन किया गया। सम्मेलन में लगी अत्याधुनिक औषधीय व उपकरण प्रदर्शनी के साथ-साथ नर्सिंग एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राओं के लिए मॉडल व पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें 25 से अधिक टीमों ने अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया।

शाम के सत्र में जीवन के 70 वसंत पूर्ण कर चुके जिले के वरिष्ठतम चिकित्सकों को समाज और चिकित्सा जगत में उनके अमूल्य योगदान के लिए भावभीना सम्मान दिया गया। इसी मंच पर लखीमपुर खीरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्वास्थ्य सेवाओं में कुशल नेतृत्व के लिए 'लोक स्वास्थ्य उत्कृष्टता एवं नेतृत्व सम्मान' से नवाजा गया। अंत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भव्य उत्सव संध्या के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन का समापन हुआ, जिसने जिले के चिकित्सा इतिहास में आपसी एकजुटता और ज्ञान के आदान-प्रदान का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

लखीमपुर महोत्सव में 04 नवंबर को सजेगी काव्य की महफिल, जुटेंगे देशभर के नामचीन कवि

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर महोत्सव के तहत 04 नवंबर को भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान देश के ख्यातिप्राप्त कवि अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को साहित्य, हास्य और ओज की रसधारा में सराबोर करेंगे।कवि सम्मेलन को लेकर साहित्य प्रेमियों और कविता के शौकीनों में खासा उत्साह है।

शिव कॉलोनी में सड़क बदहाल, जिम्मेदारों की उदासीनता से मोहल्लेवासी परेशान

लखीमपुर-खीरी। शहर के मोहल्ला शिव कॉलोनी में ओम क्लीनिक से रामशरन वर्मा के मकान तक जाने वाली सड़क बदहाली का शिकार है। सड़क की खराब स्थिति के चलते स्थानीय निवासियों और राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि सड़क की समस्या को लेकर जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर

पत्रांकः-1183/न.पा.परि.बी./2026-27 **दिनांक 02-11-2026**

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बीसलपुर नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/ राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकार विभाग में निर्धारित श्रेणी में कार्य की लागत सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादातों से प्रतिशत दर से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिनके लिये ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादातों का सलाह दी जाती की उक्त ई-निविदा में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन को देखने के लिये वेबसाइट का समय-समय का अवलोकन करते रहें।
विवरण निम्नांकित है-

बिड प्रकाशन/अपलोड करने की तिथि	03-11-2026	अपराहन 11:00 बजे से
आनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि	03-11-2026	अपराहन 11:00 बजे से
बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि	18-11-2026	अपराहन 5:00 बजे तक
बिड खुलने की तिथि	19-11-2026	अपराहन 10:00 बजे से खुलने तक

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
(पीलीभीत)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
(पीलीभीत)

सुभाषित

इस दुनियामें प्रत्येक बीमारीका इलाज है परन्तु किसी भी शास्त्र या विज्ञानमें मूर्खताका कोई इलाज या उपाय नहीं है। ❐ *भर्तृहरि शतक*

पांच राज्यों में घटे मतदाता

वर्ष २०२७ में उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, मणिपुर और गोवामें विधानसभाओंके चुनाव होने वाले हैं। इसके लिए इन पांच राज्योंमें राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गयी है। खास बात यह है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाताओंकी संख्यामें १३.२४ प्रतिशतकी गिरावट आयी है। उपलब्ध ताजे आंकड़ोंके अनुसार इन पांच राज्योंको मिलाकर मतदाताओंकी संख्या लगभग १८.७१ करोड़से घटकर १६.४३ करोड़ रह गयी है। अर्थात् २.२९ करोड़ कमी आ गयी है। सबसे खास बात यह भी है कि इन पांच राज्योंमें सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है, जहां १३.२४ प्रतिशत मतदाता कम हुए हैं। चुनावसे कुछ माह पूर्व मतदाता सूचियोंके एसआईआरने चुनावी राजनीतिके साथ-साथ लोकतांत्रिक प्रक्रियाको लेकर गम्भीर बहस छेड़ दी है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पदसे हटानेके लिए बड़े आन्दोलन शुरू हो गये हैं। एसआईआरके बाद राज्योंमें घटे मतदाताओंका चुनावी राजनीतिपर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। वैसे एसआईआरका मूल उद्देश्य मतदाता सूचीको शुद्ध करना, मृतकों, स्थानान्तरित हो चुके लोगों और दोहरी प्रविष्टियोंको हटाना तथा पात्र नागरिकोंको सूचीमें शामिल करना है लेकिन पांच चुनावी राज्योंमें अन्तिम मतदाता सूचीके आंकड़ोंने यह प्रश्न भी खड़ा कर दिया है कि इतनी बड़ी संख्यामें नाम हटनेके बाद यह सुनिश्चित कैसे होगा कि कोई वास्तविक और पात्र मतदाता मतदानके अधिकारसे वंचित नहीं रह जाय। एसआईआर प्रक्रियाको लेकर कुछ विसंगतियां सामने आयी हैं और गड़बड़ीके आरोप भी लगे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है जहां मतदाताओंमें कमीकी भागीदारी ९० प्रतिशत है। उत्तर प्रदेशकी ४०३ सदस्यीय विधानसभा और उसकी राष्ट्रीय राजनीतिक महत्ताको देखते हुए मतदाता सूचीमें दो करोड़से अधिक मतदाताओंका कम होना राजनीतिको प्रभावित करने वाली घटना है। इससे चुनावी गणितके समीकरण प्रभावित होंगी। विशेष बात यह भी है कि उत्तर प्रदेशमें सूचीसे हटाये गये ८४ लाख अन्तिम सूचीमें वापस आ गये। इसके निहितार्थ भी अलग हैं। उत्तराखण्ड और गोवाकी स्थिति भी चिन्ताजनक है। मतदाता सूचीमें इतनी बड़ी संख्यामें बदलावसे राजनीतिक विवाद भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए चुनाव आयोगके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती निष्पक्षताको लेकर है। आगामी चुनाव भारतीय लोकतंत्रमें मतदाता सूचीकी शुद्धता और नागरिकके मतदान अधिकारके बीच सन्तुलनकी बड़ी परीक्षा है। इसका सीधा प्रभाव २०२७ के विधानसभा चुनावोंकी विश्वसनीयतापर भी पड़ सकता है।

हवाई किराये के नये नियम

केन्द्र सरकारने दूरदर्शी फैसला लेते हुए विमानन क्षेत्रके लिए जो नये नियम जारी किये हैं वह सर्वथा उचित और न्यायसंगत है। इसमें हवाई किरायेकी निगरानी और आवश्यकतानुसार कम्पनियोंको अस्थायी निर्देशका प्रावधान महत्वपूर्ण माना जायगा, क्योंकि इससे विमानन कम्पनियोंकी हवाई किरायेमें मनमानीपर अंकुश लगेगी। नये नियमके तहत टिकटका मूल किराया, कर और अन्य शुल्ककी स्पष्ट जानकारी देनेके लिए कम्पनियां बाध्य होंगी। नये नियम एक जनवरीसे लागू होगी जो ८९ वर्ष पुराने नियमोंकी जगह लेंगे। हालांकि सामान्य तौरपर टिकटकी कीमतोंपर कोई स्थायी सीमा लागू नहीं होगी, लेकिन नियमित सेवाएं देने वाली विमानन कम्पनियोंको परिचालन लागत समेत विभिन्न कारकोंके आधारपर किराया तय करना होगा। इसके लिए किरायेका विवरण नागरिक उड्डयन महानिदेशालयको सौंपनेकी अनिवार्यता सार्थक पहल है। इन नियमोंके उल्लंघनपर एक करोड़ रुपयेतक जुर्मानेका प्रावधान है, जो विमानन कम्पनियोंके लिए कड़ा सन्देश है। साथ ही कुछ और कड़े प्रावधानोंको जोड़ा गया है जो सुरक्षाकी दृष्टिसे महत्वपूर्ण है, जैसे हवाई क्षेत्रमें फोटोग्राफीपर एक लाख और उड़ते विमानसे तस्वीर लेनेपर दो लाख रुपयेतक जुर्मान हो सकता है। निगरानी व्यवस्था और सुरक्षा प्रबन्धनका पालन नहीं करनेपर लाइसेंस निलम्बित या रद भी किया जा सकता है। वहीं सर्वोच्च न्यायालयने त्योहारी सीजनको देखते हुए हवाई किरायेमें सात सौ फीसदीतक आरोप लगाने वाली याचिकापर जल्द सुनवाईके लिए बार-बार किये जा रहे आग्रहको सोमवारको तत्काल सुनवाईसे इनकार करते हुए दो-टूक कहा 'हवाई यात्रा न करें।' इस सम्बन्धमें न्यायमूर्ति विक्रमनाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति अमरेश सिंहकी पीठका यह कहना महत्वपूर्ण है कि यह अर्जी हवाई किरायेको नियंत्रित करनेकी मांगको लेकर है जो पहलेसे लम्बित एस. लक्ष्मी नारायणनकी जनहित याचिकामें शामिल है। हवाई किरायेको लेकर केन्द्र सरकारके नये नियमको कड़ाईसे लागू करनेकी जरूरत है।

लोक संवाद

महापुरुष

महोदय,-भारतमें बहुतसे महापुरुष हुए। इन महापुरुषोंने भारतको ही नहीं, बल्कि दुनियाको अच्छे मार्गपर ले जानेके लिए बहुतसे काम किये और दुनियाके लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषोंमेंसे एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकताकी भावनाको बढ़ानेके रूपमें भी मनाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेलने देशको आजाद करवानेके साथ-साथ देशकी एकताको मजबूत करनेमें मुख्य भूमिका निभायी थी। इन्होंने किसानोंको उनका हक अंग्रेजोंसे दिलानेके लिए काम किये थे। सरदार वल्लभ भाई पटेलको आज भी जिस मुख्य कार्यके लिए याद किया जाता है वह है देसी रियासतोंका एकीकरण। आज भारतको उनके विचारोंको कार्यरूप देनेकी जरूरत है। **-राजेश, वाया ईमेल।**

समाधान नहीं है करों में छूट देना

पिछले काफी समयसे भारतके शेयर बाजारोंमें विदेशी संस्थागत निवेशक बड़ी मात्रामें विदेशी मुद्रा बाहर ले जा रहे हैं। वर्ष २०२६-२७ में विदेशी संस्थागत निवेशक १.७ लाख करोड़ रुपयेकी बिकवाली कर चुके हैं, जिससे रुपयेपर दबाव बन रहा है। नीति-निर्मात चिन्तित हैं और भारतकी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

❐ प्रोफेसर अश्विनी महाजन

विदेशी संस्थागत निवेशकोंको आकर्षित करनेका एक महत्वपूर्ण तरीका करोंमें रियायत देनेसे संबंधित है। ५ जून २०२६ को सरकार और रिजर्व बैंकने स्वीकृत बांडोंसे होने वाले पूंजीगत लाभको पूर्वके १२.५ प्रतिशत पूंजीगत लाभ कर और आयकरसे छूट दी गयी है। इसके अलावा पूर्वमें जहां १५, ३० और ४० वर्षके ब्रांड विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक नहीं खरीद सकते थे, लेकिन अब उन्हें इसकी अनुमति दी गयी है। इसी प्रकार अन्य प्रकारकी रियायतें भी विदेशी संस्थागत निवेशकोंको दी गयी हैं। लेकिन उसके बावजूद इन निवेशकोंकी बिकवाली बदस्तूर जारी है। लेकिन यह जरूर हुआ है कि अब विदेशी संस्थागत निवेशकोंने सरकारी बांडोंमें निवेश बढ़ा दिया है। हालांकि सरकारने विदेशी संस्थागत निवेशकोंकी सरकारी ऋण प्रतिभूतियोंपर आयकर और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभोंसे छूट पहले ही दे दी है, अब उनकी मांग है कि उन्हें शेयरोंपर मिलने वाले पूंजीगत लाभों और अन्य लाभोंपर करसे छूट मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि यह छूट उनको पहले भी प्राप्त थी। दूसरे, विदेशी निवेशक सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में भी कमी चाहते हैं। गौरतलब है कि इस साल बजटमें सरकारने 'फ्यूचर और ऑप्शन' (एफएंडओ) में एसटीटी को बढ़ाया था। पिछले सालोंमें एफएंडओकी वजहसे रिटेल इन्वेस्टरोंको बड़ा घाटा उठाना पड़ा था और इसका फायदा बड़ी विदेशी कम्पनियोंने उठाया।



करोंमें छूट अथवा अन्य सुविधाएं वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बिकवालीको नहीं रोक पायगी, क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशक देशमें करों अथवा नियमोंके कारण बिकवाली नहीं कर रहे, बल्कि दुनियामें बदलते हालात विदेशी निवेशकों द्वारा भारतमें उनके द्वारा शेयरोंकी बिक्रीका कारण बन रहे हैं। भारत एक उभरती अर्थव्यवस्था है और भारतसे इन संस्थागत निवेशकोंको खासा लाभ भी हुआ है। दशकोंतक विदेशी संस्थागत निवेशक भारतसे ३० से ४० प्रतिशत लाभ कमाते रहे हैं। वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशक कई अन्य कारणोंसे अपने शेयर बेच रहे हैं।

सेक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) की रिपोर्टके अनुसार ४८५० करोड़ रुपयेका गैर-कानूनी लाभ 'जेनस्ट्रीट' सरीखी कम्पनीने एफएंडओसे कमाया। कुल मिलाकर कम्पनीने जनवरी २०२३ और मार्च २०२५ के बीच ३६७०० करोड़ रुपयेका लाभ कम्पनीने कमाया। यह लाभ वास्तवमें छोटे निवेशकोंका नुकसान है। तीसरे, विदेशी संस्थागत निवेशक चाहते हैं कि प्राइवेट एक्टिविटी फंड टाइगर ग्लोबलसे संबद्ध मामलेमें जो सुप्रीम कोर्टका निर्णय आया है, उसके बारेमें यह स्पष्ट करें कि २०२७ के पूर्वके निवेशपर भारतीय टैक्स लागू होंगे अथवा नहीं। गौरतलब है कि २०१७ में भारतने मॉरीशसके साथ दोहरे टैक्स वचन समझौतेमें बदलाव कर दिया था और मॉरीशसके रास्ते आने वाले निवेशपर कर लगानेका निर्णय लिया था। चौथे, विदेशी संस्थागत निदेशक अन्य प्रकारसे सुविधाएं चाहते हैं, जैसे टैक्स रिफंडको आसान बनाना, केवाईसी और लाभार्थीका खुलासा करनेकी अनिवार्यतासे मुक्त किया जाय। समझा जा सकता है कि विदेशी संस्थागत निवेशक वे सभी सुविधाएं चाहते हैं जो अभीतक घरेलू निवेशकोंको उपलब्ध नहीं हैं। करोंमें छूट अथवा मुक्ति अथवा केवाईसी नियमोंमें छूट आदि देशके लिए अमंगलकारी होते हैं। सर्वप्रथम हालांकि सरकारने पहलेसे ही सरकारी प्रतिभूतियोंमें निवेशसे आय और पूंजीगत लाभोंको कर मुक्त कर दिया है, यदि शेयरोंको भी करोंसे मुक्त किया जायगा तो उसका नुकसान सरकारी राजस्वको होगा, जिससे भारत सरकारका राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है, जो महंगी बढ़ाने वाला और भविष्यकी पीढ़ियोंपर कर्ज भी बढ़ाने वाला है। गौरतलब है कि विदेशी संस्थागत निवेशकोंको सरकारी बांडोंपर पूंजीगत लाभ और आयकरमें छूटसे लगभग १०,००० करोड़के राजस्वका नुकसान होगा। अब जब विदेशी निवेशक यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें शेयरोंपर होने वाले पूंजीगत लाभ और आयपर भी करकी छूट मिले तो यह नुकसान कई गुना होनेकी संभावना है। दूसरे, विदेशी निवेशकोंपर करमें रियायतको भारतीय निवेशकोंके साथ भेदभाव भी माना जा सकता है। इससे भारतीयों द्वारा बचतका प्रोत्साहन घटेगा, जिससे विदेशियोंपर निर्भरता बढ़ सकती है। तीसरे, विदेशी निवेशकोंकी एसटीटी कम करनेकी मांग, आय निवेशकके लिए अत्यंत घातक है। २०२६-२७ के बजटमें एसटीटी बढ़ानेके कारण एफएंडओमें छोटे निवेशकोंका आकर्षण कम हुआ है, जिससे विदेशी संस्थागत निवेशकोंका अनुचित लाभ कम हुआ है। ऐसेमें एसटीटीको कम करनेकी मांग अनुचित तो है ही, यदि यह मांग मान ली जायगी तो छोटे निवेशकोंको बड़ा नुकसान जारी रहेगा। चौथे, विदेशी संस्थागत निवेशक चाहते हैं कि उनके लाभार्थी निवेशकोंकी जानकारीको गुप्त रखा जाय, इसलिए वे केवाईसी नियमोंसे छूट जाते हैं। इससे पहले यूपीए शासनकालमें विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा पार्टिसिपेटरी नोट्सके माध्यमसे भारतके शेयर बाजारोंमें पैसा लगाया जाता था। इस पद्धतिका खासा विरोध हुआ था, क्योंकि ऐसा माना जा रहा था कि पार्टिसिपेटरी नोट्सके माध्यमसे आतंकवादी संघटनों एवं अन्य प्रकारकी गैर-कानूनी स्रोतोंसे पैसा भारतके शेयर बाजारमें आता है और उससे होने वाले लाभ भारतके खिलाफ ही इस्तेमाल किये जाते हैं। यदि केवाईसी नियमोंको शिथिल किया जायगा तो यह कानूनी रूपसे अनुचित ही नहीं, बल्कि गैर-कानूनी गतिविधियोंको बढ़ावा देने वाला और राष्ट्रीय सुरक्षाके लिए खतरे वाला होगा। अधिकांश आर्थिक विश्लेषक यह मानते हैं कि करोंमें छूट अथवा अन्य सुविधाएं वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बिकवालीको नहीं रोक पायगी, क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशक देशमें करों अथवा नियमोंके कारण बिकवाली नहीं कर रहे, बल्कि दुनियामें बदलते हालात विदेशी निवेशकों द्वारा भारतमें उनके द्वारा शेयरोंकी बिक्रीका कारण बन रहे हैं। भारत एक उभरती अर्थव्यवस्था है, और भारतसे इन संस्थागत निवेशकोंको खासा लाभ भी हुआ है। दशकोंतक विदेशी संस्थागत निवेशक भारतसे ३० से ४० प्रतिशत लाभ कमाते रहे हैं। वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशक कई अन्य कारणोंसे अपने शेयर बेच रहे हैं। सबसे पहला और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण कारण अमेरिकामें ब्याज दरोंमें वृद्धि और अमेरिकी सरकारके बांडोंपर आकर्षक लाभ है। पूर्वमें अमेरिकामें फेडरल दर ०.२५ प्रतिशत तक थी। लेकिन हालके वर्षोंमें फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केन्द्रीय बैंक) ने बढ़ती महंगीके चलते फेडरल दर बढ़ा दी है और वर्तमानमें यह ३.७५ से ४.० प्रतिशत है। ऐसेमें संस्थागत निवेशक वापसीका रुख कर रहे हैं। दूसरा प्रमुख कारण भू-राजनीतिक अनिश्चितता है। ऐसी किसी भी स्थितिमें विदेशी निवेशक अपने घरेलू बाजारोंकी ओर रुख कर लेते हैं। इस स्थितिको अंतरराष्ट्रीय बाजारोंमें 'रन फॉर सेफ हेवन' कहा जाता है। निवेशकों द्वारा बिकवालीका तीसरा प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारोंमें तेलकी बढ़ती कीमत और उसकी वजहसे दुनियाके दूसरे भागोंमें वित्तकी बढ़ती मांग है। चौथा, रुपयेका अवमूल्यन है। क्योंकि भारतीय रुपया पिछले समयमें काफी ज्यादा गिर गया था, इसलिए निवेशकोंको लाभ होनेपर भी डालरोंमें वह लाभ बहुत हो जाता है। इसलिए वे बाहरकी ओर रुख कर लेते हैं। पांचवां कारण यह है कि कई अन्य देशोंमें उभरते उद्योगोंकी वजहसे वहां निवेशकी संभावनाएं ज्यादा हैं। इस संदर्भमें दक्षिण कोरिया और ताईवानकी ओर विदेशी निवेशक रुख कर रहे हैं। भारतमें विदेशी निवेशपर लगने वाले कर अथवा केवाईसीके नियम अथवा अन्य भारतीय नियम विदेशी निवेशकों द्वारा बाहरका रुख करनेके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। इसलिए करोंमें छूट देना हितकारी नहीं है।

सामूहिक सामाजिक चेतना की पराजय

पंचकूलाकी घटनाने एक ऐसा प्रश्न खड़ा किया है, जिससे मुंह मोड़ना संभव नहीं है। आखिर बच्चोंके मनमें हिंसाके बीज कौन बो रहा है। बच्चों और किशोरोंमें हिंसक व्यवहारपर नियंत्रणकी कठिनाइयां इसके जोखिमको बढ़ा सकती हैं।

❐ योगेश कुमार गोयल

बचपनको मासूमियत, निश्छलता और खिलखिलाती मुस्कानका पर्याय माना जाता है। बच्चोंके हाथोंमें खिलौने अच्छे लगते हैं, पत्थर और ईंटें नहीं, किसीके प्रति नफरत और हिंसा नहीं। लेकिन जब आठ-दस वर्षकी उम्रके बच्चे भी किसी दूसरे मासूमकी जान लेनेपर उतारू हो जायं, तब सवाल केवल एक बच्चेके असामान्य व्यवहारका नहीं रह जाता, बल्कि पूरे सामाजिक परिवेश, पारिवारिक संस्कारों, शिक्षा व्यवस्था और हमारी बदलती जीवनशैलीका हो जाता है। हरियाणाके पंचकूलामें छह सालकी विशेष आवश्यकता वाली बच्चीपर तीसरी कक्षाके आठ वर्षीय छात्र द्वारा किया गया बर्बर हमला इसी भयावह वास्तविकताका आईना है। आरोपी छात्र बच्चीको एक खाली कक्षामें ले गया, वहां उसके बाल पकड़कर घसीटा, बेंचपर सिर पटका, लातें मारी तथा ईंट, पत्थर और गमलेसे उसके सिर तथा चेहरेपर बार-बार प्रहार किये। करीब ९६ सैकेंडतक चली इस हिंसाका दृश्य कक्षामें लगे सीसीटीवी कैमरेमें दर्ज हुआ। सबसे विचलित करने वाली बात यह है कि हमला करने वाला कोई व्यस्क अपराधी नहीं, बल्कि आठ वर्षका बच्चा है। यह घटना जितनी पीड़ित बच्चीके लिए भयावह है, उतनी ही उस बच्चेके मानसिक और सामाजिक विकासको लेकर भी गम्भीर चिन्ता पैदा करती है। आखिर इतनी छोटी उम्रमें किसी बच्चेके भीतर इतनी आक्रामकता कहांसे आती है। सवाल यह कि हमारे घरों, स्कूलों और समाजमें ऐसा क्या बदल रहा है कि बचपनकी भाषामें प्रेम और संवेदनाकी जगह हिंसा प्रवेश करती जा रही है। इस घटनाने एक ऐसा प्रश्न हमारे सामने खड़ा किया है, जिससे मुंह मोड़ना अब संभव नहीं है कि आखिर बच्चोंके मनमें हिंसाके बीज कौन बो रहा है। बच्चों और किशोरोंमें हिंसक व्यवहारका कोई एक कारण नहीं होता। परिवारमें हिंसा देखना, कठोर अथवा असंगत अनुशासन, भावनात्मक उपेक्षा, कमजोर अभिभावकीय निगरानी, साथियोंका दबाव, सामाजिक अलगाव और व्यवहारपर नियंत्रणकी कठिनाइयां इसके जोखिमको बढ़ा सकती हैं। सबसे पहले सवाल परिवारोंसे है। आज अनेक घरोंमें बच्चोंको महंगे खिलौने, स्मार्टफोन, टैबलेट और मनोरंजनके तमाम साधन तो उपलब्ध करा दिये जाते हैं लेकिन उनके साथ बैठकर बातचीत करने, उनकी भावनाएं समझने और उनके व्यवहारको दिशा देनेका समय लगातार कम होता जा रहा है। माता-पिता अपनी व्यस्तताओंमें उलझे हैं और कई बार बच्चे अपनी भावनात्मक उलझनोंके साथ अकेले रह जाते हैं। बच्चा वही सीखता है, जो अपने आसपास बार-बार देखता है। यदि घरमें समस्याका समाधान संवादसे नहीं, बल्कि चीखने, धमकाने और हाथ उठानेसे होता है तो उसके लिए हिंसा धीरे-धीरे व्यवहारका स्वीकार्य तरीका बन सकती है।

दूसरा बड़ा सवाल डिजिटल दुनियाका है। मोबाइल फोन और इंटरनेटने बच्चोंके सामने ज्ञान और मनोरंजनके असंख्य अवसर खोले हैं लेकिन इसी दुनियामें हिंसक वीडियो, मारधाड़ वाले खेल और आक्रामक व्यवहारको महिमामंडित करने वाले दृश्य भी मौजूद हैं। समस्या तब गम्भीर हो जाती है, जब बच्चा बिना किसी निगरानीके घंटों ऐसी सामग्री देखता है और उसे यह समझाने वाला कोई नहीं होता कि पर्देपर दिखाई जाने वाली हिंसा वास्तविक जीवनमें किसीके मन और अस्तित्वको कितनी गहरी चोट पहुंचाती है। तीसरी चिन्ता बच्चोंमें संवेदनशीलता और सहानुभूतिके विकासकी है। आज हम बच्चोंको प्रतियोगितामें आगे निकलना, जीतना और दूसरोंसे बेहतर प्रदर्शन करना तो सिखा रहे हैं लेकिन हार स्वीकार करना, दूसरोंकी भावनाओंका सम्मान करना, कमजोरकी मदद करना और क्रोधपर नियंत्रण रखना कितना सिखा रहे हैं। क्या स्कूलोंमें नैतिक शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकोंतक सिमट गयी है। क्या बच्चोंको यह समझाया जा रहा है कि किसीको चोट पहुंचाना बहादुरी नहीं, कमजोरी है। किसी दूसरेकी पीड़ा देखकर मनमें करुणा पैदा होना ही मानवीय संवेदनाका आधार है। यहां स्कूलोंकी जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। पंचकूलाकी घटनाने सीसीटीवी कैमरोंकी मौजूदगी और वास्तविक निगरानीके बीचके अन्तरको उजागर किया है। कैमरे लगे होना सुरक्षा नहीं है, उनकी सतत निगरानी, समयपर हस्तक्षेप और जवाबदेही ही सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। सवाल है कि एक छह सालकी बच्ची स्कूल परिसरमें एक अन्य छात्रके साथ ऐसी स्थितिमें कैसे पहुंच गयी, जहां उसपर लगातार हमला होता रहा और किसी शिक्षक या कर्मचारीको समय रहते इसकी जानकारी नहीं मिली। यदि स्कूलमें शिक्षकोंकी कमी थी, एक शिक्षकको कई कक्षाओंकी जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही थी अथवा ड्यूटी व्यवस्थामें कोई खामी थी तो यह भी जांचका विषय है।

अभिभावकोंको भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। बच्चोंके व्यवहारमें अचानक आक्रामकता, दूसरोंको चोट पहुंचानेकी प्रवृत्ति, क्रोधपर नियंत्रण न रहना, पश्चातापका अभाव, जानवरों अथवा कमजोर बच्चोंके प्रति क्रूरता जैसे संकेतोंको सामान्य शरारत समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बच्चोंको दंडित करनेके बजाय उनकी भावनाओंको समझना, उन्हें अपनी बात कहनेका अवसर देना और प्रेमके साथ स्पष्ट अनुशासन सिखाना जरूरी है। खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियां, सामूहिक सहभागिता और सामाजिक सेवा जैसी गतिविधियां भी उनमें सहयोग, धैर्य और सहानुभूति विकसित कर सकती हैं। इस घटनानें हमें एक कठोर सचाईसे रूबरू कराता है कि बच्चोंका भविष्य केवल अच्छे स्कूल, महंगी शिक्षा, आधुनिक तकनीक और बेहतर सुविधाओंसे सुरक्षित नहीं हो सकता। उसके लिए अच्छे संस्कार, भावनात्मक सुरक्षा, मानवीय संवेदना और जिम्मेदार अभिभावक भी उतने ही आवश्यक हैं। आज सबसे बड़ा सवाल यह नहीं कि पंचकूलामें एक आठ वर्षीय बच्चेने छह सालकी बच्चीपर हमला क्यों किया, बल्कि यह है कि हम ऐसी नौबत आनेसे पहले क्या कर रहे थे और भविष्यमें ऐसी घटनाएं रोकनेके लिए क्या करेंगे। जिस उम्रमें बच्चोंको अक्षर ज्ञान, दोस्ती, खेल और मानवीय रिश्तोंका अर्थ समझना चाहिए, उस उम्रमें यदि उनके हाथोंमें ईंट और पत्थर दिखाई देने लगें तो यह केवल एक परिवार या स्कूलकी विफलता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक सामाजिक चेतनाकी पराजय है। हमें तय करना होगा कि बच्चोंको केवल प्रतियोगितामें जीतना सिखाना है या इंसानियतके साथ जीना भी क्योंकि बचपन यदि हिंसक हो गया तो भविष्य सभ्य कैसे होगा और यदि स्कूलोंमें बच्चे सुरक्षित नहीं तो फिर उनके सुरक्षित भविष्यकी गारंटी कौन देगा।

आत्मबोध

आत्मा की शुद्धि

❐ अनुज आचार्य

भारतीय सनातन संस्कृतिमें मनुष्यकी महानताका आधार उसका धन, पद, कुल अथवा प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि उसके सद्कर्म, संस्कार और आचरण हैं। बाहरी वैभव व्यक्तिको आकर्षक बना सकता है, लेकिन उसके चरित्रकी वास्तविक पहचान उसके व्यवहारसे होती है। ईश्वरकी आराधना करना श्रद्धा है, किन्तु उसके बताये सद्गुणोंको जीवनमें उतारना सच्ची साधना है। सनातन दर्शन मनुष्यको अपने अंतर्मनकी शुद्धि और आत्मिक उन्नतिका मार्ग दिखाता है। क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या और अहंकार व्यक्तिके विवेकको ढक देते हैं, जबकि क्षमा, संतोष, विनम्रता, दया और परोपकार उसके व्यक्तित्वको गरिमा प्रदान करते हैं। धार्मिक ग्रंथोंका ज्ञान तभी सार्थक है, जब वह हमारे आचरणमें दिखाई दे। यदि कोई व्यक्ति नियमित पूजा करता है, लेकिन दूसरोंके अधिकारोंका हनन करता है, असत्य बोलता है तो उसे अपनी धार्मिकताके वास्तविक स्वरूपपर विचार करना चाहिए। सच्चा धर्म वह है, जो मनुष्यको बेहतर इनसान बनाये। भगवान श्रीकृष्णने श्रीमद्भगवद्गीतामें कहा है, कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। अर्थात् मनुष्यका अधिकार कर्म करनेमें है, फलपर नहीं। यह उपदेश हमें सिखाता है कि अपने कर्तव्योंका निर्वहन निष्ठा और समर्पणसे करना चाहिए, न कि केवल लाभ अथवा प्रशंसाकी अपेक्षासे। जब कर्म स्वार्थ और अहंकारसे ऊपर उठकर कर्तव्यबोध तथा लोककल्याणकी भावनासे किया जाता है, तब वह कर्मयोग बन जाता है। शिक्षकका विद्यार्थियोंको ज्ञान और संस्कार देना, चिकित्सकका रोगियोंकी सेवा करना, किसानका अन्न उपजाना और सैनिकका राष्ट्रकी रक्षा करना अपने-अपने क्षेत्रमें कर्मयोगके उदाहरण हैं। इस प्रकार अपने दायित्वको ईमानदारीसे निभाना भी ईश्वरके प्रति समर्पणकी अभिव्यक्ति बन सकता है। गीताका एक अन्य महत्वपूर्ण संदेश है- योग: कर्मसु कौशलम्। अर्थात् कर्मोंमें कुशलता ही योग है। आध्यात्मिकताका अर्थ संसारसे विमुख होना नहीं, बल्कि संसारमें रहते हुए अपने कर्तव्योंको विवेक, निष्ठा और सद्भावसे निभाना है। भाग्यके भरोसे निष्क्रिय बैठनेके बजाय पुरुषार्थ करना आवश्यक है। परिस्थितियां हमेशा हमारे नियंत्रणमें नहीं होतीं, लेकिन हमारा प्रयास, दृष्टिकोण और व्यवहार हमारे व्यक्तित्वको दिशा देते हैं। ईश्वरपर विश्वासका अर्थ चमत्कारकी प्रतीक्षा करना नहीं, बल्कि श्रद्धाके साथ कर्म करना और कठिन समयमें धैर्य बनाये रखना भी है। सच्ची आस्था मनुष्यको कर्महीन नहीं, बल्कि अधिक साहसी, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ बनाती है। श्रेष्ठ व्यक्तित्वकी सबसे सुन्दर अभिव्यक्ति सेवा और करुणामें दिखाई देती है। किसीकी सहायता करके उसे अपमानित करना परोपकार नहीं, वास्तविक सेवा वह है, जिसमें दूसरेकी गरिमा और आत्मसम्मान सुरक्षित रहें।

तनाव को नियंत्रित करने के प्रति जागरूकता

❐ श्वेता गोयल

सुविधाएं बढ़नेके साथ मनुष्यका लगातार घटता सुकून आधुनिक जीवनकी सबसे बड़ी विडंबनाओंमेंसे एक है। तकनीकने दूरियोंको समेट दिया है, संचारको त्वरित बना दिया है और जीवनको सुविधाजनक बनानेके असंख्य साधन उपलब्ध करा दिये हैं लेकिन इसके बावजूद मनुष्य पहलेसे कहीं अधिक मानसिक दबाव, बेचैनी, असुरक्षा और तनावसे घिरा दिखाई देता है। सुबह आंख खुलनेसे लेकर रातको सोनेतक जिम्मेदारियों, अपेक्षाओं, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक चिन्ताओं, नौकरीकी अनिश्चितता, पारिवारिक उलझनों और सामाजिक अपेक्षाओंका ऐसा सिलसिला चलता रहता है, जिसमें व्यक्ति स्वयंके लिए समय निकालनातक भूल जाता है। विडंबना यह है कि तनावको आजकल सफल और व्यस्त जीवनकी स्वाभाविक कीमत मान लिया गया है जबकि लगातार बना रहने वाला तनाव धीरे-धीरे शरीर और मन दोनोंको भीतरसे कमजोर कर सकता है। यही कारण है कि तनाव अब केवल व्यक्तिगत परेशानी नहीं, गम्भीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। इसी चुनौतीके प्रति जागरूकता बढ़ानेके उद्देश्यसे प्रतिवर्ष नवंबरके पहले बुधवारको राष्ट्रीय तनाव जागरूकता दिवस (नेशनल स्ट्रेस अवेयरनेस डे) मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ४ नवंबरको है। इसकी शुरुआत वर्ष १९९८ में ब्रिटेनकी इंटरनेशनल स्ट्रेस मैनेजमेंट असोसिएशनने की थी। इसका मूल उद्देश्य लोगोंको तनावके कारणों, लक्षणों और दुष्प्रभावोंसे परिचित कराना तथा व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवनमें तनावको पहचानने और प्रभावी ढंगसे नियंत्रित करनेके उपायों के प्रति जागरूक करना है। विश्व स्वास्थ्य संघटनके अनुसार तनाव किसी कठिन परिस्थितिके कारण उत्पन्न होने वाली चिन्ता अथवा मानसिक दबावकी स्थिति है। यह जीवनकी चुनौतियों और सम्भावित खतरोंके प्रति शरीरकी स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। परीक्षा, प्रतियोगिता, नौकरीके साक्षात्कार अथवा किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारीके दौरान उत्पन्न होने वाला हल्का तनाव व्यक्तिको सतर्क, सक्रिय और लक्ष्यके प्रति एकाग्र बना सकता है। तनावकी स्थितिमें शरीरकी प्राकृतिक 'फाइट ऑर फ्लाइट' यानी लड़ो या भागो प्रतिक्रिया सक्रिय हो जाती है। मस्तिष्क खतरे अथवा दबावका संकेत मिलनेपर शरीरमें एड्रेनालिन और कॉर्टिसोल जैसे हार्मोनके स्रावको प्रभावित करता है। हृदय गति और रक्तचाप बढ़ सकते हैं, सांस तेज हो सकती है, मांसपेशियोंमें खिंचाव आने लगता है और शरीर तत्काल प्रतिक्रिया देनेके लिए तैयार हो जाता है। आपातकालीन परिस्थितियोंमें यह प्रतिक्रिया उपयोगी होती है लेकिन जब यही स्थिति लम्बे समयतक बनी रहती है तो शरीरकी सामान्य कार्यप्रणाली प्रभावित होने लगती है। लगातार तनावसे नींदमें बाधा, सिरदर्द, थकान, पाचन संबंधी समस्याएं, चिड़चिड़ापन, एकाग्रतामें कमी और निर्णय लेनेकी क्षमता प्रभावित हो सकती है। दीर्घकालिक तनाव उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी समस्याओं तथा पहलेसे मौजूद बीमारियोंको और गम्भीर बनानेमें भी योगदान दे सकता है। तनावका प्रभाव केवल मनतक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे शरीरपर पड़ता है। तनावका सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसके शुरुआती संकेत अक्सर सामान्य थकान, कामका दबाव अथवा अस्थायी मनोदशा समझकर नजरअंदाज कर दिये जाते हैं। कई लोग स्वयंको सामाजिक गतिविधियोंसे अलग कर लेते हैं और अपनी परेशानी दूसरोंसे साझा करनेसे भी बचते हैं। यदि लम्बे समयतक तनाव बना रहे तो चिन्ता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं अथवा पहलेसे मौजूद समस्याएं गम्भीर हो सकती हैं। हालांकि हर तनावग्रस्त व्यक्ति मानसिक बीमारीसे पीड़ित नहीं होता और न ही तनावके प्रत्येक लक्षणको किसी बीमारीका प्रमाण माना जाना चाहिए। आज तनावके कारण भी पहलेकी तुलनामें अधिक जटिल हो गये हैं। नौकरीमें प्रतिस्पर्धा, कामका अत्यधिक बोझ, लक्ष्य पूरा करनेका दबाव, रोजगारकी असुरक्षा, महंगी, कर्ज, पारिवारिक जिम्मेदारियां, बच्चोंकी शिक्षा, रिश्तोंमें तनाव और भविष्यकी अनिश्चितता इसके प्रमुख कारण हैं। डिजिटल युगने इस समस्याको एक नया आयाम दिया है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, लगातार मिलने वाले संदेश, ईमेल और चौबीसों घंटे उपलब्ध रहनेकी अपेक्षाने व्यक्तिके निजी और व्यावसायिक जीवनके बीचकी सीमाएं धुंधली कर दी हैं। दूसरोंकी उपलब्धियों और दिखावटी खुशियोंसे अपनी तुलना करनेकी प्रवृत्ति भी असंतोष और मानसिक दबावको बढ़ाती है। विशेष रूपसे युवाओंमें करियर, रोजगार, आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक स्वीकृति और भविष्यको लेकर चिन्ता बढ़ती दिखाई देती है। वहीं बच्चोंपर पढ़ाई, परीक्षाओं और अभिभावकोंकी अपेक्षाओंका दबाव तथा बुजुर्गोंमें अकेलापन, स्वास्थ्य और पारिवारिक उपेक्षा भी तनावके महत्वपूर्ण कारण हैं। तनाव प्रबंधनका अर्थ जीवनकी सभी समस्याओंको समाप्त कर देना नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियोंसे निबटनेकी अपनी क्षमता विकसित करना है। इसके लिए सबसे पहले तनावके वास्तविक कारणोंको पहचानना आवश्यक है। प्रतिदिन कुछ समय स्वयंके साथ बिताना, अपनी भावनाओं और चिन्ताओंको समझना तथा जरूरत पड़नेपर उन्हें डायरीमें लिखना उपयोगी हो सकता है। नियमित व्यायाम, तेज गतिसे पैदल चलना, साइकिल चलाना, योग, ध्यान और गहरी सांस लेनेके अभ्यास तनाव कम करनेमें सहायक होते हैं। प्रतिदिन कुछ समय प्रकृतिके बीच बिताना, पसन्दीदा संगीत सुनना, बागवानी करना अथवा कोई रचनात्मक गतिविधि अपनाना भी मनको राहत दे सकता है। अनियमित दिनचर्या, देर राततक मोबाइल और स्क्रीनका इस्तेमाल तथा कैफीनका अत्यधिक सेवन नींदको प्रभावित कर सकता है। इसलिए सोने और जागनेका समय निर्धारित रखना, रातमें डिजिटल उपकरणोंसे दूरी बनाना और शांत वातावरणमें सोनेकी आदत विकसित करना जरूरी है। इसी प्रकार संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी और नियमित शारीरिक गतिविधि शरीरकी सामान्य कार्यप्रणाली बनाये रखनेमें मदद करते हैं। कामके बीच छोटे-छोटे विराम लेना, प्राथमिकताओंके आधारपर कार्योंका विभाजन करना और हर जिम्मेदारीको एक साथ पूरा करनेका दबाव न लेना भी तनाव घटानेके व्यावहारिक उपाय हैं। कार्यस्थलोंपर भी कर्मचारियोंके लिए संतुलित कार्यभार, पर्याप्त अवकाश, लचीली कार्यव्यवस्था, सम्मानजनक व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शकी सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी चाहिएं। यह समझना जरूरी है कि हर तनावको केवल योग, ध्यान अथवा सकारात्मक सोचसे दूर नहीं किया जा सकता। यदि तनाव लम्बे समयतक बना रहे, नींद और दैनिक जीवन गम्भीर रूपसे प्रभावित होने लगे तो मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक अथवा अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञसे सहायता लेनेमें देर नहीं करनी चाहिए। राष्ट्रीय तनाव जागरूकता दिवस हमें यह सोचनेका अवसर देता है कि क्या हम वास्तवमें जी रहे हैं या केवल अपेक्षाओंको पूरा करनेकी दौड़में भाग रहे हैं। जीवनकी सफलता केवल धन, पद, प्रतिष्ठा और उपलब्धियोंसे नहीं मापी जा सकती। तनावसे मुक्त जीवनका अर्थ समस्याओंसे मुक्त जीवन नहीं, समस्याओंके बीच भी संतुलन बनाये रखनेकी कला है। आखिरकार स्वस्थ मन ही स्वस्थ शरीर, सशक्त परिवार और संवेदनशील समाजकी नींव है।

सड़क सुरक्षा के लिए यातायात पुलिस की दोहरी पहल

कोहरे से पहले वाहनों पर लगवाई रिफ्लेक्टिव टेप

मनोज मिड्ढा



सहारनपुर। यातायात माह नवंबर-2026 के तहत सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सहारनपुर यातायात पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत पुलिस एक ओर कोहरे और धुंध के मौसम में सड़क हादसों की आशंका कम करने के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवा रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दे रही है। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात के प्रति जिम्मेदार व्यवहार विकसित करना है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित चुनहेटी बाईपास कट पर यातायात पुलिस ने विशेष कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक यातायात और क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी अमित तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाई। आगामी दिनों में कोहरे और धुंध के कारण दृश्यता कम होने की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया गया। रिफ्लेक्टिव टेप लगे होने से अंधेरे और कम रोशनी में वाहनों की पहचान दूर से हो सकेगी। इससे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को आगे चल रहे वाहनों की स्थिति का समय रहते पता चल सकेगा और टक्कर जैसी दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में मदद मिलेगी। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि कोहरे के दौरान सड़क पर दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। ऐसे मौसम में तेज गति, वाहनों के बीच कम दूरी और लाइटों का सही प्रयोग न करना दुर्घटना का कारण बन सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने की पहल की गई है, ताकि सड़क पर चलने वाले वाहनों की दृश्यता बेहतर हो सके।

इसी अभियान के दूसरे चरण में यातायात निदेशालय के आदेशों के अनुपालन में यातायात पुलिस की टीम ने एसएएम इंटर कॉलेज, देहरादून रोड तथा गुरु नानक इंटर कॉलेज, अंबाला रोड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट अवश्य लगानी चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए तथा निर्धारित गति सीमा और यातायात संकेतों का पालन करना चाहिए।

विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि नाबालिग बच्चों को किसी भी स्थिति में वाहन चलाने की अनुमति न दें। सड़क पार करते समय जल्दबाजी करने के बजाय सावधानी बरतें और निर्धारित स्थानों का ही प्रयोग करें। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए और उन्हें स्वयं सुरक्षित रहने के साथ दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि कोहरे और धुंध में वाहन धीमी गति से चलाएं। हेडलाइट, फॉग लाइट और इंडिकेटर का उचित प्रयोग करें तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस का संदेश है कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। वाहन चलाते समय बरती गई थोड़ी सी सावधानी किसी की अनमोल जिंदगी बचा सकती है।

दीपावली पर सहारनपुर में पांच स्थानों पर लगेंगी आतिशबाजी की दुकानें, 6 से 8 नवंबर तक रहेगी अनुमति

आज समाचार सेवा



- कुल 169 अस्थायी दुकानों के लाइसेंस जारी, लाइसेंसधारकों को स्वयं दुकान पर रहकर करनी होगी बिक्री; नियमों के उल्लंघन पर लाइसेंस निरस्त होगा

सहारनपुर। दीपावली पर्व पर आतिशबाजी की बिक्री के लिए महानगर में पांच स्थानों पर अस्थायी दुकानें लगाने की अनुमति दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार चौहान के निर्देश पर 6 नवंबर से 8 नवंबर 2026 तक केवल तीन दिनों के लिए अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस जारी किए गए हैं। प्रशासन ने सभी लाइसेंसधारकों को अग्निशमन विभाग के निदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

प्रभारी अधिकारी आयुध कुलदीप सिंह ने बताया कि थाना जनकपुरी क्षेत्र के महाराज सिंह कॉलेज मैदान में 45 दुकानें, थाना सदर बाजार क्षेत्र के जेवी जैन डिग्री कॉलेज मैदान में 36 दुकानें, कोतवाली नगर क्षेत्र के जीजीआईसी मैदान में 26 दुकानें, थाना कुतुबशेर क्षेत्र में सर्किट हाउस के सामने खाली मैदान में 37 दुकानें तथा थाना सदर बाजार क्षेत्र में आईटीआई दिल्ली रोड के खाली मैदान में 25 दुकानें लगाने के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए गए हैं। इन पांचों स्थानों पर कुल 169 दुकानें लगाई जा सकेंगी।

उन्होंने बताया कि महाराज सिंह कॉलेज मैदान में 26, जेवी जैन डिग्री कॉलेज मैदान में 32 और आईटीआई दिल्ली रोड के खाली मैदान में 16 दुकानें आरक्षित रखी गई हैं। शेष दुकानों का आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक लाइसेंसधारक को अपने कार्यस्थल पर स्वयं उपस्थित रहकर आतिशबाजी की बिक्री करनी होगी। यदि लाइसेंसधारक के स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति आतिशबाजी बेचता पाया गया तो तत्काल लाइसेंस निरस्त कर आतिशबाजी सामग्री जब्त कर ली जाएगी। सभी दुकानदारों को अग्निशमन विभाग की ओर से समय-समय पर जारी सुरक्षा संबंधी निदेर्शों का पालन करना अनिवार्य होगा।

इंद्रप्रस्थ कॉलेज मे वर्चुअल लैब पर कार्यशाला का आयोजन



नागल। इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कालेज कोटा में आईआईटी रुड़की के कैंपस द्वारा वर्चुअल लैब पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की ग्रुप निदेशक डॉ अंजू वालिया,उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता व आईआईटी रुड़की सहारनपुर कैंपस से आए प्रोजेक्ट एसोसिएट पियूंश शर्मा, पंकज सैनी, रोहन वाधवा, व प्रेरणा आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।कार्यशाला के आरंभ में कार्यक्रम संयोजक उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने छात्रों को शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे वर्चुअल लैब प्लेटफार्म के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को बताया कि आज के इस आधुनिक समय में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत छात्र इंटरनेट के जरिए विभिन्न प्रयोगों को ऑनलाइन कर सकते हैं तथा तकनीकी अवधारणा को आसानी से समझ सकते हैं । इसके पश्चात प्रियांशु शर्मा ने छात्रों को वर्चुअल लैब पर एक प्रेजेंटेशन देते हुए छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट के माध्यम से ऑनलाइन प्रैक्टिकल करवाए। उन्होंने छात्रों को वर्चुअल लैब की अवधारणा, इसकी कार्य प्रणाली, ऑनलाइन प्रयोग से संचालन तथा विभिन्न तकनीकी विषयो, इसके उपयोग के बारे में बताया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल शिक्षा प्रणाली से परिचित कराना तथा प्रयोगात्मक शिक्षा में वर्चुअल लैब की उपयोगिता एवं महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। छात्रों ने इस वर्कशॉप के जरिए मुख्य बिंदुओं को समझते हुए संस्था एवं विशेषज्ञों का धन्यवाद प्रकट किया। मंच का संचालन कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर ज्योति भारद्वाज ने किया। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन कोऑर्डिनेटर डॉ पंकज कुमार ने कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अश्वनी कुमार, दीपक बर्मन, हेमंत कटारिया, श्रीकांत, मिंटू सैनी, अजय कुमार, कार्तिक शर्मा, विकास शर्मा, सरिता शर्मा, रोहित सिंह, अरविन्द कुमार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बेहट पुलिस की बड़ी कार्रवाई 62.71 ग्राम स्मैक के साथ महिला समेत तीन तस्कर गिरफ्तार



बेहट,कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है,जिनमे एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से 62.71 ग्राम अवैध स्मैक व 1800/- रुपए नकद बरामद की है।पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंद्रेश चौहान ने बताया कि उपनिरीक्षक विकास कुमार हेड कांस्टेबल अनिल कुमार कांस्टेबल पिंकर पाल व प्रियम पुलिस टीम रविवार की रात्रि में मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान अरशद पुत्र अय्यूब, उस्मान पुत्र यासीन निवासी व रानी उर्फ समरजहाँ पत्नी स्व0 शकूर निवासीगण ग्राम रिढी मोहिद्दीनपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर को ग्राम डाऊदपुरा अड्डे से रीढी मोहीद्दीनपुर जाने वाले रास्ते पर से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 62.71 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। अरशद से 20.56 ग्राम स्मैक व 500 रुपए उस्मान से 21.03 ग्राम स्मैक व 600 रुपए, रानी उर्फ समरजहाँ से 21.12 ग्राम स्मैक व 700 रुपए बरामद हुए है

पुलिस ने दो लोगों को 206 ग्राम चरस के साथ किया गिरफ्तार



गंगोह- पुलिस ने आलमपुर मोड़ से दो लोगों को 206 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्ताओं के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने नेतृत्व में पुलिस ने आलमपुर मोड़ से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान ओमन पुत्र तेल्लू व ऋषिपाल पुत्र ज्ञान सिंह दोनों शामली जिले के थाना झिंझाना के ग्राम ताहरपुर के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक ऋषिपाल के पास से 104 ग्राम और ओमन के पास से 102 ग्राम चरस मिली। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा संख्या 496/26 दर्ज किया है। मामला एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अभियुक्ताओं के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

धरने पर बैठने की सूचना मिलते पहुंचे एजीएम दो दिन का समय मांगा, दूसरे दिन भी धरना जारी



गंगोह- भाकियू टिकैत ने बीएसएनएल की कॉपर केबल गायब होने के मामले को लेकर उपभोक्ता सेवा केंद्र पर धरने पर बैठने की सूचना मिलते देर शाम धरने पर सहारनपुर से पहुंचे बीएसएनएल के एजीएम ने जांच और कार्रवाई के लिए दो दिन का समय मांगा। इसके बाद भाकियू पदाधिकारियों ने भी अधिकारियों को दो दिन का समय दिया। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई। दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। भाकियू के जिला सचिव बृजपाल सैनी, नगर अध्यक्ष मेहरबान कुरैशी, ब्लाक अध्यक्ष हाजी तहसीन चौधरी ने बताया कि हनुमान मंदिर से शिव चौक होते हुए मोहल्ला गुलाम औलिया चौक तक नाला निर्माण का काम चल रहा है। इसी दौरान जमीन से बाहर निकली बीएसएनएल की कॉपर केबल का मामला सामने आया। उन्होंने मांग की कि निर्माण कार्य के दौरान बची हुई केबल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि आगे किसी तरह का नुकसान न हो। मामले की जानकारी मिलने पर बीएसएनएल के एजीएम अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत कर मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके लिए दो दिन का समय मांगा। ब्लॉक अध्यक्ष हाजी तहसीन चौधरी व नगर अध्यक्ष मेहरबान कुरैशी ने साथियों से चर्चा के बाद अधिकारियों को दो दिन का समय दिया। उन्होंने कहा कि इस अवधि में प्राथमिकी दर्ज कराकर कॉपर केबल बरामद कराई जाए। भाकियू कार्यकर्ताओं ने दो दिन तक मौके पर डटे रहने का निर्णय लिया। वरना दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने में एसडीओ मुकेश कुमार, जितेंद्र शर्मा, नितिन शर्मा, कलीम कुरैशी, पहल सिंह, आशीष कश्यप, नौशाद, अर्जुन कश्यप, सेतु सिंह, प्रमोद सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

फतेहपुर पुलिस ने शातिर चोर को दो पशुओ सहित गिरफ्तार किया



छटमलपुर (सहारनपुर) थाना फतेहपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पशु चोरी की घटना का मात्र 18 घंटे में खुलासा कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है।

मुजफ्फराबाद निवासी जुल्फान के घेर से 31 अक्टूबर की रात एक बकरा और एक बकरी चोरी हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर थानाध्यक्ष नरेन्द्र भडाना के नेतृत्व में टीम गठित की। मंगलवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी शोएब पुत्र साजिद निवासी रण्डोल थाना बेहट को भारत गैस एजेंसी के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गए दोनों पशु बरामद कर लिए। पकड़ा गया अभियुक्त शातिर पशु चोर है, जिस पर पहले से आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

आधार सेवा केंद्र पर ऑनलाइन अपॉइंटमेंट से मिलेगी सुविधा

नया आधार नामांकन,अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट निशुल्क

आज समाचार सेवा



- सप्ताह के सातों दिन सुबह 9 से शाम 5 :30 बजे तक खुला रहेगा केंद्र, घर से निकलने से पहले अपॉइंटमेंट बुक कराने की अपील

सहारनपुर। आधार संबंधी सेवाओं का लाभ आम नागरिकों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए आधार सेवा केंद्र (ASK) सहारनपुर की ओर से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। केंद्र पर नया आधार नामांकन और यूआईडीएआई के निर्धारित नियमों के तहत अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। इसके अलावा आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर अपडेट कराने सहित अन्य निर्धारित सेवाएं भी दी जा रही हैं।

केंद्र प्रबंधन के अनुसार नागरिकों की सुविधा और अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की व्यवस्था की गई है। लोगों से अपील की गई है कि आधार संबंधी कार्य के लिए केंद्र पहुंचने से पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट अवश्य बुक कर लें। इससे समय की बचत होगी और व्यवस्थित तरीके से सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आधार सेवाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए ग्राम प्रधानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग आधार से संबंधित सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

आधार सेवा केंद्र प्रबंधन ने बताया कि सहारनपुर केंद्र बिल्डिंग नंबर-1, पंत विहार कॉलोनी, साही राम हॉस्पिटल के सामने, आईटीसी सर्किट हाउस रोड, हसनपुर चौक के निकट, दिल्ली रोड पर स्थित है। केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुला रहता है।

नागरिक घर बैठे ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट https://appointments.uidai.gov.in/ पर जा सकते हैं। केंद्र प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि अपॉइंटमेंट लेकर ही केंद्र पहुंचें और आधार सेवाओं से जुड़ी इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक साझा करें।

अवैध खनन के खिलाफ सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बिना रॉयल्टी ओवरलोड पांच डंपर सीज

आज समाचार सेवा



- चिलकाना पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पंचकुआ-पठेड़ मार्ग पर पकड़े वाहन, खनन सामग्री सहित कब्जे में लिए

सहारनपुर। जनपद में अवैध खनन और खनन सामग्री के अवैध परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चिलकाना पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने मंगलवार को पंचकुआ-पठेड़ मार्ग पर चेकिंग के दौरान बिना रॉयल्टी और ओवरलोड खनन सामग्री का परिवहन करते हुए पांच डंपरों को पकड़ा। सभी वाहनों को खनन सामग्री सहित कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपदभर में अवैध खनन के परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी चिलकाना अक्षय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की।

तीन नवंबर 2026 को पंचकुआ-पठेड़ मार्ग पर चेकिंग के दौरान टीम ने पांच डंपरों को बिना रॉयल्टी और निर्धारित क्षमता से अधिक खनन सामग्री ले जाते हुए पकड़ा। पुलिस ने मौके से सभी वाहनों को खनन सामग्री सहित कब्जे में लेकर सीज कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया।

सीज किए गए वाहनों में हरियाणा नंबर के पांच डंपर शामिल हैं। इनमें HR-58-F-3226, HR-58-E-8245, HR-58-E-9604, HR-58-C-8876 और HR-58-D-9954 शामिल हैं।

कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी अक्षय शर्मा, उपनिरीक्षक विमल कुमार सैनी, हेड कांस्टेबल विवेक कुमार और हेड कांस्टेबल मोहित शर्मा शामिल रहे।

भारत में मुसलमानों का अस्तित्व किसी की मेहरबानी पर निर्भर नहीं : मौलाना महमूद मदनी

आज समाचार सेवा



देवबंद। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि भारत में मुसलमानों का अस्तित्व किसी की कृपा या मेहरबानी पर निर्भर नहीं है। देश की आजादी में उनके पूर्वजों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया और बड़े बलिदान दिए हैं। ऐसे में मुसलमानों को अपने ही देश में बाहरी या दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिश कभी सफल नहीं होगी।

हरियाणा के नूंह जिले के गांव पिपाका में आयोजित जमीयत उलमा-ए-हिंद की गवर्निंग काउंसिल की बैठक को संबोधित करते हुए मौलाना मदनी ने देश में बढ़ती नफरत की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में नफरत फैलाने वाले भाषणों की 1600 से अधिक घटनाएं सामने आईं, लेकिन इनमें 87 प्रतिशत मामलों में एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भारत में मुसलमान होना अपराध हो गया है।

मौलाना मदनी ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। धर्म के नाम पर किसी एक समुदाय के खिलाफ होने वाले अत्याचार को राष्ट्रीय गौरव के रूप में पेश करना चिंताजनक है। इसका प्रभाव केवल अल्पसंख्यक समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि दलितों, वंचितों और कानून के शासन की व्यवस्था भी इससे प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि देश में खतरा बहुसंख्यक समुदाय को नहीं, बल्कि सत्ता और राजनीतिक पदों की भूख से पैदा हो रहा है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सभी वर्गों को गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

बैठक में वक्फ संपत्तियों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। गवर्निंग काउंसिल ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025 के मौजूदा स्वरूप पर आपत्ति जताते हुए केंद्र सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की। साथ ही वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और उनके बेहतर प्रबंधन के लिए स्वतंत्र संस्था गठित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

जनसुनवाई में दो समस्याओं का तत्काल कराया समाधान



सहारनपुर। जनसुनवाई के दौरान आयी पांच समस्याओं में से दो का तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष तीन समस्याओं के समाधान के लिए अपर नगरायुक्त सूरज कुमार यादव द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। वार्ड 07 बुड्ढी माई चौक निवासी उस्मान मलिक ने बुड्ढी माई चौक के पास सीवर का ढक्कन बदलवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर अपर नगरायुक्त सूरज कुमार यादव ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देकर तत्काल समस्या का समाधान करा दिया। इसके अतिरिक्त वार्ड 41 शारदा नगर निवासी राहुल भाटिया ने ईएसआई हॉस्पिटल के निकट सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अपर नगरायुक्त ने क्षेत्र के सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर तत्काल सफाई कराते हुए समस्या का समाधान कराया।

वार्ड 66 नदीम कॉलोनी निवासी मौ. आसिफ ने कॉलोनी के पास खराब एलईडी लाइट ठीक कराने तथा वार्ड 07 अम्बेडकर चौक जाटव नगर निवासी रवि प्रकाश ने चौक जाटव नगर के पास खराब पड़ी लाइट ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पथ प्रकाश प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

दीपावली से पहले नगर ,32 गांवों की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग

पार्षद मंसूर बदर के नेतृत्व में पार्षद दल ने मेयर, नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त को सौंपा पत्र

आज समाचार सेवा



- स्ट्रीट लाइट, सफाई, पेयजल और सड़क मरम्मत का मुद्दा उठाया

सहारनपुर। दीपावली पर्व से पहले महानगर और नगर निगम में शामिल 32 गांवों में मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त कराने की मांग को लेकर पार्षद एवं कार्यकारणी सदस्य मंसूर बदर के नेतृत्व में पार्षद दल ने मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह, नगर आयुक्त शिपू गिरि और अपर नगर आयुक्त सूरज कुमार से मुलाकात की। पार्षदों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों को पत्र सौंपते हुए पर्व से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की।

इस दौरान पार्षद मंसूर बदर ने कहा कि महानगर और निगम में शामिल 32 गांवों में स्ट्रीट लाइटों की स्थिति बेहद खराब है। हजारों लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि दीपावली से पहले सभी खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराकर चालू कराया जाए। साथ ही प्रमुख चौराहों और बाजारों में नगर निगम की ओर से आकर्षक लाइटिंग और सजावट की व्यवस्था की जाए।

पार्षद सईद सिद्दीकी, समीर अंसारी, रईस पप्पू और इजहार मंसूरी ने कहा कि कई स्थानों पर सीवर के चैंबर टूटे पड़े हैं और सीवर लाइनें ब्लॉक होने से लोगों को परेशानी हो रही है। पर्व से पहले टूटे सीवर चैंबरों की मरम्मत और बंद सीवर लाइनों की सफाई कराई जाए। पार्षद डॉ. मंसूर, गुलजेब खान और महमूद हसन ने सड़कों की मरम्मत कराने की मांग उठाई। वहीं पार्षद आसिफ अंसारी, जफर अंसारी और मेनपाल ने बाजारों को अतिक्रमण मुक्त कराने की आवश्यकता जताई।

पार्षद दल ने सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने पर भी जोर दिया। मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह, नगर आयुक्त शिपू गिरि और अपर नगर आयुक्त सूरज कुमार ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि दीपावली से पहले नगर और निगम में शामिल गांवों में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने ली सेवा और समर्पण की शपथ

आज समाचार सेवा



- डीएम अरविंद कुमार चौहान बोले- अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ करें सहानुभूतिपूर्ण और सौम्य व्यवहार, सेवा भावना को बनाएं जीवन का उद्देश्य

सहारनपुर। एसएमएमएच राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने विद्यार्थियों को सेवा, समर्पण, अनुशासन और मानवीय मूल्यों के साथ नर्सिंग पेशे की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर राठी और राजकीय नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कमलेश दीक्षित के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर राठी और पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ की नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुखपाल कौर उपस्थित रहीं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार और उपप्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार वोहरा भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने अपने संबोधन में कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीज पहले से ही बीमारी और परेशानी से जूझ रहे होते हैं। ऐसे में नर्सिंग स्टाफ का दायित्व है कि उनके साथ सहानुभूतिपूर्ण, संवेदनशील और सौम्य व्यवहार किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कार्यक्षेत्र में सेवा भावना और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर राठी ने विद्यार्थियों को प्रेम, परिश्रम और परोपकार के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ की नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुखपाल कौर ने नर्सिंग शपथ की महत्ता समझाते हुए विद्यार्थियों को उसका पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मरीजों के अधिकारों और नर्सिंग पेशे से जुड़े दायित्वों एवं अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया।

राजकीय नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कमलेश दीक्षित ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को नए शैक्षणिक सफर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नर्सिंग पेशा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि मानव सेवा का महत्वपूर्ण अवसर है। विद्यार्थियों को इस पेशे की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए। समारोह में राजकीय नर्सिंग कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. सुरेंद्र शर्मा, मेडिकल कॉलेज की मैट्रन संजीता दास, इंदु, प्रज्ञा चतुर्वेदी, निधि बिश्नोई, अनिंदिता त्रिपाठी, डॉ. संजय सिंगोदिया, एलिसा महतो, दीपक, सत्यवीर सिंह, सर्वेंद्र प्रताप, सज्जन कुमार सहित कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर निगम में प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को वितरित की गयी किट

आज समाचार सेवा



- 16 नवंबर से शुरू होगा जनगणना का दूसरा चरण

सहारनपुर। जनगणना-2027 के दूसरे चरण के लिए आज प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को नगर निगम के गैराज परिसर में किट वितरित की गई। किट वितरण का कार्य कल बुधवार को भी जारी रहेगा। गत 26, 27 व 28 अक्तूबर को प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रगणकों व सुपरवाइजरों को आज किट वितरित की गई, आगामी 12, 13 व 14 नवंबर को प्रशिक्षण लेने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को कल बुधवार को किट वितरित की जायेगी। नगर जनगणना अधिकारी/अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को वितरित की जा रही किट में नियुक्ति पत्र, एचएलबी मैप (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक मैप), एएचएल सूची (संक्षिप्त भवन सूची), आईडी कार्ड के अलावा 40 प्रश्नों वाला प्रोफार्मा शामिल है।

उन्होंने बताया कि 16 नवंबर से जनगणना का दूसरा चरण शुरू होगा। 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना तथा 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक भौतिक सत्यापन किया जायेगा। स्वगणना में आम नागरिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी व अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

नगर जनगणना अधिकारी ने प्रगणकों से कहा कि वे अपने-अपने आवंटित ब्लॉक में नागरिकों को 16 से 30 नवंबर के मध्य डिजिटल स्वगणना का उपयोग करने हेतु प्रेरित व जागरुक करें। यदि नागरिक स्वगणना का विकल्प चुनते हैं तो एक दिसंबर से प्रारंभ होने वाले भौतिक सत्यापन में घर-घर जाकर सत्यापन करें।

अनाथ बच्चों के सपनों को मिली नई उड़ान, डीएम ने 10 बच्चों को दिए लैपटॉप



रामपुर। कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों की शिक्षा और भविष्य को संवारने के लिए संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 10 पात्र बच्चों को लैपटॉप वितरित किए। लैपटॉप पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को उच्च शिक्षा, तकनीकी ज्ञान और डिजिटल पढ़ाई के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत जनपद में 123 बच्चों को चिह्नित किया गया था। इनमें पात्रता के आधार पर 89 बच्चों को स्वीकृति प्रदान की गई। वर्तमान में 43 बच्चे योजना के तहत लाभान्वित हो रहे हैं। योजना में कक्षा नौ या उससे ऊपर की पढ़ाई करने वाले पात्र बच्चों को एक बार लैपटॉप उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इससे पहले 25 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए जा चुके हैं। मंगलवार को 10 और बच्चों को लैपटॉप दिए गए।

जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या ने बताया कि योजना के तहत कोविड-19 के कारण माता-पिता अथवा माता या पिता को खोने वाले पात्र बच्चों को शिक्षा एवं संरक्षण के लिए 4,000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त कोविड-19 से भिन्न कारणों से अपने माता-पिता अथवा माता या पिता को खोने वाले बच्चों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) संचालित है। इस योजना के तहत जनपद में कुल 358 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 275 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। पात्र बच्चों को 2,500 रुपये प्रतिमाह की दर से प्रत्येक तिमाही 7,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है।

पात्र बच्चे योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लिए पात्र बच्चे निर्धारित अभिलेखों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आय प्रमाण पत्र (माता-पिता दोनों की मृत्यु होने की स्थिति में आवश्यक नहीं), मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, शिक्षण संस्थान में पंजीकरण का प्रमाण, बैंक पासबुक तथा माता-पिता या संरक्षक के साथ बच्चे का संयुक्त फोटो आदि अभिलेख आवश्यक हैं। आवेदन पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य// द्वड्डह्व4ह्लश्च.द्वठ्ठ पर किया जा सकता है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक जंग बहादुर, नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम सहित संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी बच्चे उपस्थित रहे।

ब्लाक कार्यालय में जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण



बिलासपुर। विकास खंड कार्यालय में जनगणना-2027 के तहत नगर पंचायत केमरी के दूसरे बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। मंगलवार को प्रशिक्षण के दूसरे दिन जनगणना प्रभारी मोहम्मद इलियास ने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों (श्रद्धह्लद्वद्गह्वड्डह्लश्हह्य) एवं पर्यवेक्षकों (स्ह्लश्रद्गह्वाद्वह्यश्हह्य) को जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

निरीक्षण के दौरान मोहम्मद इलियास ने जनगणना कार्य की महत्ता बताते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसमें प्रत्येक परिवार और व्यक्ति से संबंधित जानकारी का सही एवं सटीक संकलन करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण में बताई जा रही प्रक्रियाओं को गंभीरता से समझने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी जानकारी दी गई और कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में मनोज कुमार निमेश,सदानंद फील्ड ट्रेनर, शिशुपाल फील्ड ट्रेनर, विनीत कुमार लेखा लिपिक तथा मोहम्मद जैद कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

दीपावली पर बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, मजिस्ट्रेट किये गये तैनात

रामपुर। दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। धनतेरस, छोटी दीपावली और दीपावली के अवसर पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए 06 से 08 नवंबर तक नगर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर सतर्क नजर रखने के लिए तीन मजिस्ट्रेटों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत उप जिला मजिस्ट्रेट सदर रश्निका श्रीवास्तव को थाना कोतवाली क्षेत्र, तहसीलदार सदर श्रद्धा गुप्ता को सिविल लाइंस क्षेत्र तथा नायब तहसीलदार सदर विश्वास दीक्षित को थाना गंज क्षेत्र में तैनात किया गया है। धनतेरस से दीपावली तक बापू मॉल, सर्राफा बाजार, बर्तन बाजार, मिस्टन गंज और सिविल लाइंस सहित प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक को व्यस्त बाजारों और निर्धारित आतिशबाजी बिक्री स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तथा अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सभी उप जिला मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे आवश्यकता के अनुसार तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की भी ड्यूटी लगाएंगे। नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों और जिला पंचायत राज अधिकारी को पर्व के दौरान बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

तीन दिवसीय महा नाम संकीर्तन का धार्मिक उल्लास के साथ समापन

बिलासपुर। क्षेत्र के समीपवर्ती गांव गोकुल नगरी में सत्य हरि सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय महा नाम संकीर्तन का धार्मिक उल्लास के साथ समापन हो गया।समापन समारोह में आस-पास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। संकीर्तन के चलते पूरा क्षेत्र भक्तिमय भजनों और जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान सत्य हरि सेवा ट्रस्ट के मुख्य आयोजक गौरांग दास ने बताया कि इस त्रि-दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना और जनकल्याण की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने दीप प्रज्वलित कर किया था। वहीं, विशिष्ट अतिथियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस तीन दिवसीय समागम में देश के विभिन्न प्रांतों से आए गणमान्य संतों और प्रबुद्ध नागरिकों ने शिरकत की। इस अवसर पर करन हलदार, माया सरकार, उत्तम हलदार, देवकीनंदन मालिक, जय गाईन और दिलीप हलदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

39 बैचों में जनपद के नौ प्रशिक्षण केंद्रों पर दिया जाएगा प्रशिक्षण

चन्दौसी। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत जनपद सम्भल में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय स्लॉट का शुभारम्भ हुआ। इस स्लॉट में 39 बैचों के माध्यम से कुल 1746 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनपद के नौ प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबंधित उप जिलाधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों ने विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों को पूरे समय उपस्थित रहने और जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जानकारी हासिल करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया 16 से 30 नवंबर 2026 तक चलेगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना की प्रक्रिया से भली-भाँति परिचित कराना है, ताकि जनगणना का कार्य सुचारु, समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

महादेव की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 16 से 21 नवंबर तक

बिलासपुर। नगर में धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री गौरी शंकर मंदिर में 16 नवंबर से 21 नवंबर तक महादेव की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 नवंबर की दोपहर तीन बजे भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा श्री गौरी शंकर मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रवाना की जाएगी।आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर के पंडित मनीष शास्त्री ने बताया कि छह दिवसीय धार्मिक आयोजन में महादेव की प्राण प्रतिष्ठा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत पुण्य का कार्य है। सभी श्रद्धालु श्री गौरी शंकर मंदिर पहुंचकर धार्मिक आयोजन में शामिल हों और पुण्य लाभ अर्जित करें।

बिलासपुर में संयुक्त भाईचारा कॉन्फ्रेंस का आयोजन, सभी धर्मों के धर्मगुरुओं ने दिया कौमी एकता का संदेश

बिलासपुर। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के तत्वावधान में नगर के मोहल्ला भट्टी टोला स्थित शमा मैरिज हॉल में मंगलवार को हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई संयुक्त भाईचारा कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया।सम्मेलन में सभी प्रमुख धर्मों के धर्मगुरुओं,समाजसेवियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने शिरकत कर आपसी प्रेम, एकता,शांति और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जमीयत उलेमा-ए-हिंद के जिला सदर मौलाना असलम जावेद कासमी ने की,जबकि आयोजन तहसील सदर मौलाना नजमुल हसन के नेतृत्व में किया गया।इस मौके पर बड़ा मंदिर सनातन धर्म के पंडित अयोध्या प्रसाद पाठक, होली फैमिली चर्च ईसानगर के फादर विजय राव,कौशलगंज गुरुद्वारे के बाबा सरदार प्रीतम सिंह, जैन समाज के संदेश कुमार जैन, वाल्मीकि समाज के राष्ट्रीय धर्म प्रचारक अमर आदिवासी सहित विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे।कार्यक्रम में सपा नेता एवं व्यापारी मोहम्मद अनस खान, तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजिंदर सिंह विर्क, पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार, हाफिज ताहिर, अथर अली खान, मोहम्मद याकूब खान, शोएब सलमानी, मुफ्ती साजिद, माहिर खान, सरदार सतपाल सिंह, संजीव यादव, मोहम्मद उमर, हाफिज जफर, प्रेम नरेश वाल्मीकि, सरदार हरपाल सिंह, डॉ. जफर खान, मोनीस अयाज खान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मिलक खानम पुलिस ने गैरजमानती वारंट के आरोपी को किया गिरफ्तार

स्वार। थाना मिलक खानम पुलिस ने गैरजमानती वारंट की तामीला के अभियान के तहत एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए रामपुर भेज दिया।इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी स्वार के नेतृत्व में थाना मिलक खानम पुलिस ने टीम गठित कर कार्रवाई की।मंगलवार को पुलिस टीम ने न्यायालय से जारी गैरजमानती वारंट की तामीला करते हुए गोविंद पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम बगी, थाना मिलक खानम को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के मुताबिक, आरोपी के विरुद्ध वाद संख्या 111/24 तथा मुकदमा अपराध संख्या 100/24 में धारा 74, 333, 115(2), 352, 351(2) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मामला दर्ज है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनुज कुमार और कांस्टेबल आकाश राणा शामिल रहे।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय रामपुर भेज दिया।

मिलक खानम पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को दबोचा

रामपुर। थाना मिलक खानम पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी की पहचान परमजीत सिंह उर्फ पम्मू पुत्र गुरदीप सिंह निवासी ग्राम बेरखेड़ा, थाना बिलासपुर, जनपद रामपुर के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में 3 नवंबर को प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सोहन सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त और चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर सरकड़ी मोड़ स्थित तीन पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।तलाशी के दौरान उसके पास से हीरो मोटरसाइकिल संख्या च06ष्ट0597 बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी हरजिंदर सिंह उर्फ काला निवासी बेरखेड़ी के साथ मिलकर किच्छा क्षेत्र से बाइक चोरी करने की बात कबूल की।साथ ही मसवासी और थाना मिलक खानम क्षेत्र के ग्राम हाशमीनगर से दो अन्य मोटरसाइकिल चोरी करने का भी खुलासा किया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सोहन सिंह, विनोद कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

दो दिन चार घंटे गुल रहेगी बिजली, 33 केवी लाइन पर होगी पेड़ों की छंटाई

मिलक। उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवा प्रदान करने के लिए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मिलक से संबंधित 33 केवी विद्युत लाइन के मार्ग पर पेड़ों की कटाई व छंटाई का कार्य कराया जाएगा। इस कारण क्षेत्र की बिजली दो दिन बंद रहेगी।

यह जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से उपखंड अधिकारी ए.के. त्रिपाठी ने दी है। उन्होंने बताया कि 04 नवंबर 2026 एवं 05 नवंबर 2026 को यह कार्य प्रस्तावित है। कार्य को सुरक्षित रूप से संपादित किए जाने हेतु दोनों दिन प्रातः 11ः00 बजे से अपराह्न 03ः00 बजे तक संबंधित 33 केवी विद्युत लाइन का शटडाउन रखा जाएगा।अर्थात दोनों दिन 4 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी उपखंड अधिकारी ने संबंधित सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि विद्युत संबंधित आवश्यक कार्य प्रातः 11 बजे से पूर्व पूर्ण कर लें तथा शटडाउन अवधि के दौरान सहयोग प्रदान करें। साथ ही सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित अवधि में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उक्त कार्य को विभागीय नियमानुसार संपादित कराना सुनिश्चित करें एवं क्षेत्र के उपभोक्ताओं को समय से शटडाउन की सूचना उपलब्ध कराएं। निर्धारित कार्य पूर्ण होने के पश्चात यथाशीघ्र विद्युत आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा।

शादी के तीन दिन बाद पति प्रेमिका के साथ हुआ फरार

मिलक- नगर क्षेत्र के खाता कलां गांव की एक विवाहिता ने कोतवाली पहुंची और प्रार्थना पत्र देकर ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार उसका निकाह 2 सितंबर 2026 को खाता नगरिया निवासी एक युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के तीन दिन बाद ही पति उसे छोड़कर किसी अन्य महिला के साथ चला गया। पीड़िता पति का इंतजार करती रही, बाद में अपने मायके चली गई प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि 3 नवंबर 2026 को जब वह अपनी ससुराल पति के बारे में पूछने गई तो उसके तीन देवरों ने उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट और गलत नियत से जबरदस्ती करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों के आ जाने से उसकी आबरू बच सकी। पीड़िता ने बताया कि वह गर्भवती है और अपने पति के साथ रहना चाहती है। पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। प्रभारी निरिक्षक संजय कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी

बटाईदार किसान भी करा सकेंगे फार्मर रजिस्ट्री, कृषि योजनाओं का मिलेगा लाभ

रामपुर। अब दूसरे किसानों की जमीन पर बटाई (हिस्सेदारी) के आधार पर खेती करने वाले किसान भी फार्मर रजिस्ट्री में अपना पंजीकरण करा सकेंगे। शासन की इस नई व्यवस्था से भूमिहीन बटाईदार किसानों को भी कृषि विभाग की योजनाओं और सेवाओं से जोड़ने का रास्ता खुल गया है। इसका उद्देश्य वास्तविक रूप से खेती करने वाले किसानों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि बटाईदार किसानों के पंजीकरण के लिए दो श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। पहली श्रेणी में ऐसे किसान शामिल हैं, जिनके पास अपनी कोई कृषि भूमि नहीं है और वे दूसरे किसान की जमीन पर बटाई से खेती करते हैं। ऐसे किसान जन सेवा केंद्र (सीएससी) पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए आधार ई-केवाईसी और मोबाइल सत्यापन के बाद किसान का प्रकार %बटाईदार% चुनकर खेती की जा रही जमीन का विवरण दर्ज कराना होगा। आवेदन के बाद संबंधित भूमि स्वामी के फार्मर आईडी खाते में सहमति के लिए अनुरोध भेजा जाएगा।

दूसरी श्रेणी में ऐसे किसान हैं, जिनके पास अपनी जमीन और फार्मर आईडी पहले से है, लेकिन वे दूसरे किसानों की जमीन पर भी बटाई से खेती करते हैं। ऐसे किसान फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल पर अपने खाते में लॉगिन करके %किसान विवरण अद्यतन% विकल्प में %नई भूमि जोड़ें (बटाईदार)% के माध्यम से बटाई वाली जमीन का विवरण दर्ज कर सकते हैं।

भूमि स्वामी की सहमति जरूरी- दोनों ही श्रेणियों में बटाई पर ली गई जमीन का विवरण संबंधित भूमि स्वामी के फार्मर आईडी खाते में अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। भूमि स्वामी के अनुरोध स्वीकार करने के बाद ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होगी। जिन बटाईदार किसानों की फार्मर आईडी पहले से नहीं है, उनकी आईडी भी अनुमोदन के बाद जनरेट की जाएगी। इस व्यवस्था से केवल जमीन के मालिक ही नहीं, बल्कि वास्तव में खेती करने वाले किसानों का भी डिजिटल रिकॉर्ड तैयार हो सकेगा। इससे पात्र बटाईदार किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं, उर्वरक, बीज और अन्य कृषि सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। बटाईदार किसान पंजीकरण से संबंधित जानकारी अथवा सहायता के लिए फार्मर रजिस्ट्री हेल्पडेस्क नंबर 0522-2317003 पर संपर्क कर सकते हैं।

सैफनी में अकीदत के साथ शुरू हुआ हजरत शेख भूरे शाह मियां का सालाना उर्स

पहले दिन मिलाद शरीफ और जलसे में उमड़े अकीदतमंद, मुल्क में अमन-चैन की दुआ



सैफनी। नगर पंचायत सैफनी में हजरत शेख भूरे शाह मियां रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स मुबारक का आगाज पूरे अकीदत और एहतराम के साथ हो गया है। उर्स के पहले दिन मिलाद शरीफ और जलसे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। देर रात चले इस जलसे में किछौछा शरीफ से तशरीफ लाए सैय्यद नय्यर अशरफ अशरफी और सैयद बाक़िफ मियां समेत विभिन्न स्थानों से आए उलमा-ए-दीन ने शिरकत की। इस दौरान उलमा ने अपनी तकरीरों के जरिए लोगों को दीन की बातें बताईं और नेक रास्ते पर चलने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा इंसानियत की खिदमत करने का पैगाम दिया। कार्यक्रम में मदरसा नूरुल उलूम सैफनी के शहर इमाम कारी अतीकुर्रहमान साहब, कारी रिजवान और दरगाह कमेटी के तमाम लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। बाहर से आए मेहमान उलमा की मौजूदगी से जलसे का पूरा माहौल रूहानी और खुशनुमा बना रहा। जलसे के आखिर में देश और मुल्क की तरक्की, खुशहाली, आपसी भाईचारे और देश में अमन-चैन कायम रहने के लिए विशेष दुआ की गई। उर्स के पहले दिन आयोजित इन कार्यक्रमों में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बुजुर्ग की बारगाह में अपनी अकीदत पेश की।

अफीम तस्करी- स्कॉर्पियो के गुप्त चेंबर से 20.5 किलो अफीम बरामद



सैफनी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (द्वह्लस्त्र) और थाना सैफनी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों के अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। शाहबाद-बिलारी मार्ग से पुलिस ने बिना नंबर की लग्जरी स्कॉर्पियो-एन से 20.497 किलोग्राम अफीम बरामद कर तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने अफीम छिपाने के लिए गाड़ी की पिछली सीट के पीछे एक गोपनीय चेंबर (कैविटी) बना रखा था। कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ली गई तलाशी के दौरान इस लॉक्ड चेंबर से खाकी टेप से लिपटे 10 पैकेट बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों में चालक अवधेश व नवीन (निवासी बरेली) और अफीम का रिसीवर विपिन कुमार (निवासी मोगा, पंजाब) शामिल हैं। हालांकि, सफेद स्विफ्ट कार में सवार एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि बरेली निवासी मुख्य सरगना अशोक और पंजाब के सप्लायर हैप्पी के इशारे पर वे स्नैपचैट व व्हाट्सएप के जरिए डिलीवरी लोकेशन तय करते थे। माल सुरक्षित पहुंचाने के एवज में चालकों को 20 से 25 हजार रुपये प्रति चक्कर कमीशन मिलता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कार, 4 स्मार्टफोन और 6,220 रुपये नकद जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार सरगनाओं की तलाश शुरू कर दी गई है।

गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर प्रभात फेरियां शुरू

रामपुर। जगतगुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा, सिविल लाइंस की ओर से मंगलवार से प्रभात फेरियों का शुभारंभ किया गया। तीन नवंबर से 21 नवंबर तक प्रतिदिन प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। 22 नवंबर को बड़ी प्रभात फेरी और 24 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब में विशेष धार्मिक समागम आयोजित होगा।



मंगलवार सुबह पांच बजे गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा से पहली प्रभात फेरी श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। प्रभात फेरी सबसे पहले गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार पहुंची, जहां अरदास के बाद लंगर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के मीत प्रधान सरदार मंजीत सिंह ने प्रधान दर्शन सिंह खुराना और जत्थेदार पपिंदर सिंह को सरोपा भेंटकर सम्मानित किया।

इसके बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा रोड होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंची। यहां कीर्तन और अरदास के बाद प्रधान दर्शन सिंह खुराना को सरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। संगत को लंगर प्रसाद भी वितरित किया गया। इसके पश्चात प्रभात फेरी मंदिर वाली गली से होते हुए सुबह करीब 7ः30 बजे वापस गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा पहुंचकर संपन्न हुई।

प्रभात फेरी के दौरान रास्ते में जगह-जगह संगत ने श्रद्धा के साथ दर्शन कर स्वागत किया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। संगत गुरबाणी कीर्तन करते हुए गुरु नानक देव जी की महिमा का गुणगान कर रही थी। प्रभात फेरी के आगे इकबाल सिंह निशान साहिब लेकर चल रहे थे, जबकि ठेले की सेवा गुरबचन सिंह ने की। आयोजन के तहत 20 जुलाई से प्रतिदिन रात 8ः45 से 9ः15 बजे तक संगत के रूप में सहज पाठ साहिब भी किया जा रहा है, जिसकी समाप्ति 24 नवंबर को होगी।

चार नवंबर को प्रभात फेरी सुबह पांच बजे गुरुद्वारा साहिब से रवाना होकर गुरुद्वारा रोड होते हुए राजेंद्र सिंह बब्बर के आवास पहुंचेगी। यहां से होली पार्क होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरकर हरजिंदर सिंह मुंडापांडे वालों के आवास तक पहुंचेगी।

इस अवसर पर प्रधान दर्शन सिंह खुराना, प्रबंधक कमेटी के महेंद्र सिंह होरा, पपिंदर सिंह, जसमीत सिंह, राधेश्याम अरोड़ा, धनवंत सिंह, हरीश अरोड़ा, गुरजीत सिंह, जगजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह और गुलशन जुनेजा सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

विकास कार्यों की समीक्षा कर समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश



चन्दौसी। मंगलवार को विकास खंड बनियाखेड़ा में शासन की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुनील कुमार सिंह ने की। इसमें ग्राम पंचायतवार सभी सचिवों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में व्यक्तिगत शौचालय के लिए प्राप्त ऑनलाइन आवेदन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर हुए व्यय, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत सहायक एवं केयरटेकर के मानदेय भुगतान तथा एकल फैमिली आईडी की समीक्षा की गई। सहायक विकास अधिकारी ने संबंधित सचिवों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी अवनीश उपाध्याय, उमेश कुमार, ओमवीर सिंह, सिद्धार्थ पाराशर, गौरव कन्नौजिया, उरमान अली तथा ग्राम पंचायत अधिकारी प्रेमपाल उपस्थित रहे।

महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया दीपोत्सव, रंगोली सजाकर जलाए दीप



चन्दौसी। सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में श्री गीता सत्संग महिला मंडल की ओर से दीपोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान महिलाओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर घी के दीपक जलाए और दीपावली की खुशियां साझा कीं। ग्रुप संयोजिका इंदु अग्रवाल ने सदस्यों से दीपावली पर पटाखे नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पटाखों से ध्वनि प्रदूषण होता है, इसलिए बच्चों को भी इनसे दूर रखें। ग्रुप अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने मिट्टी के दीपक जलाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे गरीब परिवारों को रोजगार मिलता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने हाउजी, मनोरंजक खेल और नृत्य प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इसके बाद मिठाई, जलपान और उपहारों का आदान-प्रदान किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रानी अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, प्रतिभा, कविता, नीलम, साधना, नीरा, शशिबाला, माधुरी, गार्गी, बीना, रितु, मीरा, मनीषा, पारुल सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

जुआ खेलने से मना करने पर किशोर को घर से खींचकर पीटा



चन्दौसी। ग्राम असालतपुर जारई में घर के सामने जुआ खेलने से मना करने पर सात-आठ लोगों ने 15 वर्षीय किशोर को घर से खींचकर बेरहमी से पीट दिया। आरोपियों ने लोहे की रॉड और धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना 29 अक्टूबर को रात करीब 8:30 बजे की बताई गई है।

घायल कमल के पिता वीरपाल ने बताया कि वह पकौड़ी का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके घर के सामने लगे विद्युत पोल के नीचे करवाचैथ के दिन कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। कमल ने घर के सामने जुआ खेलने से मना किया तो अजय, गिरिराज, हरपाल समेत सात-आठ लोग एकराय होकर उसे घर से खींच ले गए और मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे उसकी पीठ पर गहरे घाव हो गए। घटना के समय कमल की मां भी मौजूद थीं। सूचना मिलने पर पहुंचे पिता घायल बेटे को कोतवाली लेकर गए, जहां से उसे संभल रेफर कर दिया गया। वीरपाल का कहना है कि बेटे के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। आर्थिक तंगी के कारण इलाज कराने में भी परेशानी हो रही है। आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और लगातार धमकियां दे रहे हैं।

जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार कर पात्रों तक पहुंचाएं लाभ- राज्यमंत्री गुलाब देवी

चन्दौसी। कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति (दृष्टि) की बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, युवा उद्यमी विकास अभियान, छात्रावृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा हुई। अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत चार नवंबर को बबराला, छह नवंबर को बहजोई और 16 नवंबर को सम्भल में विवाह कार्यक्रम आयोजित होने की जानकारी दी गई। विधायक सम्भल इकबाल महमूद ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों की दूरी कम रखने का सुझाव दिया, ताकि विद्यार्थियों को परेशानी न हो। विधायक गुन्नौर रामखिलाड़ी सिंह यादव ने हेपेटाइटिस बी और सी की दवाइयां उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर सीएमओ ने बताया कि गुन्नौर और जुनावई सीएचसी पर दवाइयां उपलब्ध करा दी गई हैं। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने सामूहिक विवाह की तिथियां पहले घोषित करने, सीएम युवा योजना का प्रचार करने और परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में निर्धारित मानकों व विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के सुझावों और समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने को कहा। बैठक में सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, विधायक मोहम्मद फहीम इरफान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



पंचायतों की मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का अवसर

बदायूँ। सभी अर्ह भारतीय नागरिक पंचायतों की मतदाता सूची में नाम शामिल कराने हेतु प्रपत्र-2, नाम में सुधार हेतु प्रपत्र-3 तथा सूची से नाम हटवाने हेतु प्रपत्र-4 पर आवेदन कर सकते हैं। नाम परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की कार्यवाही हेतु संबंधित आवेदन प्रपत्र आवश्यक अभिलेखों सहित अपनी ग्राम पंचायत के बी0एल0ओ0 अथवा संबंधित तहसील कार्यालय पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचा0) अवनीश राय ने उक्त आशय का आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा-9 के प्राविधानों के अंतर्गत आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण की अधिसूचना निर्गत कर दिए जाने के उपरान्त ऑनलाइन डाटा इन्ट्री कराकर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन नामों की सूची के अनुसार ऐसे मतदाताओं को समावेशित कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा-9 (8) के प्राविधान के अन्तर्गत कोई सुधार निष्कासन, परिवर्धन ग्राम पंचायत के किसी निर्वाचन के लिए नामांकन देने के अन्तिम दिनांक के पश्चात और उस निर्वाचन के पूर्ण होने के पूर्व नहीं किया जाएगा। आयोग द्वारा निर्गत उत्तर प्रदेश पंचायत राज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण (पूरक उपबंध) आदेश 2005 के अंतर्गत मतदाता सूची में परिवर्धन, संशोधन और विलोपन की कार्यवाही की जा सकती है।

कारतूसों सहित 05 व्यक्ति गिरफ्तार

बदायूँ - अवगत कराना है आज दिनांक 03.11.2026 को हरियाणा पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि बदायूँ की 01 महिला समेत 05 व्यक्तियों को लगभग 25 हजार जिन्दा कारतूस व दो कार के साथ रोहड़ टोल प्लाजा, रोहतक ङ्क दिल्ली रोड से गिरफ्तार किया गया है।

सूचना प्राप्त होने पर थाना सिविल लाइन पुलिस व एस.ओ.जी. टीम बदायूँ द्वारा संयुक्त रूप से बाबी उर्फ अफीफुद्दीन पुत्र रईशुद्दीन के लावेला चौक स्थित घर पर तलाशी ली गई तो बाबी उर्फ अफीफुद्दीन के घर पर निम्नलिखित बरामदगी हुई- 315 बोर रायफल 01 पोनिया 12 बोर देशी 01 विभिन्न बोर के जिन्दा कारतूस 40 विभिन्न बोर के खोखा कारतूस 738 नोट- दोनों असलहों के लाइसेंस की वैधता अवधि समाप्त हो गई है तथा अभी तक नवनीकरण भी नहीं हुआ है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की प्रचलित है।

दीपावली पर उज्ज्वला लाभार्थियों को मिलेगा नि:शुल्क गैस सिलेंडर

बदायूँ - जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक सब्सिडी के चेक प्रदान किए गए। जनपद में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कुल 3,85,719 गैस कनेक्शन धारक हैं। योजना के तहत लाभार्थियों द्वारा गैस सिलेंडर क्रय किए जाने पर सब्सिडी की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। प्रत्येक पात्र लाभार्थी को 938.45 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा मंगलवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसके सजीव प्रसारण को स्थानीय डायट स्थित आडिटोरियम में संबंधित लाभार्थियों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन मानवेन्द्र सिंह, शारदेन्दु पाठक की धर्मपत्नी सलोनी पाठक तथा जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं उज्ज्वला योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को 20 हजार के बजाय मिलेंगे 15,396 रुपय

चन्दौसी। आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को 20 हजार रुपये मासिक वेतन देने का सरकार का वादा पूरा नहीं होने पर स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने दो नवंबर को जारी शासनादेश को कर्मचारियों के साथ छलावा बताया। प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार राजवर ने बताया कि शासनादेश में सफाई कर्मचारियों को श्रेणी-4 में रखा गया है। 17,646 रुपये के कुल पारिश्रमिक में विभिन्न मदों की कटौती के बाद कर्मचारियों को केवल 15,396 रुपये ही मिलेंगे। नागर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने 20 हजार रुपये वेतन और एरियर देने की घोषणा की थी, लेकिन इसका लाभ नहीं मिला। उन्होंने चेतावनी दी कि सात दिन में शासनादेश निरस्त कर बिना कटौती 20 हजार रुपये वेतन देने का आदेश जारी नहीं हुआ तो प्रदेशभर में सफाई व्यवस्था ठप कर आंदोलन किया जाएगा।

दियौरा खास में छठे दिन हुआ राम बनवास और केवट संवाद का मंचन

चन्दौसी। तहसील चन्दौसी के गांव दियौरा खास में आदर्श श्री राम लीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला के छटे दिन सोमवार की रात राम बनवास और केवट संवाद प्रसंग का मनोहारी मंचन किया गया। राम के वन गमन और केवट के साथ हुए संवाद के मार्मिक दृश्य को देख दर्शक भावुक हो गए। कलाकारों की सजीव प्रस्तुति ने पूरे पंडाल को राममय कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं बिलारी विधानसभा से भाजपा के सम्भावित प्रत्याशी नरेश यादव पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आरती की और फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ कराया। मंच से संबोधित करते हुए भाजपा नेता नरेश यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श त्याग, मर्यादा और सत्य के प्रतीक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने रामलीला कमेटी के इस प्रयास की सराहना की इस अवसर पर रनवीर सिंह, अशोक शर्मा, जुगल किशोर शर्मा,उदयवीर सिंह, वीरेश यादव, महावीर सिंह, लखमीचन्द यादव, मनसुख यादव, जितेन्द्र यादव, मनवीर सिंह यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत मंगलवार को जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में चैपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया और महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण की जानकारी दी। वहीं एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूल-कॉलेजों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट वितरित कर उनके उपयोग के बारे में बताया।

सड़कों पर बढ़ रही निराश्रित पशुओं की संख्या

चन्दौसी। निराश्रित एवं आवारा गौवंशीय पशुओं के संरक्षण के लिए योगी सरकार की ओर से ब्लॉक और नगरपालिका स्तर पर गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है। यहां पशुओं के रहने, खाने और उपचार की व्यवस्था है, लेकिन इसके बावजूद सड़कों पर निराश्रित गौवंशीय पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। आरोप है कि कुछ पशुपालक दूध देना बंद करते ही अपने पशुओं को छुट्टा छोड़ देते हैं। नगरपालिका की कैटल कैचर गाड़ी अभियान चलाकर ऐसे पशुओं को पकड़कर गौशाला पहुंचाती है, जहां उनकी देखभाल और उपचार किया जाता है। पिछले सात दिनों में भी कई गौवंशीय पशुओं को पकड़कर नगरपालिका की गौशाला पहुंचाया गया है। इसके बावजूद समस्या पूरी तरह थमती नजर नहीं आ रही है। गणेश मेला ग्राउंड के आसपास दर्जनों गौवंशीय पशु कूड़े के ढेर में भोजन तलाशते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में पशुओं के संरक्षण के साथ उन्हें छुट्टा छोड़ने वाले पशुपालकों पर कार्रवाई की जरूरत भी महसूस की जा रही है।

मेले में 445 युवाओं का चयन 27 कंपनियों ने किया प्रतिभाग



बदायूँ। रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कुल 27 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से 715 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त कुल 445 युवाओं का चयन/शॉर्टलिस्ट किया गया। इस प्रकार रोजगार मेले के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

मंगलवार को जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में विधानसभा स्तरीय (विधानसभा सदर) रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, परिसर में किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोवरन सिंह राजपूत जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु रोजगार मेलों का आयोजन कराया जाता है। मेलों से तमाम बेरोजगार लाभान्वित हुये हैं। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए रोजगार मेलों को युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने युवाओं से अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन कौशल विकास मिशन के विकासखंड परियोजना प्रबंधक अंकित यादव ने किया। रोजगार मेले में जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकान्त यादव, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई सुरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय सहित जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बी0आई0एम0टी0 में रोजगार मेला आज- उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन अंतर्गत बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन बदायूँ के संयुक्त तत्वावधान में आज 04 नवम्बर 2026 को प्रात: 10 बजे से ककराला रोड स्थित बी0आई0एम0टी0 परिसर में रोजगार मेला आयोजित होगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करना पूर्णत: नि:शुल्क है। रोजगार मेले में हाईस्कूल से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक तथा कौशल विकास डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष तक के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी प्रात: 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्रों एवं बायोडाटा की छायाप्रति के साथ रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बिसौली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा



बदायूँ- आज दिनांक 02.11.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा थाना बिसौली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय की व्यवस्थाओं एवं विभिन्न अभिलेखों के रख-रखाव तथा उनके अद्यतन की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान सीसीटीएनएस (छ्ष्ठड्डह्स्) पोर्टल पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अभिलेखों एवं ऑनलाइन डाटा को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला हेल्प डेस्क एवं साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर वहां प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण, पीड़ितों से संवेदनशील व्यवहार तथा त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनने, उनके साथ शालीन एवं सम्मानजनक व्यवहार करने तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर एवं अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने, लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण करने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभावी कार्यवाही करने तथा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्त एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

चन्दौसी बार एसोसिएशन के चुनाव आज, सुबह आठ बजे से होगा मतदान

चन्दौसी। चन्दौसी बार एसोसिएशन के चुनाव में बुधवार, चार नवंबर को अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू होगा। चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ ने अफसर अली एडवोकेट, पूर्व संयुक्त सचिव जिला अधिवक्ता संघ खीरी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस संबंध में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ने पत्र जारी कर पर्यवेक्षक अफसर अली से चुनाव प्रक्रिया अपनी देखरेख में पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने की अपेक्षा जताई है। पर्यवेक्षक की नियुक्ति से चुनाव प्रक्रिया पर निगरानी रखी जाएगी और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी होगी।

ई-रिक्शा रूट डायवर्जन से बड़े बाजार में कम हुई भीड़, जाम से मिली राहत

चन्दौसी। नगर में ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या के चलते संभल गेट, बड़ा बाजार और घास मंडी समेत प्रमुख स्थानों पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी। समस्या से निजात दिलाने के लिए सीओ विवेक जावला ने सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक कर सुझाव मांगे थे। व्यापारियों के सुझावों के आधार पर ई-रिक्शाओं के लिए रूट प्लान निर्धारित किया गया। इसके तहत बिसौली गेट और सीकरी गेट की ओर से आने वाले ई-रिक्शाओं को घास मंडी की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। वहीं त्योहारों पर भीड़ को देखते हुए बड़ा बाजार में ई-रिक्शाओं का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मंगलवार को महाजन होटल चैराहे पर पुलिस बल ने निर्धारित रूट प्लान के अनुसार ई-रिक्शाओं को डायवर्ट कराया। इसके चलते बड़ा बाजार में ई-रिक्शाओं की आवाजाही कम रही और भीड़भाड़ में भी कमी दिखाई दी। पुलिस की इस व्यवस्था से जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

दीपावली की रंगत से गुलजार हुआ बाजार, रंग-बिरंगी झालरों से सजी दुकानें

चन्दौसी। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही नगर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को रंग-बिरंगी बिजली की झालरों और फूलों की लड़ियों से सजाना शुरू कर दिया है। बाजार में दीपावली की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। दुकानों पर सजावट के सामान, रोशनी की झालरों और त्योहार से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी हो रही है। बाजार में बढ़ती चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। शाम होते ही रंग-बिरंगी रोशनी से सजे बाजार का नजारा आकर्षक दिखाई देने लगा है।

चन्दौसी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे दृगपाल सिंह, विकास के बताए मुद्दे

चन्दौसी। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही 31-चन्दौसी विधानसभा क्षेत्र में संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ने लगी है। क्षेत्र में विकास कार्यों और जनसंपर्क को लेकर भी सरगर्मियां तेज हो रही हैं। इसी क्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दृगपाल सिंह भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में जुटे हैं। दृगपाल सिंह ने श्रीनानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में 35 वर्षों तक सेवाएं दी हैं। उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि भले ही नहीं रही, लेकिन राजनीति उनका विषय रहा है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य जनसेवा के माध्यम से क्षेत्र का विकास करना है। यदि पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्टेडियम, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज और युवाओं को रोजगार देने के लिए कारखाना स्थापित कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में युवाओं को दूसरे स्थानों पर पलायन करना पड़ता है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़कें बनवाना भी जरूरी है।

नगर आयुक्त ने रात्रिकालीन एवं प्रात:कालीन निरीक्षण में परखी स्वच्छता व्यवस्था



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। नगर आयुक्त श्री हिमांशु कौशिक द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक, सामुदायिक एवं पिंक शौचालयों की स्वच्छता तथा मार्ग प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शौचालयों की नियमित साफ-सफाई एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित करने तथा बंद अथवा खराब प्रकाश बिंदुओं को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। इसी के क्रम में आज दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को नगर आयुक्त श्री हिमांशु कौशिक द्वारा प्रात:कालीन निरीक्षण के दौरान बुध बाजार, काशीपुर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन रोड तथा वार्ड संख्या 41 के पक्का बाग क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं नाला सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि सभी क्षेत्रों में नियमित सफाई एवं घरों से समयबद्ध कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए। सड़कों, नालों तथा सार्वजनिक स्थलों पर कचरा एकत्र न होने दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निरीक्षण में पाई गई कमियों का शीघ्र निराकरण कराया जाए। पुन: निरीक्षण में कमी पाए जाने अथवा निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आगामी पर्वों के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई जा रही जनसुविधाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए नगर आयुक्त महोदय ने नगर निगम मुरादाबाद के समस्त उच्च अधिकारियों को भी अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में नियमित स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सायं 7 बजे से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए आगामी पर्वों तक प्रतिदिन प्रात: एवं सायंकाल निरीक्षण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि निरीक्षण में मिलने वाली कमियों का संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर तत्काल निराकरण कराया जाए। सभी अधिकारी कमियों की स्थिति तथा सुधारात्मक कार्य पूर्ण होने के बाद के फोटोग्राफ संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप में अनिवार्य रूप से साझा करें। उन्होंने संबंधित कार्यदायी एजेंसियों को भी निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें, ताकि प्रत्येक समस्या के निराकरण हेतु नगर आयुक्त स्तर से व्यक्तिगत निर्देश देने की आवश्यकता न पड़े। सभी अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त ने दिये पिंक शौचालयों को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। नगर आयुक्त ने की कूड़ा संग्रहण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यों की समीक्षा शत्प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कवरेज करते हुए यूजर चार्ज वसूली में वृद्धि किये जाने एवं सामुदायिक व पिंक शौचालयों को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश

नगर आयुक्त श्री हिमांशु कौशिक की अध्यक्षता में आज नगर निगम मुरादाबाद में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त तृतीय श्री अजीत कुमार सिंह,

डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण हेतु अनुबंधित संस्थाओं आयुषी हाइजीन प्राइवेट लिमिटेड एवं अर्बन एज प्राइवेट लिमिटेड, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट का संचालन करने वाली संस्था पाथेय के प्रतिनिधि तथा स्वच्छता जागरूकता (आईईसी) टीम उपस्थित रही।

बैठक में सर्वप्रथम संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा कार्यों में तैनात मैनपावर, वाहनों एवं अन्य संसाधनों की जानकारी प्रस्तुत की गई। नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि तैनात समस्त कार्मिकों की अद्यतन सूची उनके नाम, मोबाइल नंबर एवं तैनाती स्थल सहित उपलब्ध कराई जाए, जिससे क्षेत्रवार तैनाती का सत्यापन एवं कार्यों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। साथ ही इस कार्य में लगाये गये मैनपॉवर व अन्य संसाधनों कलेक्शन वाहनों इत्यादि को दुरस्त रखा जाये व वृद्धि करते हुए डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कार्य में करने के निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त ने संबंधित एजेंसियों को यूजर चार्ज की वसूली में शत्प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्देशों का अनुपालन न होने पर संबंधित एजेंसी के भुगतान में नियमानुसार कटौती की जाएगी, जिसके लिए एजेंसी स्वयं उत्तरदायी होगी।

संस्था द्वारा संचालित सार्वजनिक, सामुदायिक एवं पिंक शौचालयों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन की गाइडलाइन के अनुसार चेकलिस्ट तैयार कर प्रत्येक शौचालय में प्रदर्शित की जाए। क्षेत्रीय सुपरवाइजर निरंतर निरीक्षण करते हुए चेकलिस्ट का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा सभी सामुदायिक एवं पिंक शौचालयों को 24म7 खुला रखा जाए।

बैठक में स्वच्छता जागरूकता (आईईसी) टीम के कार्यों की भी समीक्षा की गई। नगर आयुक्त ने टीम को घर-घर जाकर नागरिकों को स्रोत पर गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के प्रति जागरूक करने तथा घरों को डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन के आस-पास व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेण्डर के मध्य जागरूकता करते हुए डस्टबिन का उपयोग करने प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने व आस-पास स्वच्छता बनाये रखने तथा वार्डों में चिह्नित गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी), अर्थात कूड़ा जमा होने वाले स्थलों को समाप्त कराने हेतु जागरूकता एवं संबंधित संस्था से समन्वय करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए।

आईईसी टीम को सभी शौचालयों की नियमित साफ-सफाई को लेकर जागरूकता गतिविधियों की साप्ताहिक एवं मासिक कार्ययोजना तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट का संचालन करने वाली संस्था एक सप्ताह के भीतर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों एवं संबंधित गाइडलाइन के अनुसार समस्त अनुपालन पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसका एक सप्ताह के उपरान्त स्थलीय निरीक्षण किये जाने पर अनुपालन में कोई कमी पाए जाने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं रवांगी स्थल का किया निरीक्षण



हापुड़। आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कविता मीना (डू.स.) के द्वारा नवीन मंडी में स्थित स्ट्रांग रूम एवं रवांगी स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, बैरिकेडिंग तथा साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रवांगी स्थल पर वाहनों की पार्किंग, पोलिंग पार्टियों के बैठने, सामग्री वितरण एवं वापसी की व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी महोदया ने निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्जा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	ज़रीन/ शाकिर हुसैन/ LBMDB00005610317/ LBMDB00005848700	गाटा/खसरा नंबर 530, मौजा मैनाठेर, तहसील एवं जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश- 244001/ अक्टूबर 31, 2026	अगस्त 17, 2023 रु. 20,52,955/-	मुरादाबाद

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(यों) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 04, 2026, स्थान : मुरादाबाद — भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए



गढ़मुक्तेश्वर के होटल ली पैलेस में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन, 162 जोड़ों का हुआ विवाह

हापुड़। आज तहसील गढ़मुक्तेश्वर के होटल ली पैलेस में समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा नागर, मा. विधायक गढ़मुक्तेश्वर श्री हरेंद्र सिंह तेवतिया, जिलाधिकारी श्रीमती कविता मीना (डू.स.) एवं मुख्य विकास अधिकारी सुश्री श्रुति शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस समारोह में जनपद के कुल 162 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें हिंदू एवं मुस्लिम दोनों समुदाय के जोड़े शामिल रहे। सभी 162 नवविवाहित जोड़ों को सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान राशि, उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी।जिलाधिकारी श्रीमती कविता मीना जी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से अपील की कि जिन नवविवाहित जोड़ों की वोटर आईडी नहीं बनी है, वे अपनी वोटर आईडी अवश्य बनवाएं। इस हेतु कार्यक्रम स्थल पर ब्लॉक की तैनाती भी की गई थी, जिनके द्वारा मौके पर ही वोटर आईडी से संबंधित फॉर्म भरवाए गए।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित

दीपावली पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों के ठेकों की नीलामी 4 अक्टूबर को

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। दीपावली पर्व के अवसर पर महानगर में आतिशबाजी की बिक्री के लिए अस्थायी दुकानें लगाने हेतु ठेकों की नीलामी 4 अक्टूबर 2026 को की जाएगी। अपर जिलाधिकारी नगर श्री अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि नीलामी की कार्यवाही कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में अपराह्न 12 बजे से संपन्न होगी।

उन्होंने बताया कि आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें महानगर के तीन निर्धारित स्थलों पर 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन लगाई जाएंगी। इनमें बुद्धि विहार में सर्किट हाउस के पीछे स्थित उत्तरी रिक्त मैदान, बुद्धि विहार का दक्षिणी रिक्त मैदान तथा सोनकपुर पुल के निकट स्थित रिक्त मैदान शामिल हैं।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित आयुध कार्यालय में देखी जा सकती हैं। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय एवं स्थान पर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

युवा उत्सव का आयोजन 05 नवंबर को, युवाओं को प्रतिभा प्रदर्शन का मिलेगा अवसर

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद मुरादाबाद में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 05 नवंबर 2026 को आरएसडी एकेडमी, रामगंगा विहार, मुरादाबाद में किया जाएगा।

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें लोकनृत्य (समूह), लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग एवं कविता लेखन आदि विधाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवाओं की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है।

ठाकुरद्वारा में 05 नवंबर को लगेगा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मुरादाबाद एवं कृष्णा महाविद्यालय, ठाकुरद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 05 नवंबर 2026 को प्रात: 10:00 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले का आयोजन कृष्णा महाविद्यालय, निकट होलिका मंदिर, ठाकुरद्वारा में किया जाएगा।

सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 20 से 25 नियोजक कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इन कंपनियों के माध्यम से अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर साक्षात्कार लेकर चयन की कार्यवाही की जाएगी।

रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए पोर्टल ह्श्द्धद्दड्डुड्डह्लड्डठ्ठद्दड्डद्व.ह्लश्र.द्दश1.द्बठ्ठ पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अपने साथ संपूर्ण बायोडाटा की दो प्रतियां हस्तलिखित अथवा टंकित, समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की दो सेट छायाप्रतियां तथा दो रंगीन फोटो लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8005383887 पर संपर्क किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यदिवस में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कांठ रोड, मुरादाबाद में संपर्क किया जा सकता है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

मिशन शक्ति 6.0ः एनसीसी इकाई ने कराई पोस्टर प्रतियोगिता

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम की एनसीसी इकाई द्वारा मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता 22 यूपी गर्ल्स बटालियन मेरठ के कमांडिंग आफिसर कर्नल होपेंदर ठाकुर तथा प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के संरक्षण और एनसीसी अधिकारी कैप्टन (प्रो.) लता कुमार के नेतृत्व में हुई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन और सुरक्षा विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाए।

प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने पोस्टरों का अवलोकन कर कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं, बच्चियों व छात्राओं की सुरक्षा और स्वावलंबन से जुड़ा अभियान है, इसमें सभी को भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कैडेट्स से आसपास की बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक करने का आह्वान किया।

प्रतियोगिता में कैडेट महक जायसवाल ने प्रथम, भूमि ने द्वितीय तथा गौरी और अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन में 27 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया, जबकि 48 कैडेट्स उपस्थित रहे।

अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 ने तोड़े बिक्री और बचत के सभी रिकॉर्ड

मेरठ। अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 ने ग्राहकों की खरीदारी, बचत, विक्रेताओं की सफलता और डिलीवरी के मामले में पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कंपनी के अनुसार, शॉपिंग इवेंट में अब तक 393 करोड़ से अधिक विजिट दर्ज की गई हैं और ग्राहकों को डील्स, बैंक डिस्काउंट, कैशबैक तथा रिवॉर्ड्स के माध्यम से 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है।

अमेज़न इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष पिछले साल की तुलना में शॉपिंग वॉल्यूम में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इवेंट में 70 प्रतिशत से अधिक खरीदार गैर-मेट्रो शहरों से रहे। स्मार्टफोन, स्मार्टवॉच, फैशन, ब्यूटी, होम अप्लायंसेज और अन्य प्रीमियम उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई।

इस दौरान प्रत्येक तीन खरीदी गई यूनिट में से एक पर कैशबैक रिवॉर्ड मिला। प्राइम मेंबर्स के लिए अब तक के सर्वाधिक साइन-अप दर्ज किए गए। वहीं, सेम-डे डिलीवरी में 3.6 गुना वृद्धि हुई। ईएमआई खर्च में भी सालाना 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिसमें 90 प्रतिशत खर्च ब्याज-मुक्त नो-कॉस्ट ईएमआई के माध्यम से किया गया। कंपनी के अनुसार, फेस्टिवल का एक सप्ताह शेष रहने पर ग्राहकों को आकर्षक डील्स और विशेष ऑफर्स का लाभ मिलता रहेगा।

ड्यूटी के दौरान दरोगा की हार्ट अटैक से मौत, कुर्सी पर ही थम गईं सांसें



हापुड़। एक बेहद दुखद और हृदय विदारक खबर सामने आई है। थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव गंदू नगला में रात्रि ड्यूटी (पिकेट) पर तैनात उप-निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) लक्ष्मण सिंह का अचानक दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ने से निधन हो गया ?मिली जानकारी के अनुसार, सब-इंस्पेक्टर लक्ष्मण सिंह मंगलवार/बुधवार की रात गांव गंदू नगला में कानून-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि ड्यूटी पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान ही अचानक उन्हें साइलेंट अटैक आया और कुर्सी पर बैठे-बैठे ही उनकी सांसें थम गईं ?घटनाक्रम काफी भावुक करने वाला रहा। रात के समय ग्रामीणों ने दारोगा जी को कुर्सी पर बैठे देखा, तो वे यही समझते रहे कि उप-निरीक्षक मुस्तैदी से पहरा दे रहे हैं और गांव की सुरक्षा में तैनात हैं। लेकिन सुबह होने पर जब काफी देर तक शरीर में कोई हलचल नहीं हुई और ग्रामीणों द्वारा आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। ?इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस प्रशासन को इस घटना की सूचना दी ?सूचना मिलते ही बहादुरगढ़ थानाध्यक्ष इंद्रकांत यादव भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने स्थिति का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया ?दिवंगत उप-निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मूल रूप से जनपद अलीगढ़ के सादाबाद क्षेत्र के रहने वाले थे। उनके आकस्मिक निधन की खबर से उनके परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं हापुड़ पुलिस विभाग और साथी कर्मचारियों में गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस के उच्च अधिकारियों व सहयोगियों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्जा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	फरहा अदीबा/ मोहम्मद रज़मी/ LBMDB00006636921/ TBMDB00006514631	खसरा नंबर-1000 में शामिल प्लॉट, मौजा द्विमरी पश्चिमी में स्थित, तहसील और जिला-मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001/ अक्टूबर 31,2026	जुलाई 23, 2026 रु. 22,20,017.00/-	मुरादाबाद

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यों) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : नवंबर 04, 2026, स्थान : मुरादाबाद — भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

व्यापारी से ठगी करने वाले दो साधु वेशधारी अपराधी हुए गिरफ्तार

एसपी के के विश्नोई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

आज समाचार सेवा



बिजनौर। नगीना पुलिस ने सोमवार की दोपहर एक कपड़ा व्यापारी से 11500 रुपए की ठगी करने वाले साधु वेशधारी अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ठगी की रकम बरामद कर ली है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने मंगलवार की दोपहर पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नगीना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों अपराधियों पंजाब के मोगा जनपद के थाना व कस्बा धर्मकोट क्षेत्र के मोहल्ला जोगीमांदा निवासी जशन नाथ पुत्र कुलदीप नाथ तथा ग्राम लोहागढ़ बस्ती निवासी सेवानाथ पुत्र सुरेश नाथ के पास से व्यापारी राजेश टंडन से ठगी गई रकम 11,500 रुपए बरामद कर लिए हैं।

दोनों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में मेडिकल कराकर जेल भेज दिया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी गौतम राय व एएसपी सिटी भी मौजूद रहे।

एसपी के के विश्नोई ने बताया कि सोमवार को नगीना के मोहल्ला मानक चंद में लिबास सूट कार्नर के नाम से कपड़े की दुकान करने वाले व्यापारी राजेश टंडन पुत्र ओमप्रकाश टंडन ने नगीना पुलिस को तहरीर दी थी कि दो अज्ञात व्यक्ति साधु का रूप धारण कर उसकी दुकान पर आए और छलपूर्वक 11,500 रुपए की धनराशि लेकर चले गए। नगीना पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(2)के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई जोगेंद्र बैंसला, हेड कांस्टेबल सन्नीराज तोमर, कांस्टेबल अमित, विजय व लोकेश शामिल रहे।

चाय पीने के बाद महिला की संदिग्ध मौत

आज समाचार सेवा



नहटौर। थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला सराय रजब अली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गाजियाबाद के लोनी देहात स्थित चांद मुस्तफाबाद की रहने वाली जायदा नामक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जबकि उनके साथ आए दो अन्य लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका जायदा का नहटौर के मोहल्ला सराय रजब अली में 60 गज का एक पुस्तैनी मकान था। वह इसी मकान का बैनामा करने के लिए मंगलवार को नहटौर आई थीं। इस कार्य के लिए उन्होंने अपना यह मकान आसिफ हुसैन को बेचा था। जायदा के साथ उनके भाई आबिद (जो बाबू अंसारी के 38 वर्षीय बेटे हैं) और भाई के ससुर अशरफ (जो मोहम्मद अख्तर के 60 वर्षीय बेटे हैं) भी आए थे। इसके अलावा, जायदा का एक बेटा भी इसी मकान में रहता है। जब ये सभी लोग मकान पर पहुंचे, तो वहां उन्होंने चाय पी। चाय पीने के तुरंत बाद ही उन तीनों की तबीयत अचानक तेजी से बिगड़ने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जायदा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, आबिद और अशरफ की हालत बेहद गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों का शुरूआती तौर पर यही कहना है कि जहरीले पदार्थ के सेवन करने की वजह से ही इन सबकी तबीयत बिगड़ी है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने मीडिया को जानकारी दी कि मृतका जायदा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि यह पता चल सके कि चाय में कोई जहरीला पदार्थ कैसे आया और इसके पीछे क्या वजह है।

मकान का बैनामा करने आई थी महिला, दो की हालत गंभीर

मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में भव्य दीपावली मेले का आयोजन किया गया

फीता काटकर किया गया उद्घाटन

आज समाचार सेवा



किरतपुर। दीपावली के शभ अवसर पर मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में मंगलवार को इंस्टीट्यूट के विशाल प्रांगण में भव्य दीपावली मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन अमर सिंह राठौर, थाना प्रभारी निरीक्षक, किरतपुर, अखिल सिंह , अग्रणी जिला प्रबन्धक (, बिजनौर, भूपेश पुनैरा, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, बिजनौर व गौरव चैहान डायरेक्टर, शिव शक्ति ग्रामोद्योग संस्थान, बिजनौर ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मेला हमारी भारतीय परमपरा का हिस्सा है जो वर्षो से लगते चले आ रहे है मेले से आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होने मेला आयोजक श्री मौहम्मद साईम राजा अध्यक्ष मुस्लिम फण्ड बसी किरतपुर एवं उनकी टीम को और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मोहित बंसल व समस्त स्टाफ को शानदार तरीके से मेला आयोजित करने पर दिल से बधाई दी। महाविद्यालय के प्रबंन्धक मौहम्मद साईम राजा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का मकसद स्वस्थ मनोरंजन होने के साथ साथ आपसी सदभाव व भाईचारा बढ़ाना भी होता है। प्राचार्य डॉ0 मोहित बंसल ने कहा कि इस प्रकार के मेले आयोजित होते रहने चाहिए। थाना प्रभारी निरीक्षक, अमर सिंह राठौर जी ने कहा कि किरतपुर के लोग बहुत शान्ति प्रिय है यहाँ हिन्दू-मुस्लिम की डोर काफी मजबूत है। इस अवसर पर श्री मौहम्मद साईम राजा ने सभी विशिष्ट अतिथियों को शाल व बुके देकर सम्मानित किया। मेले में दजानी चाट पकौड़ी के स्टाल लगाये गये जिन पर कूपन सिस्टम द्वारा व्यंजन खरीदने वालो की भीड़ लगी रही। बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर मुस्लिम फण्ड के सेकेटरी मुंशी हसीनुद्दीन, यामीन अन्सारी, शब्बन जुनैदी आदि मौजूद रहें। मेले को सफल बनाने में डॉ0 बेगराज यादव, डॉ0 चारू बंसल, डॉ0 अनुज कुमार राजपूत, डॉ0 शमशाद हुसैन, डॉ0 अजय कुमार राणा, निखिल भटनागर, डॉ0 चित्रलेखा शर्मा, डॉ0 विवेक कुमार गुप्ता, मौहम्मद निशात, उजमा परवीन, अतहर जावेद, ईरम शाहिद, नेहा रवि, बीरेंद्र सिंह, रिजवाना खान, निशा परवीन, आशिष कुमार गौड़, मौ0 सुहैल, नेहा राजपूत, मौहम्मद जाहिद, नीति सिरोही, अलफिया परवीन, इकरा आसिफ, अब्दुल शाकिर, मौ0 शाहरजा, निजामुद्दीन, कुलदीप कुमार आदि ने पूर्ण सहयोग दिया।

नगीना में रुकने का नाम नहीं ले रही हैं चोरियां

अब खोखा काटकर हुई चोरी

आज समाचार सेवा





नगीना। पुलिस की अकर्मण्यता के कारण नगीना में हो रही ताबड़तोड़ चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।एक अक्टूबर की रात जिस खोखे में मैक्स पिकअप गाड़ी घुसी थी,अब बीती रात अज्ञात चोरों ने उक्त खोखे को पीछे से काटकर गैस सिलेंडर व बैटरा समेत करीब 15 हजार रूपए का सामान चोरी कर लिया है।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक जहांगीराबाद निवासी कुलदीप सिंह पुत्र शेर सिंह का धामपुर रोड पर रामलीला बाग के पास लोहे का खोखा है।कुलदीप अपने परिवार के साथ गांव कस्बा कोटरा में रहता है। खोखे में चाय, समोसा,चिप्स,पानी, बीड़ी सिगरेट,गुटके आदि बेचकर गुजर बसर करता है। एक अक्टूबर की रात करीब 8 बजे उसके खोखे में एक मैक्स पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी थी जिसमें कुलदीप घायल हो गया था। बीती रात अज्ञात चोरों ने खोखा काटकर गैस सिलेंडर व बैटरा समेत करीब 15 हजार रूपए का सामान चोरी कर लिया।आज सुबह जब कुलदीप अपना खोखा खोलने गया तो उसे चोरी का पता चला।उसने 112 डायल पर सूचना दी।112 डायल से पुलिस कर्मी जयपाल सिंह ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया और थाना पर सूचना दी।समाचार लिखे जाने तक थाने से कोई दरोगा मौके पर नहीं पहुंचा था और न ही पीड़ित कुलदीप सिंह द्वारा पुलिस को कोई तहरीर दी गई है।

पीएनबी ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान डबल ग्रेड से सम्मानित किया गया

निदेशक ग्रेडिंग अधिकारी आनंद कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया

आज समाचार सेवा

हल्दौर। मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के वार्षिक निरीक्षण में पीएनबी ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर (आरसेटी) के निर्धारित लक्ष्यों को सर्वाधिक उपलब्धि के साथ डबल ए ग्रेड से सम्मानित किया गया। वार्षिक निरीक्षण में बिहार राज्य के यूको बैंक भागलपुर आरसेटी के निदेशक ग्रेडिंग अधिकारी आनंद कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने संस्थान का निरीक्षण किया। गत वर्ष से सम्मानित होती आ रही ग्रेडिंग को संस्थान ने इस वर्ष भी डबल ए ग्रेड से सम्मानित होकर जिले की गरिमा को बनाए रखा है। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने वार्षिक निरीक्षण में प्रथम ग्रेड को बनाए रखने में अपनी कर्तव्यनिष्ठा,आत्मनिर्भरता व लगन से कार्यों को सुचारू रूप प्रदान किया। इस वार्षिक निरीक्षण में अग्रणी जिला प्रबंधक बिजनौर से अखिल कुमार सिंह व मुख्य चीफ सुरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। वार्षिक निरीक्षण को सफल बनाए रखने में आरसेटी सदस्यों संगीता रानी ,विकास सिंह, कार्यालय सहायक कविता पाल, अमित कुमार,आदेश पालक प्रदीप कुमार,रिक्की बागड़ी व रजनी आदि का कर्तव्यनिष्ठा से विशेष सहयोग रहा।



अकबरपुर आंवला पहुंची तीन सदस्यीय जांच टीम

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। विकासखंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायत अकबरपुर आंवला में विकास कार्यों के नाम पर वित्तीय अनियमितताओं, सरकारी धन के दुरुपयोग और घटिया निर्माण कार्यों की शिकायतों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी गांव पहुंचे और विकास कार्यों को बारीकी से देखा। ग्रामीनो ने अधिकारियो के समक्ष कई शिकायते रखी। उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग, लखनऊ के आदेश पर गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने गांव में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण के दौरान गांव की बदहाल सड़कों, जल निकासी की समस्या और सफाई व्यवस्था, स्कूलों के शौचालय में गंदगी, पंचायत घर में घटिया निर्माण कार्य की स्थिति सामने आई। ग्राम पंचायत अकबरपुर आंवला में कराए गए विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी बिजनौर को शिकायतकर्ता को जांच में शामिल करते हुए निष्पक्ष जांच कराने और आगामी 6 नवंबर 2026 तक जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा शिकायत के विभिन्न बिंदुओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। जांच समिति में अतुल कुमार, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण), विकास कुमार, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) तथा प्रवीण कुमार, अवर अभियंता को शामिल किया गया। सोमवार को टीम ग्राम पंचायत भवन अकबरपुर आंवला पहुंची और जांच प्रक्रिया शुरू की। समिति की ओर से शिकायतकर्ता डॉ. तारिक जकी, राष्ट्रीय महासचिव, वर्ल्ड एक्रेडिटेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स को भी पत्र जारी कर स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से जांच के दौरान उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया था। वहीं ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव को पंचायत से संबंधित सभी अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे।

आतिशबाजी की दुकानें लगाने के संभावित स्थलों को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया निरीक्षण

आज समाचार सेवा



नहटौर। एसएनएसएम और जेवीएम इंटर कॉलेज परिसर में दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी की दुकानें लगाने के संभावित स्थलों को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह और कस्बा इंचार्ज अशोक मलिक ने टीम के साथ कॉलेज परिसर व आसपास के मैदान का जायजा लिया। ज्ञात हो कि पिछले साल भी इसी परिसर में आतिशबाजी की दुकानें लगी थीं, लेकिन इस बार सुरक्षा को लेकर शिकायतें मिलने के बाद पुलिस ने कॉलेजों व अन्य जगहों का निरीक्षण किया है। जेवीएम इंटर कॉलेज में आतिशबाजी की दुकानें लगाने को लेकर विरोध जताया गया है तथा एसडीएम से शिकायत की गई है कि कॉलेज के आसपास अत्यधिक भीड़ रहती है, इसलिए वहां दुकानें न लगाई जाएं, जिसके बाद प्रशासन अन्य संभावित जगहों की जांच कर रहा है।

थाना अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। शिक्षण संस्थान के पास ज्वलनशील सामान की दुकानें लगाने की अनुमति देने से पहले भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा नियमों की पूरी समीक्षा की जाएगी। इलाके में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ऐसे सभी स्थानों पर लगातार नजर बनाए हुए है और इस संबंध में जल्द ही अंतिम फैसला लिया जाएगा।

आज सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

नगीना। विद्युत वितरण खंड नगीना के उपखंड अधिकारी (एसडीओ विद्युत)वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र नगीना देहात के पोषकों पर पेड़ों की कटाई छटाई के काम के कारण कल बुधवार को प्रातः11 बजे से शाम 5 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

बुढनपुर नहर में मिला 46 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव, मची सनसनी

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, शिनाख्त के प्रयास जारी

आज समाचार सेवा



स्योहारा। क्षेत्र के गांव बुढनपुर स्थित नहर में मंगलवार को करीब 46 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नहर में शव उतराता देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी परवेज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाया।थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने बताया कि नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाकर शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

शिवसेना ने किया बैठक का आयोजन

आज समाचार सेवा

बिजनौर। शिवसेना की बैठक ग्राम अजदेव खानपुर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता दीपक नाथ ने की व संचालन सुरेंद्र शर्मा ने किया। बैठक में शिवसेना जिला उप प्रमुख मुकेश लांबा ने कहा कि शिवसेना 20 प्रतिशत राजनीति और 80 प्रतिशत सामाजिक सेवा करती है। शिवसेना समय-समय पर किसान, मजदूर के हक की लड़ाई, हिन्दुत्व की रक्षा, भारतीय संस्कृति, भारत माता, गो माता आदि मुद्दों को लेकर आवाज उठाती रहती है। शिवसेना पश्चिमी राज्य उप प्रमुख पंडित नरेश शर्मा ने बताया कि ग्राम अजय देव खानपुर में दो दर्जन से अधिक ग्राम वासियों ने शिवसेना की विचारधारा से प्रभावित होकर आज की मीटिंग में शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की है।

सभी ने हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे जी के पद चिन्हों पर चलकर उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया है। शिवसेना जिला मंत्री शोभित गुर्जर ने कहा कि हमको शिवसेना को घर-घर तक पहुँचाना है और संगठन को मजबूत करना है।

इस दौरान चैधरी प्रियांशु, नोहर सिंह, सूरज यादव, राम सिंह, वीरेंद्र, सीताराम, डम्पी, अरुण कश्यप, धन सिंह, भारत सिंह, विजय, कुलदीप, मोहित आदि मौजूद रहे।

किसानों की समस्याओं पर प्रशासन और भाकियू के बीच वार्ता हुई

बिजनौर। नुमाइश ग्राउंड में 21 अक्टूबर को भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत के दौरान उठाई गई किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को विकास भवन सभागार में जिला प्रशासन और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई। अपर जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को रखा। बैठक में गुलदार के बढ़ते आतंक और किसानों की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही धान क्रय केंद्रों को जल्द से जल्द सुचारू रूप से संचालित कराने, किसानों को उपज बेचने में आ रही परेशानियों को दूर करने तथा वन विभाग द्वारा किसानों के खिलाफ दर्ज कथित फर्जी मुकदमों का मामला भी उठाया गया। स्मार्ट मीटर को लेकर प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि किसानों के घरों पर जबरन स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएंगे। वहीं नगीना तहसील क्षेत्र में किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को दीपावली से पूर्व वापस कराने का आश्वासन दिया गया। बजाज ग्रुप की चीनी मिलों का समस्त बकाया भुगतान 5 दिसंबर तक पूरा कराने का आश्वासन दिया गया। भाकियू जिलाध्यक्ष ने सभी चीनी मिलों से मोलासिस की बिक्री शुरू कराने की मांग रखी, जिस पर कार्रवाई की बात कही गई। साथ ही चीनी मिलों में गन्ने की तौल के दौरान सूखे के नाम पर किसानों से किसी भी प्रकार की अवैध कटौती और घटतौली नहीं होने देने की बात रखी गई। भाकियू ने साफ किया कि सूखे के नाम पर किसानों का आर्थिक शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसके अलावा गढ़ी गांव को चक्कर रोड से जोड़ने के लिए जल्द सड़क निर्माण शुरू कराने, चीनी मिलों को शीघ्र चालू कराने तथा वन विभाग से जुड़े मामलों में किसानों को राहत दिलाने आदि पर चर्चा हुई। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रदेश महासचिव ठाकुर रामावतार सिंह, बाबूराम तोमर, कुलदीप सिंह, अजय बालियान, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश जंगल, आशु चैधरी, संदीप त्यागी, रजनीश अहलावत, मोनू प्रधान, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, राहुल चैधरी, अरुण चैधरी, अंकुर चैधरी, नीतू और विशाल डबास आदि उपस्थित रहे।

जिला महामंत्री बनने पर सरिता सैनी का अभिनन्दन

आज समाचार सेवा

बिजनौर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला महामंत्री सरिता सैनी के आवास पर पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एकता संघ ने अभिनंदन किया और इस जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई। संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरजमल सैनी ने कहा कि सरिता सैनी को भाजपा महिला मोर्चा का जिला महामंत्री की जिम्मेदारी मिलना उनके कार्यों और पार्टी के प्रति समर्पित रहने का सम्मान है। सरिता सैनी अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर सरिता सैनी ने कहा कि पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है मैं उसका निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करूंगी और पार्टी की नीतियों सिद्धांतों और कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार करते हुए महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करूंगी। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एकता संघ के प्रदेश प्रभारी अनिल सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी बिजनौर के महामंत्री देवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

स्वदेशी मेले का फीता काटकर किया शुभारंभ

स्टॉल लगाने वाली महिलाओं और अन्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया

आज समाचार सेवा

बिजनौर। स्वदेशी भावना को बढ़ावा देने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित स्वदेशी मेले का भव्य उद्घाटन सांसद बिजनौर चंदन चैहान ने किया। पंडित विनोद गोस्वामी के शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच सांसद ने नारियल फोड़कर मेले का शुभारंभ किया।

मुजफ्फरनगर से पहुंचने में कुछ विलंब होने के बावजूद सांसद चंदन चैहान ने मेले में लगे एक-एक स्टॉल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल लगाने वाली महिलाओं और अन्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही सपरिवार दोबारा मेले में आकर खरीदारी करने का आश्वासन भी दिया। मेले में संस्कार भारती के कलाकारों ने आकर्षक लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

वहीं, सुंदर रंगोली, बंदनवार, कंडील और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं ने आयोजन की रौनक बढ़ाई।

चेयरमैन अनिल सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में मेले का भ्रमण किया और विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। कुछ स्टॉल संचालक सरस मेले में प्रतिभाग करने के लिए मुरादाबाद गए होने के कारण नहीं पहुंच सके, इसके बावजूद मेले में अच्छी खासी रौनक देखने को मिली।

जीबीयू में कोरियाई बौद्ध भिक्षु हिडाल का अकादमिक व्याख्यान सम्पन्न



विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानादित्य शाक्य ने स्वागत भाषण में भिक्षु हिडाल का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म ने भारत और कोरिया के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है।

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) के महात्मा ज्योतिबा फुले ध्यान केन्द्र में आज दक्षिण कोरिया से पधारे बौद्ध विद्वान भिक्षु हिडाल का अकादमिक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता संकाय, जीबीयू तथा वाया इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. मनीष मेश्राम एवं डॉ. ज्ञानादित्य शाक्य के समन्वयन में हुआ।

व्याख्यान का विषय था – 'भारत-कोरिया धम्म संवादः एक धम्म, दो भूमि – ध्यान और विपस्सना के माध्यम से भारत-कोरिया के बौद्ध सम्बन्ध '। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा बुद्ध-प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण एवं दीप-प्रज्वलन से हुआ। संकाय के विद्यार्थियों ने बुद्ध-वन्दना एवं मंगल-पाठ प्रस्तुत किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानादित्य शाक्य ने स्वागत भाषण में भिक्षु हिडाल का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म ने भारत और कोरिया के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। मुख्य वक्ता भिक्षु हिडाल ने कहा कि व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में – चाहे कोरोना जैसी महामारी हो या दैनिक जीवन की सामान्य परेशानियाँ – ध्यान कर सकता है। उन्होंने बताया कि ध्यान एवं विपस्सना के नियमित अभ्यास से चित्त की सजगता और एकाग्रता बढ़ती है, जिससे जीवन में सुख और शान्ति आती है। व्याख्यान के बाद उन्होंने प्रतिभागियों को कोरियाई पद्धति से ध्यान का अभ्यास भी कराया। विशिष्ट अतिथि कोरियाई भिक्षु इरम ने भिक्षु सोंगचोल द्वारा रचित पुस्तक की उपादेयता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ध्यान एवं विपस्सना को मानव जीवन के तनाव को दूर कर वास्तविक सुख-शान्ति पाने का महत्वपूर्ण साधन बताया और इसके दैनिक अभ्यास पर बल दिया।

बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता संकाय की पूर्व अधिष्ठाता प्रो. श्वेता आनन्द ने आज के समय में ध्यान एवं विपस्सना की आवश्यकता पर ज़ोर दिया और आयोजन की सफलता के लिए समन्वयकों को बधाई दी।

इस अवसर पर समन्वयकों ने भिक्षु हिडाल एवं भिक्षु इरम को जीबीयू का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. चिन्ताला वेंकटा सिवासाई, डॉ. प्रियदर्शिनी मित्रा, डॉ. सोभाराम, डॉ. सिद्दरामू बी. तथा संकाय के विद्यार्थियों ने दक्षिण कोरिया से आए 22 से अधिक अतिथियों का खादा (पारम्परिक दुपट्टा) पहनाकर स्वागत किया।

अन्त में समन्वयक डॉ. मनीष मेश्राम ने धन्यवाद-ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा महात्मा ज्योतिबा फुले ध्यान केन्द्र द्वारा संचालित विविध गतिविधियों एवं पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने भिक्षु हिडाल, कुलपति प्रो. राणा प्रताप सिंह, अधिष्ठाता प्रो. राजीव वार्ष्णेय, पूर्व अधिष्ठाता प्रो. श्वेता आनन्द, विभागाध्यक्ष डॉ. शाक्य, श्री देवेश तिवारी, सुश्री कविता, श्री नवनीत सिंह, संकाय सदस्यों एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अनेक संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

100 छात्राओं को बांटी खेल सामग्री, खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। दीपावली के अवसर पर संकल्प संस्था की ओर से दादरी के चिटहेरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 100 छात्राओं को निशुल्क खेल सामग्री वितरित की गई। योनेक्स सनराइज के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को बैडमिंटन रैकेट, शटल कॉक, स्पोर्ट्स शूज, ट्रैक सूट और बैडमिंटन नेट समेत अन्य सामग्री दी गई। संस्था की ओर से यह पहल सनराइज डोनेशन ड्राइव के तहत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी दादरी चंद्रभूषण सिंह ने की। मुख्य अतिथि योनेक्स सनराइज की सीएफओ योगिता कौशिक ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक खेल जरूर शामिल करना चाहिए। इससे शारीरिक और मानसिक विकास होता है। संकल्प संस्था के सह-संस्थापक अमित नागर ने बताया कि संस्था जल्द ही योनेक्स सनराइज के सहयोग से जिले के 40 परिषदीय विद्यालयों में भी खेल सामग्री वितरित करेगी। इस दौरान योनेक्स सनराइज की वरिष्ठ अधिकारी पायल सिंघल, संदीप भड़ाना, विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम पाल, विजयपाल शर्मा, हनी, शाएब और धर्मेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

विधायक पंकज सिंह व जिलाध्यक्ष महेश चौहान से किसान मोर्चा की नवगठित टीम का परिचय

आज समाचार सेवा

नोएडा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, नोएडा महानगर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री मुक्तानंद शर्मा जी ने आज अपनी नवगठित जिला टीम के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ माननीय विधायक श्री पंकज सिंह जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान जी से शिष्टाचार भेंट की तथा पूरी टीम का उनसे परिचय कराया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री श्री ओमवीर अवाना जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जो पूर्व में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष का दायित्व निभा चुके हैं। उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन में नवगठित जिला टीम ने दोनों वरिष्ठ नेताओं का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। माननीय विधायक श्री पंकज सिंह जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान जी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित त्यागी और जिला महामंत्री चन्दगी राम यादव इनके अतिरिक्त भाजपा किसान मोर्चा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री पप्पू प्रधान एवं श्री



चरण सिंह प्रधान, जिला उपाध्यक्ष श्री अंकित कौशिक, श्री ठाकुर अवधेश सिंह, श्री दिनेश चौहान, श्री विष्णु शर्मा, श्री दुर्वेश तंवर एवं श्री नरेंद्र चौहान, जिला महामंत्री श्री प्रवेश कुमार चौहान, श्री इंद्राज खटाना एवं श्री अनिल मास्टर, जिला मंत्री श्री विजय अवाना, श्री जयप्रकाश ठाकुर, श्री सौरभ चौहान, श्री कुलदीप यादव, श्री मोमराज एवं श्री प्रदीप शर्मा, जिला मीडिया संयोजक श्री विनय द्विवेदी, जिला सह मीडिया संयोजक श्री प्रमोद शर्मा एवं श्री रवि यादव, जिला कार्यालय मंत्री श्री सौरव बैसल्या, जिला सह कार्यालय मंत्री श्री प्रदीप शर्मा एवं श्री बल्लू यादव, जिला सोशल मीडिया संयोजक श्री गोविन्द सिंह कोरंगा, जिला सोशल मीडिया सह संयोजक श्री पवन शर्मा एवं श्री हर्ष मिश्रा, जिला आईटी संयोजक श्री अभिषेक मिश्रा, जिला आईटी सह संयोजक श्री विकास शर्मा एवं श्री भगवत शर्मा, जिला शोध प्रमुख श्री सुभाष वाल्मीकि तथा जिला सह शोध प्रमुख श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एवं श्री अंकित नागर सहित नवगठित जिला टीम के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री मुक्तानंद शर्मा जी ने सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की नवगठित जिला टीम संगठन की मजबूती, किसानों के हितों की रक्षा एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी एकजुटता और समर्पण के साथ कार्य करेगी।

एक नज़र

स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की छटा

ग्रेटर नोएडा। रामाज्ञा स्कूल में मंगलवार को वार्षिक उत्सव एवं उमंग दिवाली मेला बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि करण्डन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक प्रवीण भारतीय व संस्थापक सदस्य आलोक नागर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्या श्रेष्ठता त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसके माध्यम से पटाखे न जलाने और पर्यावरण संरक्षण के साथ प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया गया।मेले में खानपान, खेलकूद एवं खरीदारी के आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए, जिनका अभिभावकों और बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण व अभिभावक उपस्थित रहे।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

ग्रेटर नोएडा। रोटरी क्लब ने मंगलवार को इंडिया आई इंस्टीट्यूट के सहयोग से एक सफल निःशुल्क नेत्र जांच एवं आयुष्मान कार्ड सहायता शिविर पूर्वांचल सिल्वर सिटी व पूर्वांचल हाइट सोसाइटी में आयोजित किया। इस शिविर में 110 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई तथा 22 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान भारत कार्ड बनवाए गए, जिनके माध्यम से प्रत्येक कार्डधारक को 5 लाख तक के स्वास्थ्य उपचार का लाभ मिल सकता है। इस मौके पर मोहित बंसल, शुभम सिंघल, कपिल गर्ग, हर्ष गुप्ता, प्रमोद खनीजो आदि उपस्थित रहे।

सशक्त महिला उद्यमी संगठन की पहलः महिला उद्यमियों को मिला निःशुल्क मंच- संस्थापक डॉ. खुशबू सिंह

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उनके हुनर को पहचान दिलाने के उद्देश्य से सशक्त महिला उद्यमी संगठन की ओर से मंगलवार को विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दृढ़ह्रूयूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सभी महिला उद्यमियों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए गए, ताकि वे बिना किसी अतिरिक्त खर्च के अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री कर सकें।

सशक्त महिला उद्यमी संगठन की संस्थापक डॉ. खुशबू सिंह ने टेन न्यूज नेटवर्क से बातचीत में बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक मंच पर लाना और उन्हें रोजगार एवं व्यवसाय को आगे बढ़ाने के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान बाजारों में स्टॉल लगाने के लिए पांच से दस हजार रुपये तक शुल्क लिया जाता है, जबकि संगठन



की ओर से सभी महिला उद्यमियों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए गए हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाएं अपने व्यवसाय से होने वाली पूरी कमाई अपने पास रख सकें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण तभी संभव है, जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। प्रदर्शनी में शामिल आर्ट पैलेट स्टूडियो की संस्थापक भारती ने बताया कि वह डॉट मंडला आर्ट और हस्तनिर्मित पेंटिंग तैयार करती हैं। उन्होंने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान उनकी मुलाकात डॉ. खुशबू सिंह से हुई थी। संगठन से जुड़ने के बाद उन्हें अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार और व्यवसाय को आगे बढ़ाने के नए अवसर मिले हैं। वहीं, नेहा क्राफ्ट स्टूडियो की संचालक ने बताया कि वह फ्रिज मैग्नेट, की-चेन और होम डेकोर से जुड़े उत्पाद तैयार करती हैं। संगठन की पहल से उन्हें भी निःशुल्क स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। बेकिंग व्यवसाय से जुड़ी ऋतु चैन ने बताया कि वह पिछले दस वर्षों से इस क्षेत्र में काम कर रही हैं। वह विशेष रूप से ग्लूटेन फ्री और होल व्हीट उत्पाद तैयार करती हैं। उन्होंने संगठन की ओर से निःशुल्क स्टॉल के साथ बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की सराहना की। वहीं, मैरिया सेन ने बताया कि वह घर पर ड्राई फ्रूट्स, खजूर और गुड़ से हेल्दी लड्डू तैयार करती हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें अपने उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने और उनकी बिक्री करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में शामिल अन्य महिला उद्यमियों ने भी संगठन की इस पहल की सराहना की। एक महिला उद्यमी ने बताया कि संगठन से जुड़ने के बाद उनके काम को पहचान और प्रचार मिला है। साथ ही, नए ग्राहक जुड़े हैं और अलग-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाने के अवसर भी प्राप्त हुए हैं। वहीं, एक अन्य प्रतिभागी ने कहा कि घर से काम करने वाली कई महिलाओं के पास हुनर और बेहतर उत्पाद होते हैं, लेकिन उचित मंच और पहचान के अभाव में वे अपने व्यवसाय को आगे नहीं बढ़ा पातीं। ऐसे में सशक्त महिला उद्यमी संगठन उनके लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम कर रहा है। डॉ. खुशबू सिंह ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल प्रदर्शनी आयोजित करना नहीं, बल्कि महिलाओं को लंबे समय तक आर्थिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। इसके लिए संगठन के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं, प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार और व्यवसाय से जुड़े विभिन्न अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अन्य महिलाओं से भी संगठन से जुड़ने और अपने हुनर को व्यवसाय के रूप में विकसित कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की।

सेक्टर-73 में बैंक्वेट हॉल में लगी भीषण आग, आसपास मचा हड़कंप



आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-73 स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भीषण आग लगने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। घटना सेक्टर-113 थाना क्षेत्र की है।

बैंक्वेट हॉल में लगी आग के कारण आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। फिलहाल आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना में किसी के घायल होने या अन्य नुकसान की जानकारी भी अभी सामने नहीं आई है।आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के लिए कार्रवाई शुरू की। आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के लोगों में दहशत का माहौल रहा। फिलहाल दमकल विभाग की ओर से आग पर पूरी तरह काबू पाने की पुष्टि नहीं हुई है। यह घटना नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र में स्थित सेक्टर-73 की है। बैंक्वेट हॉल में आग किन परिस्थितियों में लगी, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। आग से हुए नुकसान का आकलन भी फिलहाल नहीं हो सका है। आग बुझाने की कार्रवाई पूरी होने और संबंधित अधिकारियों की जानकारी मिलने के बाद घटना की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

राष्ट्रीय टूथब्रशिंग दिवस पर शारदा विश्वविद्यालय की पहल

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। राष्ट्रीय टूथब्रशिंग दिवस के अवसर पर शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से नोएडा के सेक्टर-45 स्थित सेतु शिक्षा ज्योति केंद्र, बालगिरी मंदिर रोड पर सामुदायिक मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को दांतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही तरीके से ब्रश करने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मौखिक स्वच्छता बनाए रखने, ब्रश करने की सही तकनीक, दिन में दो बार ब्रश करने की आवश्यकता तथा दांतों में सड़न (डेंटल कैरीज़) और मसूड़ों से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। इंटरैक्टिव डेमोंस्ट्रेशन और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को



दैनिक जीवन में दांतों की स्वच्छता से जुड़ी अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज के डीन डॉ. हेमंत साहनी ने इस पहल की सराहना करते हुए सामुदायिक स्तर पर दंत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बचपन में मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना जीवनभर स्वस्थ आदतें अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के जनसंपर्क और जागरूकता कार्यक्रम निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक मौखिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुंचाने के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। वहीं, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति शर्मा ने प्रारंभिक अवस्था में मौखिक स्वास्थ्य शिक्षा और निवारक दंत चिकित्सा के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को ब्रश करने की सही तकनीक सिखाने और नियमित रूप से दांतों की सफाई के लिए प्रोत्साहित करने से दांतों एवं मसूड़ों से जुड़ी कई रोकथाम योग्य बीमारियों का जोखिम काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल और प्रभावशाली बनाने में संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की भी सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. निष्ठा, डॉ. साक्षी और डॉ. फैसल ने किया। इस दौरान बीडीएस इंटर्न प्राची, श्रावणी, शाइस्ता और अजय के साथ तृतीय वर्ष के बीडीएस विद्यार्थियों तुषार, तिशा, ज़ोया, सोमेशा और तान्या ने सक्रिय भागीदारी निभाई। टीम ने बच्चों को मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से ब्रश करने का सही तरीका समझाया। इससे बच्चों के लिए सीखने का अनुभव रोचक, ज्ञानवर्धक और संवादात्मक बना।

दीपावली से पहले नोएडा-ग्रेटर नोएडा में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 360 किलो रसगुल्ले नष्ट

आज समाचार सेवा

नोएडा। दीपावली से पहले मिठाइयों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जांच अभियान तेज कर दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर विभाग की अलग-अलग टीमों ने मिठाई निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान रसगुल्लों में मक्खी-मच्छर और गंदगी मिलने पर करीब 360 किलोग्राम मिठाई नष्ट कराई गई, जबकि 9 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे गए।

जांच के दौरान जोधपुरवाला की मिठाई निर्माणशाला से केसर चमचम और लड्डू के नमूने लिए गए। वहीं, ग्रेटर नोएडा के देवला गांव में सोनू पाल की रसगुल्ला निर्माण इकाई से दूध, छेना और रसगुल्लों के नमूने एकत्र किए गए। यहां लगभग 300 किलोग्राम रसगुल्लों में मक्खी-मच्छर पाए गए, जिसके बाद पूरी



खेप नष्ट करा दी गई। इसके अलावा दादरी के तिलपता कर्णवास स्थित मुलायम सिंह की मिठाई निर्माणशाला से बूंदी के लड्डू और रसगुल्लों के नमूने लिए गए।

दूसरी ओर, दनकौर के गढ़ी बावन बीघा स्थित कृष्णा स्वीट भंडार में भी जांच के दौरान करीब 60 किलोग्राम छेना रसगुल्ले दूषित पाए गए। इनमें मक्खी-मच्छर मिलने पर विभाग ने उन्हें भी नष्ट करा दिया। यहां से छेना रसगुल्ले और डोडा बर्फी के नमूने लिए गए। इस तरह देवला और दनकौर में कुल 360 किलोग्राम रसगुल्ले नष्ट कराए गए।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि मिठाई कारोबारियों को लाइसेंसधारी या पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से ही खाद्य सामग्री खरीदने और बिल सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्माण तिथि और बैच नंबर की जांच करने को कहा गया है। खाद्य पदार्थों के नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दीपावली तक जिले में जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि बाजार में दूषित और असुरक्षित मिठाइयों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

गौतमबुद्ध नगर पुलिस में नेतृत्व परिवर्तनः संकल्प शर्मा संभालेंगे कानून-व्यवस्था की कमान



संकल्प शर्मा के सामने अब गौतमबुद्धनगर के विस्तृत शहरी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी।

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव करते हुए शासन ने आईपीएस संकल्प शर्मा को नोएडा का नया संयुक्त पुलिस आयुक्त नियुक्त किया है। 31 अक्टूबर 2026 को अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) एवं डीआईजी राजीव नारायण मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद यह नियुक्ति की गई है। संकल्प शर्मा इससे पहले कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरी में संयुक्त पुलिस आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। उनकी नई तैनाती के साथ नोएडा पुलिस कमिश्नरी में नेतृत्व की जिम्मेदारी नए अधिकारी को सौंप दी गई है।

वर्ष 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी संकल्प शर्मा पहले भी गौतमबुद्धनगर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2020 में उन्होंने नोएडा में पुलिस उपायुक्त (DCP) के रूप में काम किया था। ऐसे में जिले की पुलिस व्यवस्था, प्रमुख क्षेत्रों और स्थानीय परिस्थितियों से उनका पुराना परिचय है। इस अनुभव के आधार पर उनकी वापसी को पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में लगातार बढ़ती आबादी, औद्योगिक गतिविधियों और आवासीय क्षेत्रों के विस्तार के साथ पुलिस के सामने सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, संगठित आपराधिक गतिविधियों, यातायात प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे मुद्दे पुलिस प्रशासन के लिए प्रमुख चुनौती बने हुए हैं। ऐसे में संयुक्त पुलिस आयुक्त के पद पर संकल्प शर्मा की नियुक्ति के बाद इन व्यवस्थाओं को लेकर नई रणनीति और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर नजर रहेगी।

वहीं, राजीव नारायण मिश्रा ने 31 अक्टूबर 2026 को अपने लंबे पुलिस सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्ति ली। वह गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में कानून-व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद खाली हुए पद पर अब संकल्प शर्मा को नियुक्त किया गया है। इस बदलाव के साथ कमिश्नरेट के वरिष्ठ नेतृत्व में भी नया अध्याय शुरू हुआ है।इसी प्रशासनिक फेरबदल के तहत आईपीएस संतोष कुमार मिश्रा को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। वह अब तक जालौन में पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर तैनात थे। शासन ने उनका स्थानांतरण करते हुए उन्हें कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरी में संयुक्त पुलिस आयुक्त नियुक्त किया है। इससे पहले इस पद पर संकल्प शर्मा कार्यरत थे। इस तरह दोनों अधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया है।

संकल्प शर्मा के सामने अब गौतमबुद्धनगर के विस्तृत शहरी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी। खासतौर पर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और दादरी जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना उनकी प्रमुख प्रशासनिक प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।।

सेंट्रल नोएडा में हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी में लापरवाही पर मुख्य आरक्षी निलंबित, डीसीपी ने विभागीय जांच के दिए आदेश



गौतमबुद्धनगर में हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी में लापरवाही बरतने पर डीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने बीट मुख्य आरक्षी संजीव कुमार को निलंबित कर दिया।

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर में हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर निगरानी रखने में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। सोमवार को डीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने थाना फेस-3 क्षेत्र में तैनात बीट मुख्य आरक्षी संजीव कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मुख्य आरक्षी पर आरोप है कि वह अपने क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर निर्धारित जिम्मेदारी के अनुसार नजर नहीं रख रहे थे। पुलिस अधिकारियों की जांच में ड्यूटी के प्रति लापरवाही सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। डीसीपी ने संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू करा दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी कानून व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे में निगरानी में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मुख्य आरक्षी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।डीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीण रंजन सिंह के मुताबिक, थाना फेस-3 क्षेत्र में बीट मुख्य आरक्षी संजीव कुमार को हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्हें अपने निर्धारित क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों की गतिविधियों की निगरानी करनी थी, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड पुलिस के पास दर्ज है। इस जिम्मेदारी के तहत क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखना और जरूरी जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना महत्वपूर्ण होता है। हालांकि, जांच के दौरान सामने आया कि मुख्य आरक्षी संजीव कुमार अपने क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी ठीक से नहीं कर रहे थे। अधिकारियों ने इसे ड्यूटी के प्रति लापरवाही माना। इसके बाद डीसीपी ने संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया।हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी में लापरवाही सामने आने के बाद डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने सोमवार को बीट मुख्य आरक्षी संजीव कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। डीसीपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि जांच में पुलिसकर्मी की ओर से जिम्मेदारी का सही तरीके से निर्वहन नहीं किए जाने की बात सामने आई थी। इसी आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। पुलिस विभाग में बीट स्तर पर तैनात कर्मचारियों को अपने क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी जाती है। विशेष रूप से हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी अपराध नियंत्रण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मी के कामकाज की जांच के बाद निलंबन का आदेश जारी किया गया है।

निलंबन के साथ ही मुख्य आरक्षी संजीव कुमार के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। डीसीपी के मुताबिक, पुलिसकर्मी की ड्यूटी में लापरवाही सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। विभागीय जांच के दौरान संबंधित जिम्मेदारियों और उनके निर्वहन में हुई कमियों की पड़ताल की जाएगी। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई तय होगी। फिलहाल मुख्य आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। यह मामला गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट के सेंट्रल नोएडा जोन के थाना फेस-3 क्षेत्र से जुड़ा है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी में निगरानी में लापरवाही को कार्रवाई का प्रमुख कारण बताया गया है।